www.mpinfo.org/rojgar | www.mpmadhyam.in

डाक पंजीयन क्र. ई-2/भो.स./186/2018-2020
लाइसेंस क्र. टेक/WPP/21-1/2018-20
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

वर्ष-37, अंक-21, मूल्य ₹10.00

रोज़गार और निर्माण

http://www.rojgaraurnirman.in

प्रति सोमवार को प्रकाशित, भोपाल, 25.05.2020 से 31.05.2020

श्रम सिद्धि अभियान

मजदूरों के जॉब कार्ड बनवाकर उन्हें काम दिलाया जायेगा

मध्यप्रदेश में हर व्यक्ति को उसकी योग्यतानुसार कार्य उपलब्ध होगा



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में 'श्रम सिद्धि अभियान' का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शुभारंभ करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश की भूमि पर कोई भी व्यक्ति चाहे वह किसी भी प्रांत का हो, भूखा नहीं सोयेगा। हर व्यक्ति को उसकी योग्यता के अनुसार कार्य दिलाया जायेगा। प्रदेश में श्रम सिद्धि अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के ऐसे मजदूर जिनके जॉब कार्ड नहीं हैं, उनके जॉब कार्ड बनवाये जायेंगे। प्रत्येक मजदूर को काम दिलाया जायेगा। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश की प्रत्येक पंचायत में 'श्रम सिद्धि अभियान' की शुरुआत करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने कुछ ग्राम पंचायतों के सरपंचों और मजदूरों से बात की और इस अभियान की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि कोरोना संकट के दौरान शासन द्वारा निरंतर प्रदेश के मजदूरों, किसानों, गरीबों आदि की निरंतर सहायता की गई। मजदूरों को उनके खातों में राशि भिजवाई गई, बच्चों को छात्रवृत्ति की राशि, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के हितग्राहियों को दो माह की अग्रिम पेंशन, सहरिया, बैगा और भारिया जनजाति की बहनों को राशि, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों, मध्यान्ह भोजन के रसोइयों आदि को राशि उनके खातों में अंतरित की गई। किसानों को फसल बीमा की राशि, शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण तथा गेहूँ उपार्जन की राशि उनके खातों में भिजवाई गई।

मजदूरों और गरीबों की सहायता

श्री चौहान ने कहा कि मुझे मजदूरों, गरीबों, किसानों में भगवान दिखाई देते हैं। इनकी सेवा मेरे लिए भगवान की सेवा है। हमने विभिन्न प्रदेशों में फंसे हुए हमारे मजदूरों को प्रदेश लाने के साथ ही अन्य प्रदेशों के मध्यप्रदेश में आए तथा यहां से गुजरने वाले मजदूरों की भी पूरी सहायता की। मजदूरों को गंतव्य तक पहुंचाया, उनके लिए भोजन आदि की व्यवस्था प्रदेश में समुचित रूप से की गई। बॉर्डर पर प्रतिदिन एक हजार बसें मजदूरों के लिए लगाई गई हैं। भारत सरकार की सहायता से श्रमिक स्पेशल ट्रेनों से भी बड़ी संख्या में मजदूर वापस आए हैं।

अपने गांव को कोरोना से सुरक्षित रखें

मुख्यमंत्री ने सरपंचों से कहा कि वे अपने गांव को कोरोना से सुरक्षित रखें। यह आपकी जिम्मेवारी है। ग्राम पंचायत में सभी मास्क लगाएं, एक-दूसरे के बीच कम से कम दो गज की दूरी रखें, बार-बार हाथ धोयें, स्वच्छता रखें तथा कहीं भी भीड़ न लगायें। बाहर से आए मजदूरों के साथ मानवीयता का व्यवहार करें। उनका अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य परीक्षण हो तथा 14 दिन के लिए उन्हें क्वारेंटाइन में रखा जाए।

सरपंच शब्द का अर्थ बताया

श्री चौहान ने कहा कि सरपंच गांवों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सरपंच शब्द का अर्थ बताते हुए कहा कि सरपंच शब्द में 'स' का अर्थ है समानदर्शी, 'र' का अर्थ है रत्न, 'प' का अर्थ है परिश्रमी तथा 'च' का अर्थ है चौकीदार। सरपंच समानदर्शी होते हैं, रत्न के समान होते हैं, परिश्रमी होते हैं तथा वे ग्राम की सुरक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

पांच माह का निःशुल्क राशन

मुख्यमंत्री ने सरपंचों को बताया कि शासन द्वारा प्रत्येक ग्राम में पहले तीन माह का उचित मूल्य राशन प्रदाय किया गया था। अब दो माह का निःशुल्क राशन प्रदान किया गया है। यह राशन, राशन कार्डधारियों के अलावा उन्हें भी दिया जा रहा है जिनके पास राशन कार्ड नहीं हैं। सरपंच यह सुनिश्चित करें कि पात्र व्यक्तियों तक राशन पहुंच जाए।

मनरेगा में 21 लाख से अधिक मजदूरों को रोज़गार

अपर मुख्य सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्री मनोज श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश की 22 हजार 809 ग्राम पंचायतों में से 22 हजार 695 में मनरेगा के कार्य चल रहे हैं। इन कार्यों में अभी तक 21 लाख एक हजार 600 मजदूरों को रोज़गार दिया गया है, जो कि गत वर्ष की तुलना में लगभग दोगुना है।

श्रम सिद्धि अभियान में सबको काम

श्री चौहान ने बताया कि श्रम सिद्धि अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में हर व्यक्ति को कार्य दिया जाएगा। इसके लिए घर-घर सर्वे किया जाएगा तथा जिनके पास जॉब कार्ड नहीं हैं, उनके जॉब कार्ड बनाकर दिए जाएंगे। जो मजदूर अकुशल होंगे उन्हें मनरेगा में कार्य दिलाया जाएगा तथा कुशल मजदूरों को उनकी योग्यता के अनुसार काम दिलाया जाएगा।

प्रवासी मजदूरों को भी संबल योजना से जोड़ा जाएगा

मुख्यमंत्री ने बताया कि शासन ने संबल योजना को पुनः प्रारंभ किया है। अब हम प्रवासी मजदूरों को भी इस योजना से जोड़ रहे हैं। यह योजना गरीबों के लिए वरदान है। इसके अंतर्गत गरीबों के बच्चों की फीस, बच्चे के जन्म और उसके पश्चात माँ को 16 हजार रुपये की राशि, बच्ची के विवाह की व्यवस्था, सामान्य मृत्यु पर 2 लाख, दुर्घटना में मृत्यु पर 4 लाख तथा अंतिम संस्कार के लिए 5 हजार रुपये प्रदाय किये जाते हैं।

अच्छा कार्य करने वाली पंचायतों को पुरस्कार

श्री चौहान ने सरंपचों से कहा कि वे अपने क्षेत्रों में गांव की आवश्यकता के अनुरूप अच्छा एवं गुणवत्तायुक्त कार्य करवाएं। अच्छा कार्य करने वाली ग्राम पंचायतों को दो लाख रुपये का प्रथम, एक लाख रुपये का द्वितीय तथा 50 हजार रुपये का तृतीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। यह पुरस्कार सबसे ज्यादा जॉब कार्ड बनवाने, सबसे ज्यादा मजदूरों को काम पर लगवाने, सबसे ज्यादा कार्य प्रारंभ करवाने, सबसे ज्यादा स्थाई महत्व की संरचनाएं बनवाने तथा श्रेष्ठ गुणवत्ता के कार्यों के लिये दिए जाएंगे।

मिलकर काम करेंगे, प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाएंगे

मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों की ग्राम पंचायतों के सरपंचों और श्रमिकों से बात की तथा उन्हें श्रम सिद्धि अभियान के बारे में जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सरपंचों और श्रमिकों से कहा कि प्रदेश में हर व्यक्ति को काम मिलेगा, सब मिलकर काम करेंगे और प्रदेश को आत्मनिर्भर बनायेंगे।

प्रधानमंत्री की आत्मनिर्भर भारत योजना को प्रदेश में लागू करें

भोपाल, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बनाई गई आत्मनिर्भर भारत योजना को प्रदेश में तत्परता से लागू कर मध्यप्रदेश को आत्मनिर्भर बनाया जाए। मध्यप्रदेश में उद्योगों के क्षेत्र में तेज गति से विकास के लिए रोडमैप तैयार किया जाए। हमारा उद्देश्य प्रदेश के विकास के साथ-साथ बड़ी संख्या में लोगों को रोज़गार देना तथा प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाना है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में आत्मनिर्भर भारत योजना के संबंध में उद्योग एवं संबंधित विभागों की बैठक में कहीं।

इंदौर, भोपाल इंडस्ट्रियल कॉरीडोर को करें विकसित

श्री चौहान ने कहा कि इंदौर, भोपाल इंडस्ट्रियल कॉरीडोर को विकसित करने में पूरी ताकत लगाई जाए। प्रदेश में इंडस्ट्रियल टाउनशिप भी विकसित की जाएं। औद्योगिक अधोसंरचना का अधिक से अधिक विकास किया जाए।

प्रदेश में चार टैक्सटाइल पार्क प्रस्तावित

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में चार टैक्सटाइल पार्क प्रस्तावित हैं। बुधीवरलाई इंदौर में 45 करोड़ रुपये की लागत से, अचारपुरा भोपाल में 49.08 करोड़ रुपये की लागत से, लहगादुआ छिंदवाड़ा में 34.24 करोड़ रुपये की लागत से तथा जावरा रतलाम में 41.18 करोड़ रुपये की लागत से टैक्सटाइल पार्क प्रस्तावित हैं। इसके अलावा मुहासा बावई में 158 करोड़ रुपये की लागत से फार्मास्युटिकल पार्क प्रस्तावित है।

इंदौर, भोपाल और जबलपुर की एयर कनेक्टिविटी बढ़ाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योगों के विकास के लिए यह आवश्यक है कि मध्यप्रदेश में एयर कनेक्टिविटी बढ़ाई जाए। सबसे पहले इंदौर, भोपाल एवं जबलपुर की एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए कार्य करें। मुख्य सचिव श्री इकबाल सिंह बैंस ने बताया कि अभी प्रदेश में हवाई जहाजों की मरम्मत की सुविधा उपलब्ध नहीं है। उन्हें ठीक कराने के लिए बाहर भेजा जाता है। मध्यप्रदेश में 'इंटीग्रेटेड एयरोस्पेस एण्ड डिफेंस इंडस्ट्रियल पार्क' बनाए जाने की दिशा में कार्य किया जाए।

मिनरल एवं गैस के क्षेत्र में मध्यप्रदेश में अपार संभावनाएं

श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में मिनरल एवं गैस के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं परंतु अभी तक उनका समुचित दोहन नहीं किया गया। इस संबंध में कार्ययोजना बनाकर कार्यवाही की जाए। मध्यप्रदेश में कोयला एवं वॉक्साइट के प्रचुर मात्रा में भंडार हैं। निवेशकों को इस क्षेत्र में आमंत्रित किया जा सकता है।

ऊर्जा क्षेत्र विकसित किया जाए

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में ऊर्जा क्षेत्र विकसित किए जाने के भी निर्देश दिए। ऊर्जा क्षेत्र में आने वाले निवेशकों के लिए राज्य में स्पेशल क्लीयरेंस सिस्टम भी बनाया जाए। बताया गया कि 'वेनेडियम' एक ऐसा तत्व है जो ऊर्जा को अधिक समय तक संग्रहित रख सकता है तथा इसका इस्तेमाल किया जा सकता है।

प्रदेश में रहेंगे अब दो जोन रेड एवं ग्रीन - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने दूरदर्शन के माध्यम से मध्यप्रदेश की जनता को संबोधित करते हुए कहा है कि हमारे यशस्वी, युगदृष्टा एवं दूरदर्शी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने समय रहते ही कोरोना संकट को पहचाना, उसकी गहराई समझी तथा उससे बचने की पुख्ता रणनीति बनाकर लागू की, जिसके चलते हम कोरोना संकट को नियंत्रित कर पाने में सफल हुए हैं। मध्यप्रदेश में काफी हद तक कोरोना पर नियंत्रण पा लिया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में लॉकडाउन-4 अलग ढंग एवं अलग स्वरूप में होगा। हमें जान के साथ जहान भी बचाना है। इसके स्वरूप के संबंध में मध्यप्रदेश की जनता, सभी वर्ग, जिलों के क्राइसिस मैनेजमेंट समूहों से प्राप्त सुझावों के अनुसार निर्णय लिया गया है। प्रदेश में लॉकडाउन-4 के अंतर्गत सभी जिलों को दो जोन रेड एवं ग्रीन में बांटा गया है। सभी संक्रमित क्षेत्रों में विशेष प्रतिबंध जारी रहेंगे।

रेड एवं ग्रीन जोन

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे प्रदेश को दो जोन रेड एवं ग्रीन में बांटा गया है। रेड जोन के अंतर्गत इंदौर, उज्जैन जिले का संपूर्ण क्षेत्र, भोपाल, बुरहानपुर, जबलपुर, खण्डवा एवं देवास के नगर पालिक निगम तथा मंदसौर, नीमच, धार और कुक्षी के नगर पालिका क्षेत्र होंगे। प्रदेश के शेष सभी जिले ग्रीन जोन में रखे गए हैं। एक सप्ताह तक यहाँ बाजार बंद रहेंगे तथा इसके बाद समीक्षा कर निर्णय लिया जाएगा।

कन्टेनमेंट क्षेत्रों में विशेष प्रतिबंध जारी रहेंगे

मुख्यमंत्री ने कहा कि लॉकडाउन-4 के दौरान सभी कन्टेनमेंट क्षेत्रों में विशेष प्रतिबंध जारी रहेंगे तथा केवल अत्यावश्यक गतिविधियों की अनुमति होगी। इस जोन के भीतर और बाहर लोगों का आना-जाना प्रतिबंधित रहेगा, केवल मेडिकल इमरजेंसी और आवश्यक वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति की जा सकेगी। कन्टेनमेंट एरिया में उद्योग संचालित नहीं होंगे परंतु इनके बाहर सभी स्थानों पर उद्योग संचालित किये जा सकेंगे।

सभी जोनों में प्रतिबंधित गतिविधियां

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बताया कि सभी जोनों में स्कूल, कॉलेज, कोचिंग, प्रशिक्षण संस्थान, होटल, रेस्टोरेंट, हॉस्पिटेलिटी सेवाएं, सिनेमा हॉल, शॉपिंग मॉल, जिम, स्वीमिंग पूल, मनोरंजन पार्क, थियेटर्स, बार, ऑडिटोरियम प्रतिबंधित रहेंगे। सभी जोनों में सामुदायिक कार्यक्रम, सभी प्रकार के सामाजिक, राजनैतिक, खेलकूद, मनोरंजन, अकादमिक, सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजन नहीं हो सकेंगे। सभी धार्मिक स्थल, पूजा स्थल तथा धार्मिक सभाएं प्रतिबंधित रहेंगी। शाम सात बजे से सुबह सात बजे तक लोगों का आवागमन, केवल अत्यावश्यक गतिविधियों को छोड़कर प्रतिबंधित रहेगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

पिछला सप्ताह

16 मई

सीबीएसई ने दसवीं कक्षा तक के बच्चों के लिए कला आधारित प्रोजेक्ट शुरू किया

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने पहली से लेकर दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए कला आधारित प्रोजेक्ट शुरू करने का निर्णय लिया है। केंद्रीय मानव संसाधन एवं विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने ट्वीट करके बताया कि इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य बच्चों में सीखने की क्षमता को रुचिकर बनाना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सत्र से सभी सीबीएसई स्कूलों में कक्षा 1 से 10 तक के विद्यार्थियों को कला आधारित प्रोजेक्ट में शामिल किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट के तहत दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को हर विषय में कम से कम एक कला आधारित कार्य करना अनिवार्य होगा। श्री निशंक ने बताया कि इस अधिसूचना के साथ ही अब पहली से लेकर दसवीं कक्षा तक के लिए सीबीएसई का सिलेबस अपडेट किया जा रहा है।

● विश्व की अग्रणी सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक ने एक नया वीडियो चैट फीचर मैसेंजर रूम्स (Messenger Rooms) लॉन्च किया है। इस फीचर में यूजर्स चैट रूम्स तैयार कर सकेंगे और एक से 50 लोगों को वीडियो चैटिंग का हिस्सा बना सकते हैं। फेसबुक कंपनी का कहना है कि मैसेंजर रूम्स फेसबुक मैसेंजर में ही बनाएं जा सकते हैं। इन्हें न्यूज फीड या अलग-अलग ग्रुप्स और इवेंट्स में भी शेयर किया जा सकेगा। मैसेंजर रूम्स में यूजर्स उन लोगों को भी वीडियो चैट का हिस्सा बना सकते हैं, जो फेसबुक का इस्तेमाल नहीं करते हैं। मैसेंजर रूम्स में वीडियो चैट की कोई समय सीमा नहीं है। मैसेंजर रूम्स को होस्ट करने वाले यूजर के पास सभी कंट्रोल्स होंगे। मैसेंजर रूम्स बनाने वाला यूजर तय करेगा कि कौन उसे ज्वॉइन कर सकता है और कौन नहीं। इसके अलावा होस्ट यूजर के पास किसी भी पार्टिसिपेंट को रिमूव करने का ऑप्शन भी होगा।

● केंद्र सरकार ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के हितों को ध्यान में रखते हुए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश में गैर मान्यता प्राप्त बी.एड. (B.Ed.) कॉलेजों को मान्यता दे दी है। यह मान्यता वर्ष 2017 से लागू होगी। केंद्र सरकार के इस कदम से देशभर में बी.एड. की डिग्री देने वाले कई गैर मान्यता प्राप्त संस्थानों को मान्यता मिल जाएगी।

17 मई

सुप्रीम कोर्ट ने ई-फाइलिंग के लिए शुरू किया हेल्पलाइन नंबर

● कोरोना वायरस के कारण देशभर में लगाए गये लॉकडाउन के कारण सुप्रीम कोर्ट

में लंबित मामले बढ़ गए हैं। सुप्रीम कोर्ट में अब इन मामलों के निदान के लिये ई-फाइलिंग के जरिए याचिकाएं दाखिल की जा सकेंगी। इस सुविधा के बावजूद याचिकाकर्ताओं और वकीलों को ई-फाइलिंग में दिक्कतें आ रही हैं, जिन्हें दूर करने के लिए हेल्पलाइन नंबर 1881 शुरू किया गया है। यह हेल्पलाइन नंबर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक उपलब्ध होगा। जो लोग ई-फाइलिंग नहीं कर पा रहे हैं, उनके लिए पुराने तरीके से फाइलिंग का एक काउंटर खोला गया है।

● पाकिस्तान गिलगित और बाल्टिस्तान इलाके में चुनाव कराने की तैयारी कर रहा है। इस संबंध में पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने आदेश जारी कर दिया है। अल्वी ने कार्यवाहक सरकार के गठन का भी निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान की सुप्रीम कोर्ट ने 30 अप्रैल को इन इलाकों में चुनाव कराने के निर्देश दिए थे, जिसका भारत ने पुरजोर विरोध किया और स्पष्ट किया कि गिलगित बाल्टिस्तान भारत का अभिन्न अंग हैं। साथ ही भारत ने इन इलाकों का मौसम अपडेट भी जारी करना शुरू कर दिया है।

● चीन का उत्तर पूर्वी प्रांत जिलिन अब कोरोना का नया हॉटस्पॉट केंद्र बन सकता है। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने कहा कि जिलिन प्रांत में कोरोना के 5 नए मामले सामने आए हैं। इनमें से 3 मरीज स्थानीय हैं। नए मामले सामने आने के बाद 8200 लोगों को क्वारेंटाइन में भेज दिया गया है। आयोग के अनुसार जिलिन में मिले मरीजों से 700 लोग सम्पर्क में आए थे, इन 700 लोगों से 6500 लोगों के सम्पर्क में आने की आशंका है। संक्रमाण न फैले इसलिए सभी लोगों को क्वारेंटाइन करने को कहा गया है। साथ ही कुछ इलाकों में सख्त लॉकडाउन लगाया गया है।

18 मई

विद्यार्थियों को वर्चुअल तरीके से प्रैक्टिकल करवाएगा केंद्रीय विद्यालय संगठन

● कोरोना वायरस के कारण स्कूल बंद होने से विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल संबंधी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन केंद्रीय विद्यालय संगठन (के.वी.एस.) ने इसका भी रास्ता खोज लिया है। केवीएस ने एक नई पहल शुरू की है, इस पहल के तहत विद्यार्थियों को अब वर्चुअल तरीके से प्रैक्टिकल कराया जाएगा। केवीएस से जुड़े देशभर के स्कूलों में यह तरीका अपनाया जाएगा। केवीएस ने इसके लिए अपने सभी रीजनल सेंटरों को निर्देश भी जारी किए हैं। इस पहल के लिए केवीएस ने ओ-लैब (ऑनलाइन लैब) नामक एप सुझाया है। इस एप के जरिए शिक्षक विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल से जुड़ी गतिविधियों से अवगत करा सकेंगे।

● केंद्र सरकार निष्क्रिय और अवैध फास्टैग वाले वाहनों पर कड़ी कार्यवाही करेगी। केंद्र सरकार ने कहा है कि ऐसे तमाम वाहन जिन पर लगे फास्टैग अवैध हैं या निष्क्रिय हो चुके हैं, उनसे टोल बूथ पर अब दोगुना टैक्स वसूला जायेगा। उल्लेखनीय है कि अब तक उन्हीं वाहनों से दोगुना टैक्स लिया जाता था, जो फास्टैग न होने पर भी फास्टैग लेन में चले जाते थे।

19 मई

एक जुलाई से होंगी सीबीएसई की कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षाएं

● केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा दसवीं और बारहवीं की बची हुई परीक्षाओं को आयोजित कराने की तारीखों की घोषणा की है। ये परीक्षाएं 1 से 15 जुलाई के मध्य आयोजित होंगी। परीक्षा में शारीरिक दूरी सहित स्वास्थ्य संबंधी सभी एहतियात बरती जायेंगी। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक श्री संयम भारद्वाज ने बताया कि दसवीं कक्षा की परीक्षाएं एक जुलाई से शुरू होंगी। उन्होंने बताया कि बारहवीं कक्षा की परीक्षाएं पूरे देश में होंगी, जबकि दसवीं कक्षा की परीक्षाएं सिर्फ उत्तर-पूर्वी दिल्ली में होंगी।

● भारतीय रेलवे ने विशेष राजधानी एक्सप्रेस की 15 जोड़ी ट्रेनों का संचालन कर कोरोना वायरस के कारण लगे लॉकडाउन में फंसे लोगों को राहत दिलाई। इन ट्रेनों का संचालन कर रेलवे ने 7 दिन में 76 करोड़ 22 लाख रुपये कमाए हैं। रेलवे ने इस दौरान 2 लाख 5 हजार टिकटों की बिक्री की है। रेलवे ने कहा कि विशेष राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनें 12 मई से चलाई जा रही हैं, वहीं श्रमिक स्पेशल ट्रेनें एक मई से संचालित की जा रही हैं। रेलवे ने बताया कि श्रमिक स्पेशल ट्रेनों के जरिए देश के विभिन्न हिस्सों में 17 लाख से अधिक लोगों को उनके गृहराज्य पहुंचाया गया है।

● विश्वभर में लगातार पैर पसारते कोरोना संकट को देखते हुए कतर और कुवैत ने सार्वजनिक जगहों पर मास्क नहीं पहनने पर सजा देने का प्रावधान किया है। कतर में नियम तोड़ने पर तीन साल तक की जेल या 55 हजार डॉलर का जुर्माना लगाने का प्रावधान है, वहीं कुवैत में मास्क न पहनने पर तीन माह की जेल होगी। कुवैत में नियम तोड़ने पर अधिकतम 16 हजार 200 डॉलर का जुर्माना भरना पड़ सकता है।

20 मई

रेलवे एक जून से चलाएगा 200 नॉन एसी ट्रेन

● भारतीय रेलवे लॉकडाउन के खत्म होने के बाद एक जून से देशभर में 200 नॉन एसी ट्रेनें शुरू करने जा रहा है। रेलवे ने कहा कि नए नियम के अनुसार इन ट्रेनों के लिए टिकट बुकिंग 7 दिन पहले होगी। इन ट्रेनों की टिकट बुकिंग केवल आईआरसीटीसी की वेबसाइट या एप के जरिए होगी। इन ट्रेनों में उन्हीं नियमों का पालन करना होगा जो अभी विशेष ट्रेनों के लिए लागू है। यात्रियों की स्टेशन पर स्क्रीनिंग की जाएगी। यात्रियों को समय से पहले स्टेशन पहुंचना होगा और सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करना होगा। रेलवे ने कहा है कि इन नॉन एसी ट्रेनों की सूची शीघ्र जारी की जायेगी।

● भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने 14 नॉन बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों

(एनबीएफसी) के लाइसेंस रद्द कर दिए हैं। आरबीआई द्वारा जारी एक बयान के अनुसार इन एनबीएफसी का लाइसेंस आरबीआई एक्ट-1934 की धारा 45-I के सेक्शन-ए के नियमों के अनुसार काम ना करने के कारण रद्द किए गए हैं। जबकि 9 एनबीएफसी ने खुद ही अपने लाइसेंस सरेंडर कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय रिज़र्व बैंक तय मानकों के अनुसार काम नहीं करने वाली विभिन्न वित्तीय संस्थानों पर कार्यवाही करता रहता है।

● कॉमन लॉ एडमिशन टेस्ट (क्लैट) के लिए आवेदन की अंतिम तिथि में वृद्धि की गई है। कंसोर्टियम ऑफ नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी ने तारीख बढ़ाने का फैसला लिया है। अब क्लैट परीक्षा के लिए उम्मीदवार एक जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। पहले अंतिम तिथि 21 जून थी। देश में कोरोना वायरस के चलते क्लैट 2020 की तारीख को तीसरी बार बढ़ाया गया है। कंसोर्टियम ने कहा है कि परीक्षा की तारीख से कम से कम 21 दिन पहले परीक्षा तिथि घोषित की जाएगी। अगर किसी अभ्यर्थी को आवेदन करने में किसी तरह की दिक्कत आए तो, वे हेल्पलाइन सेवा का प्रयोग कर सकते हैं।

21 मई

रेलवे प्लेटफॉर्म पर खुलेंगी आईआरसीटीसी की दुकानें

● लॉकडाउन के बाद 200 ट्रेनों की आवाजाही शुरू करने के बाद भारतीय रेलवे

ने अब रेलवे स्टेशनों के प्लेटफॉर्म पर 24 घंटे चलने वाली दुकानों को खोलने की अनुमति प्रदान की है। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) के अधीन इन दुकानों को तत्काल प्रभाव से खोलने की छूट दी गई है। आईआरसीटीसी ने एक आदेश जारी कर अपने सभी जोन के कमर्शियल मैनेजरों को अपने क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले स्टेशनों की दुकानों को खोलने को कहा है। हालांकि इन दुकानों पर कोई भी व्यक्ति बैठकर खान-पान नहीं कर सकेगा। उल्लेखनीय है कि 25 मार्च से देशभर में लॉकडाउन के कारण सभी यात्री ट्रेनें बंद हो गई थीं, इसके साथ स्टेशनों के प्लेटफॉर्म पर लगने वाली दुकानें भी अनिश्चितकाल के लिये बंद कर दी गई थीं।

● रक्षा मंत्रालय ने निर्देश जारी किये हैं कि सेना में इस्तेमाल होने वाले 26 उपकरणों और कलपुर्जों की खरीदी सिर्फ स्वदेशी कम्पनियों से ही की जाये। ये निर्देश वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन की सुधारों की उन घोषणाओं के बाद दिये गये हैं, जिनमें रक्षा उत्पादों के आयात में कमी लाने के लिये घरेलू रक्षा उत्पादकों से खरीदी को बढ़ावा देने को कहा गया है। रक्षा मंत्रालय ने शिप बिल्डिंग में इस्तेमाल होने वाले इन उपकरणों को देशी कंपनियों से खरीदने के लिये सूचीबद्ध किया है।

● ब्रिटेन के कैंब्रिज विश्वविद्यालय ने कोरोना वायरस के कारण सितम्बर 2021 तक कोई भी कक्षा नहीं लगाने का फैसला किया है। विश्वविद्यालय ने कहा कि इस दौरान पूरी पढ़ाई ऑनलाइन करवाई जायेगी। छात्रों के समूहों को व्याख्यान ऑनलाइन उपलब्ध कराये जायेंगे। विश्वविद्यालय ने कहा कि सोशल डिस्टेंसिंग का लंबे समय तक पालन करना होगा। सभी ऑनलाइन कक्षाओं की सामान्य कक्षाओं की तरह पूरी फीस ली जायेगी। उल्लेखनीय है कि कैंब्रिज विश्वविद्यालय लगभग 800 वर्ष पुराना है।

22 मई

नीट और जेईई की तैयारी के लिये एनटीए ने लॉन्च किया एप

● राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने नीट और जेईई परीक्षा की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिये मोबाइल एप लॉन्च किया है। इस मोबाइल एप का नाम 'अभ्यास' है। एनटीए द्वारा तैयार किया गया यह एप परीक्षार्थियों को कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट के बारे में जानकारी देगा। एप के बारे में जानकारी देते हुये केन्द्रीय मानव संसाधन और विकास मंत्री श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने बताया कि यह एप नीट और जेईई मेन परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों की पढ़ाई में मदद करेगा। छात्र इस एप की मदद से 3 घंटे का मॉक टेस्ट भी दे सकते हैं। साथ ही इस एप की मदद से छात्र अपनी प्रोग्रेस पर भी नजर रख सकते हैं। यह एप सही उत्तर पूरे विवरण के साथ बतायेगा। यह एप भौतिकी, रसायन और गणित विषयों की विशेष जानकारी भी मुहैया करायेगा। उल्लेखनीय है कि जेईई मेन और नीट की परीक्षाओं की तिथियों की घोषणा हो गई है। जेईई मेन परीक्षा 18 से 23 जुलाई के बीच आयोजित होगी, वहीं नीट परीक्षा 26 जुलाई को आयोजित की जायेगी।

● खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआइसी) ने कहा कि वह केन्द्रीय वाणिज्य मंत्रालय द्वारा चिकित्सा और सर्जरी से इतर इस्तेमाल होने वाले मास्क के निर्यात पर प्रतिबंध हटाने के बाद सूती और रेशम के कपड़े से बने मास्क के निर्यात की संभावनाओं की तलाश करेगा। केवीआइसी ने दुबई, अमेरिका, मॉरीशस और यूरोपीय देशों को खादी के फेस मास्क की आपूर्ति करने की योजना भी बनाई है।

● कोरोना वायरस के संक्रमण का केन्द्र रहे वुहान में जंगली जानवरों को खाने पर प्रतिबंध लगा दिया है। वुहान में अब जंगली जानवरों को बेचते हुये पाये जाने पर कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। वुहान सरकार द्वारा जारी नई नीति के तहत अगले पांच वर्ष तक यह प्रतिबंध रहेगा। उल्लेखनीय है कि चीन के विशेषज्ञों ने कहा था कि कोरोना वायरस जानवरों से इंसानों में फैला है। यह वायरस वुहान के 'वेट मार्केट' से निकला और फैला है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

रोज़गार और निर्माण वर्ष 37, अंक 21, 25.05.2020 से 31.05.2020

● प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े ● कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी ● सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह ● उप सम्पादक - रंजना चितले ● उप महाप्रबंधक - अजीत रोमन (विज्ञापन और प्रसार)
● प्रबंधक - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार) ● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन) ● आकल्पन - आशा रोमन, हेमंत वायंगणकर, सुशील लांडगे ● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनी ऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर सम्पादक, रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें:-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011, फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : mpmdtp@yahoo.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

सबको मिलेगा रोज़गार

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भारत सरकार द्वारा घोषित आर्थिक निर्भरता पैकेज का लाभ प्रदेश में सुनिश्चित करने के लिये तैयारियां तत्काल करने के निर्देश दिये हैं। मनरेगा, शहरी पथ विक्रेता और छोटे उद्योगों के लिये पैकेज में महत्वपूर्ण रियायतें और योजनाएं घोषित की गई हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत सरकार द्वारा शहरी पथ विक्रेताओं को ऋण और क्रियाशील पूंजी उपलब्ध करवाने की योजना में नगर निगम सीमा के पथ विक्रेताओं के साथ ही प्रदेश के सभी नगरीय निकाय क्षेत्रों में कार्यरत पथ विक्रेताओं को लाभान्वित किया जायेगा। योजना में हितग्राही को ऋण उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिये 10 हजार रुपये की पूंजी दी जायेगी। श्री चौहान ने कहा कि भारत सरकार के पैकेज के साथ ही राज्य स्तर पर विभागों की योजनाओं को इस तरह जमीन पर उतारा जायेगा, जिससे निर्धन तबके को विशेष रूप से राहत मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वैश्विक नेता हैं। उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के लिये पैकेज घोषित कर विभिन्न क्षेत्रों में योजनाबद्ध ढंग से प्रावधान किये हैं। मध्यप्रदेश की स्थानीय परिस्थितियों की दृष्टि से आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण का संकल्प है, जिससे उद्योग, रोज़गार, ग्रामीण विकास और कृषि के क्षेत्रों में जॉब कार्डों से बड़े वर्ग को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस समय जरूरतमंद श्रमिकों को काम की आवश्यकता है, जिससे उनकी रोजी-रोटी का ठीक से प्रबंध हो सके। इस उद्देश्य से गौ-शाला निर्माण, मंदिर सरोवर और मंदिर उद्यान के अधिकाधिक कार्य मनरेगा के अंतर्गत किये जाएं। मंदिर, गौ-शाला के कार्यों को प्राथमिकता दी जायेगी। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव ने बताया कि प्रदेश में वर्तमान में 20 लाख से अधिक श्रमिकों को मनरेगा कार्यों से रोज़गार का बड़ा सहारा मिल रहा है। प्रति ग्राम पंचायत औसतन 90 श्रमिक कार्य कर रहे हैं। प्रमुख सचिव नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने शहरी पथ विक्रेताओं की कल्याण योजनाओं सहित राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभान्वित करने, शहरी गरीबों को निःशुल्क भोजन देने और मुख्यमंत्री जीवन शक्ति योजना की प्रगति की जानकारी दी। प्रमुख सचिव, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योग ने बताया कि भारत सरकार ने इन उद्योगों की परिभाषा परिवर्तित की है। पूर्व में सूक्ष्म उद्योग के अंतर्गत 25 लाख तक के निवेश वाले उद्योग शामिल थे, जो अब एक करोड़ रुपये तक निवेश में मान्य होंगे। इसी तरह लघु उद्योग में निवेश 5 करोड़ रुपये के स्थान पर 10 करोड़ और मध्यम उद्योग में 10 करोड़ रुपये के स्थान पर 20 करोड़ रुपये तक के निवेश को परिधि में लाया गया है। इससे अनेक उद्योगों को संजीवनी मिलेगी। मध्यप्रदेश में एमएसएमई के अंतर्गत 22 लाख से अधिक इकाइयां चल रही हैं, जिन्हें घोषित पैकेज के अनुसार अतिरिक्त ऋण प्रदान किये जाने के संबंध में अध्ययन किया जा रहा है। भारत सरकार द्वारा घोषित आर्थिक निर्भरता पैकेज का लाभ मध्यप्रदेश में अधिकाधिक रूप से लिया जायेगा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की व्यवस्थित सोच के चलते इसमें जरूर कामयाबी मिलेगी।

ब्रह्मांड को जानें

पृथ्वी

गतांक से आगे- अपने समय के और खगोलज्ञों के समान कोपरनिकस का भी विश्वास था कि सौर व्यवस्था विश्व का पर्याय है। यह भूल थी जिसे अभी हाल में ही ठीक किया गया है। उसने ग्रहों का वृत्ताकार मार्ग देकर भी गलती की। इस भूल को जर्मन खगोलज्ञ जोहनीस केप्लर (1570-1630 ई.) ने सुधारा। बाकी बातों में कोपरनिकस का मत सुदृढ़ और अपराजेय था। इटली के खगोलज्ञ गैलीलियो गैलिली (1564-1642 ई.) ने कोपरनिकस के मत को मिटने से बचाने का सौभाग्य प्राप्त किया। अपनी मृत्यु के पूर्व उसे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि उसका समर्थित मत स्वीकार हो रहा है और टालमी के पक्षधर पीछे हट रहे हैं।



भूकेंद्रित सिद्धांत को अंतिम धक्का सर आइजक न्यूटन (1642-1726 ई.) ने दिये। उसने गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत का प्रतिपादन किया और इसको गति के नियमों से जोड़ा। खगोलिक विचारों के इतिहास में उनकी पुस्तक फिलासाफिया नेचुरलिस प्रिंसिपिया मैथेमेटिका (प्रिंसिपिया नाम से प्रसिद्ध) एक मील का पत्थर है। क्रमशः.....

- देवेश तिवारी
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 31 मई

मानव कल्याण के लिये जरूरी है तम्बाकू का सभी रूपों में त्याग करना

राजा दुबे
(लेखक, जनसम्पर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं)

विश्व तंबाकू निषेध दिवस
31 मई

एक नशे के रूप में तम्बाकू का उपभोग सकल विश्व में मानव स्वास्थ्य के लिये एक बड़े खतरे के रूप में हमारे सामने है। तम्बाकू की पत्तियों को चूने के साथ मसल कर खाने, तम्बाकू को परिष्कृत कर गुटखे के रूप में खाने, तपकीर अथवा नसवार के रूप में सूंघने अथवा उससे मंजन करने, बीड़ी-सिगरेट के तम्बाकू के धुएं के सेवन करने को स्वास्थ्य के लिये बेहद खतरनाक माना जाता है और इससे जानलेवा कैंसर की बीमारी भी हो सकती है। तम्बाकू का सेवन ही नहीं, जहाँ धूम्रपान किया जा रहा है, वहाँ आसपास के लोगों को भी फैलने वाले धुएँ से नुकसान हो सकता है। तम्बाकू सेवन के बढ़ते उपयोग और उसके नकारात्मक स्वास्थ्य प्रभावों की ओर ध्यान आकर्षित करने और तम्बाकू के वैश्विक निषेध के लिये ही विश्व में 31 मई को 'विश्व तम्बाकू निषेध दिवस' मनाया जाता है। दुनिया भर में सभी रूपों में तम्बाकू की खपत को नियंत्रित और न्यूनतम करने के संयम को अहर्निश (दिन-रात) प्रोत्साहित करने के लक्ष्य के साथ यह दिन मनाया जाता है। इस दिन का उद्देश्य इसी लक्ष्य को प्राप्त करना है।

तैंतीस साल पहले मनाया गया था पहला विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

वर्ष 1987 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने तंबाकू के सेवन से होने वाले रोगों की वजह से मृत्युदर में वृद्धि को देखते हुए इसे एक महामारी माना। इसके बाद पहली बार 7 अप्रैल 1988 को विश्व स्वास्थ्य संगठन की वर्षगांठ पर तम्बाकू निषेध पर विमर्श के लिये एक दिन सुनिश्चित करने का निश्चय किया गया। पहले तो वर्ष 1987 में, विश्व स्वास्थ्य संगठन की विश्व स्वास्थ्य सभा ने एक संकल्प पारित किया, जिसमें 7 अप्रैल 1988 को विश्व को एक नये सम्बोधन- 'एक विश्व धूम्रपान न करने वाला' दिया गया फिर वर्ष 1988 में विश्व स्वास्थ्य सभा द्वारा ही एक और संकल्प पारित किया गया जिसके अनुपालन में हर साल 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। तब से विश्व स्वास्थ्य संगठन लगातार हर साल विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का समर्थन कर रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सदस्यों द्वारा 1987 में पहला विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया गया था। पिछले तैंतीस वर्षों में, दुनिया भर में सरकारों, सार्वजनिक स्वास्थ्य संगठनों, धूम्रपान करने वालों, तम्बाकू के विभिन्न उत्पादों के उत्पादकों, जनसाधारण और स्वैच्छिक संगठनों की ओर से उत्साह और प्रतिरोध दोनों ही मिले हैं, मगर तम्बाकू के निषेध के प्रयत्नों में कोई कमी नहीं आई है। इस समय दुनिया में तम्बाकू के विभिन्न उत्पादों के सेवन से हर साल 70 लाख से अधिक लोग काल कवलित हो जाते हैं। इनमें से गैर-धूम्रपान करने वाले मृतकों की संख्या 8,90,000 है, जो तम्बाकू के विभिन्न उत्पादों के सेवन से मरने वालों की सूची में दूसरी सबसे बड़ी संख्या है।

एक 'पहल' और एक 'वैश्विक संधि' का विश्व स्वास्थ्य संगठन ने किया समर्थन

वर्ष 1998 में, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने विश्व को तम्बाकू के दुष्प्रभाव से मुक्त करने के लिये एक कार्यकारी संगठन- 'टोबैको फ्री इनीशियेटिव' यानी तम्बाकू मुक्त पहल की स्थापना की थी। यह संगठन तम्बाकू के वैश्विक स्वास्थ्य मुद्दों पर अपना ध्यान केन्द्रित करता है और इन मुद्दों के लिये अंतर्राष्ट्रीय संसाधनों पर भी विचार-विमर्श करता है। यह संगठन वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य नीति बनाने के लिए सहायता प्रदान करता है, समाजों के बीच स्वास्थ्य से जुड़े अनुसंधानों की गतिशीलता को प्रोत्साहित करना इस संगठन का प्राथमिक लक्ष्य है। तम्बाकू निषेध के लिये- 'फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन टोबैको कन्ट्रोल' का भी विश्व स्वास्थ्य संगठन ने समर्थन किया है। फ्रेमवर्क कन्वेंशन ऑन टोबैको कन्ट्रोल एक वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य संधि है, जिसे वर्ष 2003 में दुनिया भर के देशों द्वारा तम्बाकू निषेध के लिए काम करने वाली नीतियों को लागू करने के लिए एक समझौते के रूप में अपनाया गया है। वर्ष 2008 में, विश्व तम्बाकू निषेध दिवस की पूर्व संध्या पर, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने तम्बाकू से जुड़े सभी विज्ञापन, प्रचार और प्रायोजन पर दुनिया भर में प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया था। उस वर्ष के विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का विषय था- 'तम्बाकू मुक्त युवा' इसलिए, यह पहल विशेष रूप से युवाओं को तम्बाकू उत्पादों की ओर आकृष्ट करने की अपेक्षा उसे वितृष्णा से भरे इस तथ्य को लक्षित करके ही विज्ञापनों की रणनीति बनाने की दिशा में की गई है।

तम्बाकू उत्पाद के उपयोग के प्रति युवाओं को निरुत्साहित करना होगा

विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, तम्बाकू उद्योग द्वारा बनने वाले उत्पादों का सबसे बड़ा उपभोक्ता वर्ग युवाओं का होता है। तम्बाकू के उत्पादों का उपभोग करने वालों में युवाओं की इसी बढ़ती भागीदारी को थामने के लिये वैश्विक स्तर पर ऐसे प्रयास करने होंगे कि युवाओं को तम्बाकू उत्पाद के सेवन से रोका जाये और युवाओं में धूम्रपान की आदतों को निरुत्साहित किया जाये। तम्बाकू से युवा उपभोक्ताओं के साथ-साथ किशोरों को भी तम्बाकू उत्पादों के प्रति आकृष्ट होने से रोका जाये। इस सबके लिये विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ऐसी रणनीति बनाने को कहा कि फिल्में, इन्टरनेट और होर्डिंग के माध्यम से दिखाये जाने वाले तम्बाकू उत्पाद के विज्ञापन युवाओं को आकर्षित न कर पायें। अध्ययनों से पता चलता है कि जितने अधिक युवा तम्बाकू के विज्ञापन के संपर्क में आते हैं, उतनी ही अधिक धूम्रपान करने की संभावना होती है। वर्ष 2008 में युवाओं को तम्बाकू उत्पाद से बचाने के लिये ही विश्व स्वास्थ्य संगठन ने तम्बाकू उत्पाद के विज्ञापन पूर्णतः प्रतिबंधित करने का आह्वान भी किया था। इस आह्वान पर कुछ देशों ने सकारात्मक पहल भी की थी।

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के लिये प्रतिवर्ष तय किया जाता है एक विषय

प्रतिवर्ष मनाये जाने वाले विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के लिए अधिकृत एकीकृत वैश्विक संदेश बनाने के लिए प्रत्येक वर्ष, विश्व स्वास्थ्य संगठन एक विषय का चयन करता है। यह विषय ही अगले वर्ष के लिए संगठन के तम्बाकू निषेध संबंधी एजेंडे का केंद्रीय घटक बन जाता है। संगठन थीम (विषय) से संबंधित प्रचार सामग्री के निर्माण और वितरण की देखरेख करता है, जिसमें ब्रोशर, फ्लायर, पोस्टर, वेबसाइट और प्रेस रिलीज शामिल होती हैं। तम्बाकू मुक्ति के लिये जागरूकता अभियान के एक भाग के रूप में तैयार वीडियो, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विशेष रूप से यूट्यूब पर प्रसारित किये जाते हैं। वर्ष 2009 में पहली बार विश्व स्वास्थ्य संगठन ने पॉडकास्ट का उपयोग किया गया। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के विषय और प्रचार सामग्री तैयार करने में - 'सत्य' (ट्रूथ) के तत्व पर सबसे ज्यादा जोर दिया जाता है। इस बात को इन दो उदाहरणों से समझा जा सकता है कि वर्ष 2000 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने नारा दिया था- 'तम्बाकू उत्पाद जानलेवा हैं, धोखा मत खाओ' और वर्ष 2006 में नारा दिया था- 'तम्बाकू उत्पाद हर रूप में भ्रामक हैं'। यह नारे बताते हैं कि व्यक्तियों को तम्बाकू की वास्तविक प्रकृति के बारे में गुमराह या भ्रमित किया जा सकता है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तय विषय तम्बाकू के उपयोग के जोखिम को दर्शाते हैं

वर्ष 2015 में, विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर विश्व के अधिकांश देशों ने तम्बाकू के उपयोग से जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों पर प्रकाश डाला और तम्बाकू उत्पादों के अवैध व्यापार को समाप्त करने सहित तम्बाकू की खपत को कम करने के लिए प्रभावी नीतियों की वकालत की। वर्ष 2016 में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सरकारों से तम्बाकू उत्पादों की सादा पैकेजिंग के लिए तैयार होने का आह्वान किया तो वर्ष 2017 में, विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के माध्यम से 'विकास के लिए खतरा' के रूप में तम्बाकू पर ध्यान केंद्रित किया गया, इस अभियान का उद्देश्य उन खतरों को प्रदर्शित करना है, जो सभी देशों में नागरिकों के स्वास्थ्य और आर्थिक कल्याण को प्रभावित कर सकते हैं। वर्ष 2018 में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर तम्बाकू उत्पादों के उपभोग से बढ़ते हृदय रोग के संदर्भ में विषय तय किया- 'तम्बाकू तोड़ता दिल : स्वास्थ्य चुनें, तम्बाकू नहीं'। इस विषय से विश्व में यह संदेश गया कि यदि हृदय रोग से बचना है तो तम्बाकू उत्पाद के उपभोग से बचें। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रस्तुत विषय और नारे 'तथ्यों' की एक वैकल्पिक समझ प्रस्तुत करते हैं। यह प्रचार सामग्री सबसे अधिक तम्बाकू से संबंधित अनुसंधान और आंकड़ों की 'आधिकारिक' व्याख्या प्रदान करती है और एक आम जमीन प्रदान करती है, जिससे दुनिया भर में तम्बाकू विरोधी तर्क तैयार किए जा सकें।

इस प्रकार हम यह कह सकते हैं कि भारत वैश्विक स्तर पर तम्बाकू का एक बड़ा उपभोक्ता है तथा भारत विश्व में तम्बाकू से होने वाली मौतों के छठवें हिस्से यानी 16.67 प्रतिशत का जिम्मेदार भी है। भारत में तम्बाकू की समस्या विस्तृत सामाजिक-सांस्कृतिक विविधता के साथ विभिन्न प्रकार के धुआं रहित तम्बाकू सेवन और तम्बाकू सेवन के प्रकारों के कारण असाधारण है। वैश्विक वयस्क तम्बाकू सर्वेक्षण के अनुसार भारत में 15 वर्ष आयु के 26.7 करोड़ वयस्क किसी न किसी रूप में तम्बाकू का सेवन करते हैं, जो चिंता का सबब है। विश्व स्वास्थ्य संगठन इसी चिंता के समाधान के लिये प्रतिवर्ष विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर गहन विमर्श करता है।

क्रमांक 2715001/2014/ई.डी.पी./ई-टेंडरिंग/406

कार्यालय प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग
जल संसाधन भवन, तुलसी नगर, भोपाल

ई-मेल : enc.etendering.wrdmp@gmail.com, फोन : 0755-2553402, फैक्स : 0755-2552406

निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा सूचना क्रमांक- 421/2715001/ई.डी.पी./2018-19/प्र.अ./ई-टेंडरिंग भोपाल, दिनांक 15.05.2020

निम्न कार्यों हेतु निविदा वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई हैं। निविदा प्रपत्र वेबसाइट पर **दिनांक 05.06.2020** को 17.30 बजे तक क्रय/डाउनलोड तथा प्रस्तुत किये जा सकते हैं। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाइट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा। विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

स. क्र.	निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	जिला	राशि (रु. लाख में)
1.	2020_WRD_75912	केवई उद्वहन सिंचाई योजना में स्थापित वि./यां उपकरणों का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	रीवा	1.83
2.	2020_WRD_81536	चम्बल दायीं मुख्य नहर की आर.डी. 167.67 कि.मी. पर स्थित पिपरघान व्ही.आर.वी. का मरम्मत कार्य।	मुरैना	16.98
3.	2020_WRD_82752	चम्बल दायीं मुख्य नहर की शाखा 28 एवं 30 एल. पर सी.डी. का मरम्मत कार्य।	मुरैना	5.57
4.	2020_WRD_87190	चम्बल कॉलोनी ग्वालियर के पुराने निरीक्षण भवन का जीर्णोद्धार कार्य।	ग्वालियर	5.95
5.	2020_WRD_87239	विकासखंड सांची के बहेरिया स्टापडेम कम काजवे बैराज को सर्वेक्षण कार्य।	रायसेन	0.50
6.	2020_WRD_87381	उपसंभाग, आष्टा के मैना द्वितीय तालाब का वेस्ट वीयर मरम्मत एवं फूडरा एवं सेवदा तालाब में मरम्मत कार्य।	सीहोर	6.44
7.	2020_WRD_87605	घाट पिपलिया, गाखनी एवं आशापुरी तालाब के स्लुस गेट के पानी का रिसाव रोकने के लिये मिट्टी का कार्य।	रायसेन	7.39
8.	2020_WRD_87656	गोपालपुर, कासना, हथलई, जिगना, रामसागर, बडौनो, सोमला, हंसपुर एवं बडेरा सौपान तालाब के जलद्वारों का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	दतिया	2.96
9.	2020_WRD_87657	हरसी उच्च स्तरीय नहर की आर.डी. 0 कि.मी. के 3 सर्विस एवं आपातकालीन गेटों का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	दतिया	1.21
10.	2020_WRD_87659	भूटान वैराज के 3 स्लिपवे एवं 2 हेड रेग्यूलेटर गेटों का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	दतिया	1.09
11.	2020_WRD_87660	मणीखेड़ा बांध के रेडियल गेटों का वर्षा पूर्व सुधार एवं रखरखाव कार्य।	दतिया	4.75
12.	2020_WRD_87661	उकायला बांध के 02 नग सर्विस एवं आपातकालीन गेटों का वर्षा पूर्व सुधार एवं रखरखाव कार्य।	दतिया	1.56
13.	2020_WRD_87663	लालपुर एवं बरौआ पिकअप वियर नरवर पर बर्टीकल गेटों का वर्षा पूर्व सुधार एवं रखरखाव कार्य।	दतिया	1.50
14.	2020_WRD_87664	मोहिनी पिकअप वियर के रेडियल गेटों का वर्षा पूर्व सुधार एवं रखरखाव कार्य।	दतिया	3.27
15.	2020_WRD_87665	मोहिनी पिकअप वियर नरवर के आर.वी.सी., फीडर कैनाल, क्रास रेग्यूलैटर, दो आव गेटों वर्षा पूर्व का सुधार एवं रखरखाव कार्य।	दतिया	1.00
16.	2020_WRD_87667	समोहा पिकअप वियर के वर्टीकल लिफ्ट गेट एवं हेड रेग्यूलेटर गेटों का वर्षा पूर्व सुधार एवं रखरखाव कार्य।	दतिया	3.57
17.	2020_WRD_87680	उपसंभाग क्र. 1 बुरहानपुर के 9 बैराजों के जलद्वारों की साफ सफाई, खोलना एवं बंद करने का कार्य।	बुरहानपुर	2.31
18.	2020_WRD_87684	उपसंभाग क्र. 03 नेपानगर के 04 बैराजों के जलद्वार खोलने एवं करने का कार्य।	बुरहानपुर	4.41
19.	2020_WRD_87685	पहुज बैराज के 12 नग गेटों का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	दतिया	2.66
20.	2020_WRD_87759	अंगुरी बैराज के 6 नग स्पिलवे एवं 3 नग हेड रेग्यूलेटर गेटों का मरम्मत एवं रखरखाव कार्य।	दतिया	2.01
21.	2020_WRD_87800	तिगरा बांध के जलद्वारों का मरम्मत कार्य।	ग्वालियर	2.25
22.	2020_WRD_87922	पगारा बांध के जलद्वारों का मरम्मत कार्य।	ग्वालियर	0.57
23.	2020_WRD_87923	कोतवाल और पिलौआ बांध के जलद्वारों का मरम्मत कार्य।	ग्वालियर	3.38
24.	2020_WRD_87950	अपर ककेटो बांध के जलद्वारों का मरम्मत कार्य।	ग्वालियर	0.36
25.	2020_WRD_87951	महुअर बांध के जलद्वारों का मरम्मत कार्य।	ग्वालियर	0.28
26.	2020_WRD_87973	भारी मशीनरी एवं वि./यां. उपसंभाग, श्योपुर के तालाबों के जलद्वारों का मरम्मत कार्य।	ग्वालियर	0.46
27.	2020_WRD_87975	रीवा जिले के बांधों व जलाशयों के 23 नग जलद्वारों का मरम्मत व रखरखाव कार्य।	रीवा	2.00
28.	2020_WRD_87977	रीवा जिले के बांधों व जलाशयों के 10 नग जलद्वारों का मरम्मत व रखरखाव कार्य।	रीवा	0.92
29.	2020_WRD_88102	सेमरखापा एनीकट का स्ट्रक्चर एवं नहर का विशेष मरम्मत का कार्य विकासखंड मंडला।	मंडला	4.92
30.	2020_WRD_88133	शिवपुरी पिछौर और करेरा तालाब के जलद्वारों का मरम्मत कार्य।	ग्वालियर	1.46
31.	2020_WRD_88135	उपसंभाग, ग्वालियर के तालाब एवं बांधों के जलद्वारों का मरम्मत कार्य।	ग्वालियर	1.87
32.	2020_WRD_88159	हरपुरा नहर का वार्षिक अनुरक्षण कार्य, बैंक पर मिट्टी डालना एवं नहर के तल से मिट्टी का कार्य आर.डी. 12200 से 43000 मी. के बीच।	टीकमगढ़	19.91
33.	2020_WRD_88230	ला.म.वि./यां. अनुविभाग हरदा के कार्यालय भवन के हाल का विशेष मरम्मत कार्य।	हरदा	2.12
34.	2020_WRD_88240	कोहरी जलाशय की नहर एवं आर.डी. 1770 मी. पर व्ही.आर.वी. का विशेष मरम्मत कार्य।	मंडला	4.35
35.	2020_WRD_88311	बागली में निर्मित 7 नग स्टापडेम व बैराज के गेट खोलने व बंद करने का कार्य।	देवास	0.86
36.	2020_WRD_88312	बागली की सतवास, बूरानी और महीगांव लघु सिंचाई योजना का सुधार कार्य।	देवास	3.17
37.	2020_WRD_88313	चन्द्रकेशर बांध योजना के स्लूस एवं बाई तट नहर व बाईं तट नहर के एप्रोच चैनल का सुधार कार्य एवं सिपेज ड्रेन का कार्य।	देवास	3.91
38.	2020_WRD_88314	दतुनी परियोजना उपसंभाग, कांटाफोड़ के 6 बैराज के गेट खोलने व बंद करने का कार्य।	देवास	2.03
39.	2020_WRD_88315	दतुनी बांध का वार्षिक सुधार कार्य।	देवास	3.93
40.	2020_WRD_88316	दतुनी बांध पर पेट्रोलिंग व चौकीदार हेतु मजदूर प्रदाय करने का कार्य।	देवास	2.15
41.	2020_WRD_88317	सोनकच्छ में निर्मित 9 स्टापडैम व बैराज के गेट खोलने व बंद करने का कार्य।	देवास	1.74
42.	2020_WRD_88318	सोनकच्छ के 24 लघु सिंचाई योजना के वार्षिक मरम्मत कार्य।	देवास	3.50
43.	2020_WRD_88319	बागली तहसील के जी-टाईप शासकीय आवास गृह का विशेष सुधार कार्य।	देवास	3.97
44.	2020_WRD_88534	भीमगढ़ दायीं तट मुख्य नहर की धनगढ़ वितरक नहर चैन क्र. 0 से 300 एवं उसकी लघु नहरों का मरम्मत कार्य।	सिवनी	4.98
45.	2020_WRD_88622	रतन पिपलिया तालाब का वार्षिक रखरखाव कार्य।	मंदसौर	0.30
46.	2020_WRD_88623	मुंजाखेड़ी तालाब का वार्षिक रखरखाव कार्य।	मंदसौर	7.97
47.	2020_WRD_88625	दोरवाड़ा तालाब का वार्षिक रखरखाव कार्य।	मंदसौर	0.21
48.	2020_WRD_88626	आक्याविका तालाब का वार्षिक रखरखाव कार्य।	मंदसौर	0.33
49.	2020_WRD_88628	मिण्डलाखेड़ा तालाब का वार्षिक रखरखाव कार्य।	मंदसौर	0.40
50.	2020_WRD_88629	रणायरा गर्रावद तालाब का वार्षिक रखरखाव कार्य।	मंदसौर	0.46
51.	2020_WRD_88630	रेतम बैराज का वार्षिक रखरखाव कार्य।	मंदसौर	1.05
52.	2020_WRD_88631	सोमिया तालाब का वार्षिक रखरखाव कार्य।	मंदसौर	1.09
53.	2020_WRD_88647	करोली तालाब का वार्षिक रखरखाव कार्य।	मंदसौर	5.15
54.	2020_WRD_88648	पिपलखेड़ी तालाब का वार्षिक रखरखाव कार्य।	मंदसौर	3.83
55.	2020_WRD_88649	पाडलिया लालमूहां तालाब का वार्षिक रखरखाव कार्य।	मंदसौर	3.96
56.	2020_WRD_88650	मेरियाखेड़ी सॉलिड वियर तालाब का वार्षिक रखरखाव कार्य।	मंदसौर	0.91
57.	2020_WRD_88692	मटिया बांध की स्पिल चैनल में खुदाई कार्य एवं दायीं तट नहर हेतु व्ही.आर.वी. का निर्माण।	सागर	17.51
58.	2020_WRD_88758	पाटन तालाब लघु सिंचाई योजना का सर्वे कार्य	छतरपुर	7.33
59.	2020_WRD_88760	भैरा तालाब लघु सिंचाई योजना का सर्वे कार्य	छतरपुर	2.10
60.	2020_WRD_88770	उपसंभाग देवरी के रायपानी बैराज के सर्वेक्षण का कार्य।	रायसेन	0.50
61.	2020_WRD_88771	उपसंभाग देवरी के रजवाड़ा बैराज के सर्वेक्षण का कार्य।	रायसेन	0.50
62.	2020_WRD_88774	तवा बांध के बायीं तट स्थित चैकपोस्ट के डी.पी. स्ट्रक्चर से रिमोट कंट्रोल रूम तक केवल प्रदाय एवं लगाने का कार्य।	होशंगाबाद	1.69
63.	2020_WRD_88776	तवा बांध के डी.जी. रूप से डी.पी. स्ट्रक्चर तक केवल प्रदाय एवं लगाने का कार्य।	होशंगाबाद	1.47
64.	2020_WRD_88777	होशंगाबाद शहर स्थित लेडिया नाला बाढ़ नियंत्रण योजना के मोटर पंप, स्लुस गेट एवं अन्य विद्युत संबंधी मरम्मत कार्य।	होशंगाबाद	4.78
65.	2020_WRD_89002	सीधी जिले के बांधों व जलाशयों के स्लूस जलद्वारों के मरम्मत का कार्य।	रीवा	1.65
66.	2020_WRD_89010	सिंगरोली जिले के बांधों व जलाशयों के स्लूस जलद्वारों के मरम्मत का कार्य।	रीवा	2.60
67.	2020_WRD_89013	सतना जिले के बांधों व जलाशयों के स्लूस जलद्वारों का मरम्मत का कार्य।	रीवा	3.40
68.	2020_WRD_89015	शहडोल जिले के बांधों व जलाशयों के स्लूस जलद्वारों के मरम्मत का कार्य। (पार्ट-1)	रीवा	2.84
69.	2020_WRD_89016	शहडोल जिले के बांधों व जलाशयों के स्लूस जलद्वारों के मरम्मत का कार्य। (पार्ट-2)	रीवा	2.33
70.	2020_WRD_89017	अनूपपुर जिले के बांधों व जलाशयों के स्लूस जलद्वारों के मरम्मत का कार्य।	रीवा	3.24
71.	2020_WRD_89018	उमरिया जिले के बांधों व जलाशयों के स्लूस जलद्वारों के मरम्मत का कार्य।	रीवा	2.34
72.	2020_WRD_89167	गुड़भेली तालाब के स्लूस गेट का मरम्मत कार्य।	रतलाम	18.73
73.	2020_WRD_89250	त्योंथर नहर संभाग सिरमौर हेतु स्टेशनरी का प्रदाय।	रीवा	6.46

जी-11313/43876/2020

मुख्य अभियंता (प्रोक्योरमेंट)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स) खरगोन संभाग खरगोन

Website : www.mp.gov.in/pwdmp, E-mail : eepwdkhargone@mp.nic.in
Phone No. : 07282-231213

निविदा आमंत्रण सूचना क्र. 01/व.ले.लि./2020-21/खरगोन/दिनांक 11.05.2020

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेवसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

स. क्र.	टेंडर नं.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)	धरोहर राशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि एवं आमंत्रण	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं दस्तावेज)
1.	2020_PWDRB_88866_1	उपसंभाग खरगोन के अंतर्गत मेनगांव निमगुल पोखर मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 6.22 कि.मी.।	460.48	460480/-	10 माह वर्षाकाल छोड़कर	मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग (प./प.) इंदौर
2.	2020_PWDRB_88867_1	उपसंभाग मंडलेश्वर अंतर्गत रोड़िया मुलठान बोरांवां सावदा विठेर वेसरकुण्ड रसवां मलतार मुख्य जिला मार्ग के चैनेज 30330 से 30870 लंबाइ 0.54 कि.मी. में सीमेंट कांक्रीट पेवमेंट कार्य।	88.04	88040/-	04 माह वर्षाकाल छोड़कर	मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग (प./प.) इंदौर
3.	2020_PWDRB_88868_1	उपसंभाग भीकनगांव के अंतर्गत रामपुरा पचाया मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 6.00 कि.मी.।	363.04	363040/-	10 माह वर्षाकाल छोड़कर	मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग (प./प.) इंदौर
4.	2020_PWDRB_88869_1	उपसंभाग भीकनगांव के अंतर्गत गोराड़िया से इगरिया मार्ग का निर्माण कार्य लंबाई 3.00 कि.मी.।	137.12	137120/-	04 माह वर्षाकाल छोड़कर	मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग (प./प.) इंदौर
5.	2020_PWDRB_88870_1	उपसंभाग खरगोन के अंतर्गत पटवारी भवन सांगवी से पुरपनी जामली मार्ग का निर्माण लंबाई 5.00 कि.मी.।	268.00	268000/-	06 माह वर्षाकाल छोड़कर	मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग (प./प.) इंदौर
6.	2020_PWDRB_88871_1	उपसंभाग मंडलेश्वर के अंतर्गत अकबरपुरा से खलवुजुर्ग मार्ग का निर्माण लंबाई 2.05 कि.मी.।	87.71	87710/-	04 माह वर्षाकाल छोड़कर	मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग (प./प.) इंदौर
7.	2020_PWDRB_88872_1	उपसंभाग भीकनगांव के अंतर्गत रूमसिंह फाल्या से ठोकनवेड़ा मार्ग का निर्माण लंबाई 5.00 कि.मी.।	239.73	239730/-	07 माह वर्षाकाल छोड़कर	मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग (प./प.) इंदौर
8.	2020_PWDRB_88873_1	उपसंभाग भीकनगांव के अंतर्गत मलगांव से भोमवाड़ा मार्ग का निर्माण लंबाई 3.50 कि.मी.।	294.13	294130/-	07 माह वर्षाकाल छोड़कर	मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग (प./प.) इंदौर
9.	2020_PWDRB_88874_1	उपसंभाग खरगोन के अंतर्गत गवाड़ी से घुघरियाखेड़ी मार्ग का निर्माण लंबाई 4.20 कि.मी.।	268.00	268000/-	07 माह वर्षाकाल छोड़कर	मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग (प./प.) इंदौर
10.	2020_PWDRB_88875_1	उपसंभाग वड़वाह के अंतर्गत 2 मार्गों का निर्माण कुल लं. 0.545 कि.मी. (1) क़सगावं पहुंच मार्ग का निर्माण लं. 0.260 कि.मी.। (2) जुनापानी से खंगवाड़ा मार्ग निर्माण लं. 0.285 कि.मी.।	37.92	50000/-	03 माह वर्षाकाल छोड़कर	मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग (प./प.) इंदौर
11.	2020_PWDRB_88876_1	उपसंभाग खरगोन के अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य।	13.39	26780/-	31.03.2021	कार्यपालन लोक निर्माण विभाग (प./प.) संभाग खरगोन
12.	2020_PWDRB_88877_1	उपसंभाग मंडलेश्वर के अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य।	13.39	26780/-	31.03.2021	कार्यपालन लोक निर्माण विभाग (प./प.) संभाग खरगोन
13.	2020_PWDRB_88878_1	उपसंभाग वड़वाह के अंतर्गत विभिन्न मार्गों पर बी.टी. पेच मरम्मत का कार्य।	8.93	17860/-	31.03.2021	कार्यपालन लोक निर्माण विभाग (प./प.) संभाग खरगोन
उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की **अंतिम तिथि 27.06.2020,** (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज दिनांक 29.06.2020, (17.30) बजे तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्राप्त की जावेगी।

मुख्य अभियंता
जी-11410/43913/2020 लोक निर्माण विभाग, सेतु निर्माण परिक्षेत्र भोपाल (म.प्र.)

कुलपतियों के साथ की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

सामाजिक सोच में बदलाव के लिए आगे आयें - राज्यपाल

भोपाल, सामाजिक सोच में बदलाव के लिए कुलपति आगे आएं। कोरोना की चुनौती से डरना नहीं लड़ना है। घर पर रहते हुये विश्वविद्यालयों के छात्र और संकाय ने जो कार्य करके दिखाया है, उसने नया इतिहास बनाया है। ये बातें राज्यपाल श्री लालजी टंडन ने भोपाल स्थित राजभवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के शासकीय विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को सम्बोधित करते हुये कहीं।

राज्यपाल ने कहा कि संकटकाल का एक दौर गुजर गया है। देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का नया अवसर सामने है। इसका लाभ लेने के लिए युवाओं का मार्गदर्शन करें। नये उत्साह के साथ आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि विध्वंस के साथ ही नव निर्माण जुड़ा होता है। यही प्रकृति का नियम है। जो दुःखद दिखता है, वही भविष्य के निर्माण की शुरुआत होती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने व्यापक पैमाने पर विशाल आर्थिक पैकेज दिया है। इसमें सभी के लिए आगे बढ़ने, आत्मनिर्भर बनने की सम्भावनाएं हैं।

श्री टंडन ने कहा कि विश्वविद्यालय नई परिस्थितियों में कार्य की नई संस्कृति विकसित करें। सामाजिक दूरी, मास्क आदि के अनुशासन का पालन करते हुये, गतिविधियों का संचालन करें। विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित करें। नये वक्त के अनुसार बदलने और बदलाव के संवाहक बनने के कार्य करें। साथ ही आर्थिक गतिविधियों को सुचारु बनाने के लिए प्रयास करें। श्री टंडन ने ऑनलाइन चर्चा कर प्रत्येक विश्वविद्यालय के कुलपति के कार्यों की जानकारी ली। जानकारी में बताया गया कि सामान्यतः सभी पाठ्यक्रमों के कोर्स पूर्णता की ओर हैं, जिन विद्यार्थियों के सामने नेटवर्क की समस्या है अथवा जिनके कोर्स पूरे नहीं हो पाए हैं। उनके लिए विशेष कक्षाओं की व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने इन्टरएक्टिव कक्षाएं, अध्ययन सामग्री की ऑनलाइन उपलब्धता, ऑनलाइन सेमीनार, शोध कार्यों आदि की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री द्वारा विद्यार्थियों के हित में की गईं महत्वपूर्ण घोषणाएं

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश के विद्यार्थियों के हित में महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित की जाने वाली कक्षा 10वीं की परीक्षा के शेष बचे पेपर की परीक्षा नहीं ली जायेगी। जिन विषयों की परीक्षा हो चुकी है, उन्हीं के अंक के आधार पर मेरिट तैयार की जायेगी। बचे हुए विषय के आगे 'पास' लिखा जायेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कक्षा 12वीं की परीक्षा बच्चों के भविष्य के लिये बहुत महत्वपूर्ण है। बारहवीं का परीक्षा परिणाम उनका भविष्य निर्धारित करता है। बारहवीं की परीक्षा के जो पेपर बचे हुए हैं, उनकी परीक्षा 8 जून, 2020 से 16 जून, 2020 के मध्य आयोजित की जायेगी। सीबीएसई की परीक्षा की तिथियां भी घोषित हो गई हैं।

निजी स्कूल केवल ट्यूशन फीस ले सकेंगे

मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की है कि निजी स्कूल विद्यार्थियों से केवल ट्यूशन फीस ले सकेंगे। प्रदेश में 19 मार्च से लॉकडाउन रहने के कारण लॉकडाउन समाप्त होने की अवधि तक निजी विद्यालय बंद रहे हैं, इसलिए ट्यूशन फीस के अलावा कोई फीस नहीं ले सकेंगे। विद्यालय चल सकें इसलिए ट्यूशन फीस ली जा सकेगी। इसके अतिरिक्त लायब्रेरी, बस, स्पोर्ट्स और अन्य कोई भी शुल्क नहीं लिया जा सकेगा। स्कूल खुलने के बाद विद्यालय अपना फैसला करेंगे।

राष्ट्रीय मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों से चर्चा

मध्यप्रदेश में विकास के नए मॉडल से मजबूत करेंगे अर्थव्यवस्था

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान राष्ट्रीय मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये चर्चा करते हुये।

भोपाल, कोरोना से पैदा संकट के कारण अर्थव्यवस्था पर पड़े दुष्प्रभाव कम करने के लिए विकास के नए मॉडल को अपनाकर कार्य किया जाएगा। यह मॉडल स्वदेशी आधारित स्वावलंबन की राह दिखाने वाला मॉडल होगा। इससे लड़खड़ाती अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने में सहयोग मिलेगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आर्थिक क्षेत्र में सुधार के लिए जो पैकेज घोषित किए हैं, उनका लाभ लेते हुए मध्यप्रदेश फिर से विकास की राह पर तीव्र गति से आगे बढ़ेगा। सभी व्यवस्थाएं फिर पुख्ता होंगी। जीवन और कार्य की शैली में जरूर कुछ बदलाव करना होंगे। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में राष्ट्रीय मीडिया संस्थानों के प्रतिनिधियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा चर्चा करते हुये कहीं। मुख्यमंत्री ने लॉक डाउन-4 के संबंध में भी मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना एक चुनौती भी है और अवसर भी। वैश्विक नेता प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह लॉकडाउन घोषित करने से लेकर कोरोना के नियंत्रण के लिए कार्य कर दिखाया है उससे उनकी दक्षता, प्रामाणिकता और संकल्प की जानकारी मिलती है। श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री ने राज्यों के साथ समन्वय स्थापित कर संघीय ढांचे का सम्मान करते हुए मुख्यमंत्रियों से परामर्श किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि मध्य प्रदेश दीर्घकालिक योजना तैयार कर कोरोना वायरस से उत्पन्न दुष्प्रभावों को कम करने का प्रयास करेगा। एक दीर्घकालिक नीति के निर्माण और लोकल को वोकल बनाने के लिए भी मध्यप्रदेश एक ड्राफ्ट तैयार कर रहा है।

बदहाल स्थिति से निकालकर संभाला राज्य को

श्री चौहान ने बताया कि जब उन्होंने 23 मार्च 2020 को रात्रि 9 बजे मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। रात्रि दस बजे वल्लभ भवन जाकर राज्य में कोरोना नियंत्रण के संबंध में स्थिति जानी। स्थिति काफी बदहाल थी। स्थिति को संभालने में थोड़ा-सा वक्त लगा, लेकिन सफलता मिली। डेडीकेटेड अस्पतालों की व्यवस्था की गई। रोगियों के लिए बेड संख्या 83 हजार है जो शीघ्र ही 1 लाख हो जाएगी।

प्रवासी श्रमिकों की वजह से भी पॉजिटिव प्रकरण बढ़े हैं, लेकिन उपचार और नियंत्रण के प्रयास निरंतर जारी हैं। इसके अलावा सावधानी बरतने का संदेश देने, जागरूकता वृद्धि के कार्य भी लगातार हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में आईआईटीटी अर्थात आईडेन्टीफिकेशन, आईसोलेशन, टेस्टिंग और ट्रीटमेंट की नीति अपनाकर कोरोना के नियंत्रण का कार्य सफलतापूर्वक हुआ है।

मध्यप्रदेश में किए गए आर्थिक सुधार

श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में मंडी अधिनियम में बदलाव और श्रम कानूनों में परिवर्तन से निवेश को बढ़ाने के ठोस प्रयास हुए हैं। नए वित्तीय संसाधन जुटाएंगे। निरंतर मंथन चल रहा है। अधोसंरचना मजबूत करने नए उपाय लागू करेंगे, जिससे अर्थव्यवस्था का पहिया चलेगा। भारत सरकार से आवश्यक सहयोग मांग रहे हैं। लघु और कुटीर उद्योगों का जाल बिछाएंगे। अभी राज्य के प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों में गतिविधियां चलने लगी हैं। कृषि क्षेत्र में व्यवस्थाएं मजबूत की हैं। जहां किसान कृषि उपज मंडी जाकर किसान लंबी-लंबी लाइनों में लगते थे। अब किसानों को सौदा पत्रक व्यवस्था के माध्यम से भी फसल बेचने की सुविधा उपलब्ध हो रही है। ई-ट्रेडिंग की सुविधा भी दी जा रही है। वेयरहाउस को क्रय केंद्र घोषित करने और खरीदी केंद्र बढ़ाने की व्यवस्थाओं की किसानों ने सराहना की है।

स्वच्छता और सोशल डिस्टेंसिंग पर निरंतर ध्यान देकर वायरस को करेंगे परास्त

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में कोरोना महामारी के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करते हुये।

भोपाल, मध्यप्रदेश में कोरोना वायरस के नियंत्रण के प्रयासों में सफलता मिल रही है। प्रदेश में आमजन को शिक्षित करने का कार्य निरंतर चलेगा। मास्क के उपयोग, सोशल डिस्टेंसिंग और स्वच्छता के पालन के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने का कार्य निरंतर चलेगा। इससे राज्य में इस वायरस पर शत-प्रतिशत नियंत्रण प्राप्त कर उसे परास्त किया जा सकेगा। कुछ समय इसी स्थितियों में जीना है।

प्रत्येक व्यक्ति को अपने और सभी लोगों के बचाव के प्रति सतर्क रहना है। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में कोरोना वायरस की स्थिति, राज्य में किए गए प्रयासों और आगामी पखवाड़े में लॉकडाउन-4 में क्षेत्रवार गतिविधियों के संचालन के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा करते हुए कहीं।

मध्यप्रदेश में श्रमिकों को मिली सुविधाएं

बैठक में अपर मुख्य सचिव श्री आई. सी. पी. केशरी ने बताया कि 88 ट्रेनें श्रमिकों को लेकर आ चुकी हैं। अन्य 22 ट्रेनें आएंगी। इस तरह 110 ट्रेनों की व्यवस्था से बड़े पैमाने पर श्रमिकों को घर पहुंचने का कार्य संपन्न हो रहा है। अन्य राज्यों के प्रवासी श्रमिकों को राज्य में भोजन और आगे की सड़क मार्ग से यात्रा के लिए परिवहन की सुविधा देने का कार्य बहुत मुस्तैदी से किया गया है। प्रत्येक जिले में श्रमिकों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई। अनेक श्रमिकों ने मध्यप्रदेश में मिली सुविधाओं को अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर बताया है।

बैठक में बताया कि प्रदेश में लॉकडाउन-4 के संबंध में विधिवत आदेश जारी कर क्षेत्रवार गतिविधियों के संचालन के संबंध में शीघ्र ही जानकारी दी जाएगी।

भोपाल मॉडल की चर्चा

मुख्यमंत्री को जानकारी दी गई कि भोपाल में इस माह किए गए विशेष प्रयासों से कोरोना वायरस के नियंत्रण में काफी सफलता प्राप्त हुई है। आईजी श्री उपेंद्र जैन ने बताया कि प्रत्येक थाना क्षेत्र में 10 कोरोना मित्र बनाकर कम्युनिटी को शामिल करने का कार्य किया गया। सभी समुदायों को जागरूकता प्रयासों से जोड़ा गया। सैंपलिंग और सर्विलेंस की व्यवस्थाओं से भोपाल रोग नियंत्रण में एक मॉडल के रूप में सामने आ रहा है। होम क्वारेंटाइन के प्रति लोग सहयोग प्रदान कर रहे हैं। जिन परिवारों में कोई सदस्य अन्य स्थान से आए हैं वह परिवार के सदस्य को जागरूक बनाते हुए क्वारेंटाइन व्यवस्था में सहयोग दे रहे हैं।

'वन्दे भारत' मिशन में आ रहे भारतीय प्रदेश में क्वारेंटाइन कर सकेंगे

भोपाल, भारत सरकार द्वारा विदेशों से भारतीय नागरिकों को वापस लाने के लिये 'वन्दे भारत' मिशन के अंतर्गत विभिन्न देशों से भारत आये ऐसे नागरिक जिनकी मध्यप्रदेश में क्वारेंटाइन की इच्छा है, उन्हें जिला मुख्यालयों पर शासन के संस्थागत क्वारेंटाइन सुविधा केंद्रों पर भुगतान के साथ रहने की अनुमति दी जायेगी। गृह विभाग द्वारा इस संबंध में स्टैण्डर्ड ऑपरेशन प्रोसीजर जारी किया गया है।

प्रमुख सचिव, गृह श्री एस.एन. मिश्रा ने बताया कि स्टैण्डर्ड ऑपरेशन प्रोसीजर के अंतर्गत ऐसा व्यक्ति, जो मध्यप्रदेश में आना चाहता हो, उसे अपनी सभी जानकारियां रेजीडेंट कमिश्नर के समक्ष प्रस्तुत करनी होंगी। ऐसे यात्रियों को रेजीडेंट कमिश्नर कार्यालय, नई दिल्ली द्वारा आवश्यक ऑथराइजेशन जारी किया जायेगा।

यात्री सभी जानकारी रेजीडेंट कमिश्नर कार्यालय में दें

ऐसे यात्री मध्यप्रदेश आने के सभी प्रबंध स्वयं करेंगे। हालांकि उन्हें अपनी प्रस्थान की तिथि, वाहन क्रमांक, मोबाइल नम्बर और गंतव्य जिले की जानकारी रेजीडेंट कमिश्नर कार्यालय, नई दिल्ली को देना होगी। उक्त सूचनाओं के प्राप्त होने पर ही आवश्यक ऑथराइजेशन जारी किया जायेगा। इस ऑथराइजेशन में क्वारेंटाइन सेंटर के नाम का उल्लेख करना होगा, जहां संबंधित व्यक्ति को अपनी क्वारेंटाइन अवधि बितानी है। इस ऑथराइजेशन में आवेदक का नाम, क्वारेंटाइन सेंटर तथा संबंधित जिला का उल्लेख करना होगा। एडिशनल रेजीडेंट कमिश्नर संबंधित कलेक्टर्स को इस बारे में सूचना देगा। संबंधित व्यक्ति को रेजीडेंट कमिश्नर के समक्ष इस आशय की अंडरटेकिंग देनी होगी कि वह क्वारेंटाइन सहित समस्त प्रकार के भुगतान करेगा।

सोशल डिस्टेंसिंग का करें पालन

मध्यप्रदेश में ट्रांजिट के दौरान संबंधित व्यक्ति को कोविड-19 फैलने से बचाव के लिये सभी जरूरी कदम उठाने होंगे। आवेदक को सोशल डिस्टेंसिंग एण्ड वॉशिंग, श्वसन संबंधी हाईजीन के प्रति सचेत रहना होगा। अपने गंतव्य जिले में पहुंचने पर संबंधित व्यक्ति को तत्काल जिला कलेक्टर को रिपोर्ट प्रस्तुत करनी होगी। जिला कलेक्टर उन्हें संस्थागत क्वारेंटाइन में भेजेगा, जिसका व्यय संबंधित व्यक्ति को वहन करना होगा। क्वारेंटाइन की 14 दिन की अवधि पूर्ण होने पर व्यक्ति का आरटी-पीसीआर टेस्ट किया जायेगा।

यदि टेस्ट में संबंधित व्यक्ति की रिपोर्ट नकारात्मक पाई जाती है तो उसे घर जाने की अनुमति दी जायेगी। इसके बाद उसे 14 दिन की होम क्वारेंटाइन अवधि भी बितानी होगी। जिला कलेक्टर के निर्देश पर सभी आवश्यक जानकारियां एकत्र की जायेंगी। क्वारेंटाइन अवधि बीतने के बाद वापस आने वालों को अपरिहार्य रूप से आरोग्य सेतु अपने साथ रखना होगा।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

राष्ट्रीय जल जीवन मिशन

नल के माध्यम से हर घर में पहुंचायेंगे शुद्ध पानी - मुख्यमंत्री

मिशन मोड में कार्य कर 2023 तक पूरा करेंगे लक्ष्य

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के संबंध में चर्चा करते हुये।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत द्वारा आयोजित की गई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कहा कि राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों के प्रत्येक घर में नल के माध्यम से शुद्ध पानी पहुंचाने के लक्ष्य को पूरा किया जाएगा। केंद्र द्वारा लक्ष्य को वर्ष 2024 के स्थान पर वर्ष 2023 तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं, तद्नुसार योजना का पुनर्निधारण कर मिशन मोड में कार्य किया जाएगा।

केंद्रीय जल शक्ति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत अब वर्ष 2023 तक निर्धारित लक्ष्यों को पूरा किया जाना है। इस वर्ष केंद्र सरकार मिशन के क्रियान्वयन के लिए मध्यप्रदेश को 1280 करोड़ रुपये का बजट देगी। इतनी ही राशि राज्य सरकार मिलाएगी। इसके साथ इस बार मध्यप्रदेश को लगभग 6500 करोड़ रुपये मनरेगा के अंतर्गत प्रदाय किए जाएंगे। मनरेगा में 65 प्रतिशत राशि जल संबंधी कार्यों के लिए खर्च की जानी है अतः इसमें से भी कुछ राशि का उपयोग जल जीवन मिशन के लिए किया जा सकता है।

103 लाख परिवारों को नल के माध्यम से पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य

श्री चौहान ने बताया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रदेश में घर पर नल के माध्यम से जल प्रदाय से शेष लगभग 85 प्रतिशत (103.67 लाख) परिवारों को एफएचटीसी (फंक्शनल हाऊसहोल्ड टैप कनेक्शन) के माध्यम से वर्ष 2023-24 तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की योजना है।

लेन-देन के लिए सिंगल नोडल अकाउंट

मुख्यमंत्री ने बताया कि भारत सरकार के दिशा निर्देश अनुरूप मिशन के लेन-देन के लिए सिंगल नोडल अकाउंट खोले जाने की अनुमति प्रदान कर दी गई है। साथ ही मिशन के क्रियान्वयन के लिए आवश्यक संस्थाओं के इम्पैनलमेंट की कार्रवाई भी शुरू हो गई है। पूर्व से स्थापित तथा वर्तमान में प्रचलित योजनाओं के रेट्रोफिटिंग का कार्य तुरंत प्रारंभ किया जाएगा।

321 गुणवत्ता प्रभावित गांवों में शुद्ध पेयजल इसी वर्ष

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश के कुल 321 गुणवत्ता प्रभावित गांवों में शुद्ध पेयजल इस वर्ष के अंत तक उपलब्ध करवा दिया जाएगा। वर्ष 2020-21 की प्रस्तावित कार्ययोजना में अधिक से अधिक अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति बाहुल्य गांवों में कार्य प्रारंभ कराए जाएंगे।

805 गांवों में एक लाख 31 हजार नल कनेक्शन (एफएचटीसी)

श्री चौहान ने कहा कि जल निगम द्वारा 1231 करोड़ रुपये की 19 समूह योजनाओं को पूरा कर लिया गया है, जिनके माध्यम से प्रदेश के 805 गांवों में 1 लाख 31 हजार से अधिक क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) प्रदान किए गए हैं। जल निगम के अंतर्गत वर्तमान में 39 समूह योजनाओं में 8 हजार 375 करोड़ रुपये के कार्य प्रगति पर हैं।

चालू वर्ष में 5.45 लाख तथा अगले वर्ष में 7.84 लाख कनेक्शन

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में वर्ष 2020-21 में 3 हजार करोड़ रुपये की लागत की योजनाओं से 5 लाख 45 हजार एफएचटीसी कनेक्शन तथा वर्ष 2021-22 में 2 हजार करोड़ रुपये की लागत की योजनाओं से 7 लाख 84 हजार एफएचटीसी प्रदान किए जाएंगे।

जहां भू-जल स्त्रोत नहीं है वहां भी कनेक्शन

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में जिन क्षेत्रों में भू-जल की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है, वहां सतही स्त्रोत आधारित समूह जल प्रदाय योजनाओं की डीपीआर तैयार कर ली गई है। इन कार्यों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत कराया जाएगा।

जल प्रयोगशालाओं का एन.ए.बी.एल. प्रमाणीकरण

मुख्यमंत्री ने कहा कि नल-जल योजनाओं के माध्यम से अच्छी गुणवत्ता का पेयजल गांव में मिल सके इसके लिए जिलों की जल प्रयोगशालाओं का चरणवद्ध तरीके से एन.ए.बी.एल प्रमाणीकरण करवाया जाएगा।

क्या है जल जीवन मिशन

भारत सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शत-प्रतिशत परिवारों को अच्छी गुणवत्ता का पेयजल निरंतर एवं पर्याप्त मात्रा में प्रदाय कराने के लिए जल जीवन मिशन प्रारंभ किया गया। इसकी घोषणा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त 2019 को की थी। मिशन का उद्देश्य वर्ष 2024 तक प्रत्येक घर में क्रियाशील घरेलू नल कनेक्शन (एफएचटीसी) के माध्यम से 55 लीटर शुद्ध पानी प्रति व्यक्ति प्रतिदिन उपलब्ध कराया जाना निर्धारित किया गया।

हर मजदूर को घर पहुंचाएंगे और काम दिलाएंगे - मुख्यमंत्री

दूसरे प्रदेशों के मजदूरों के लिए भी की गई हैं सारी व्यवस्थाएं

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसी भी प्रदेश के मजदूर हों, वे हमारे भाई-बहन हैं, हम हर मजदूर को उसके घर पहुंचाएंगे तथा हर मजदूर को काम दिलाएंगे। प्रदेश में 21 मई तक 4 लाख 82 हजार से अधिक मजदूरों को घर वापस पहुंचाया गया है। वहीं दूसरे प्रदेशों के मजदूरों को राज्य की सीमा तक छोड़ने के साथ ही उनके लिए अन्य व्यवस्थाएं भी की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि सर्वप्रथम प्रदेश के दूसरे जिलों में फंसे मजदूरों को उनके गृह जिलों में पहुंचाया गया। फिर विभिन्न प्रदेशों में फंसे हुए मजदूरों को प्रदेश में लाने का कार्य किया गया। पहले बसों के माध्यम से मजदूर प्रदेश आए उसके बाद केंद्र सरकार की सहायता से ट्रेनें चलीं और ट्रेन से भी मजदूर आने लगे। अभी तक इस कार्य में 115 ट्रेनें और हजारों बसें लगाई गई हैं। रेल से करीब एक लाख 44 हजार एवं बस से लगभग 3 लाख 38 हजार श्रमिक वापस आए हैं।

श्री चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश देश के मध्य में स्थित होने से यहां से होकर एक प्रदेश के मजदूर दूसरे प्रदेशों को जा रहे थे। जब देखा कि कई मजदूर पैदल ही जा रहे हैं, तो हर जिले के कलेक्टर को निर्देशित किया गया कि तुरंत ऐसे मजदूरों को बसों आदि के माध्यम से राज्य की सीमाओं तक छुड़वाया जाए। साथ ही उनके चाय, नाश्ते, भोजन-पानी का भी इंतजाम किया गया। इस कार्य में समाजसेवी संगठनों और जनता ने भी पूरी मानवता का परिचय देते हुए मजदूरों की सेवा की। जिनके पास जूते-चप्पल नहीं थे उन्हें जूते-चप्पल पहनाए गए। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश सरकार हर मजदूर को कार्य दे रही है। प्रदेश में मनरेगा के अंतर्गत बड़ी संख्या में मजदूरों को कार्य दिया गया है। जिन मजदूरों के जॉब कार्ड नहीं हैं, उनके जॉब कार्ड बनवाए जा रहे हैं। साथ ही उनकी कुशलता के अनुसार उन्हें विभिन्न उद्योगों, व्यवसायों, निर्माण कार्यों में कार्य दिलाया जाएगा। हर मजदूर को निःशुल्क राशन की व्यवस्था भी की गई है।

प्रदेश में 21 मई तक गुजरात से एक लाख 98 हजार, राजस्थान से एक लाख 5 हजार, महाराष्ट्र से एक लाख 10 हजार श्रमिक वापस लाये गये हैं। इसके अलावा गोवा, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, केरल, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु एवं तेलंगाना से भी श्रमिक आए हैं। प्रतिदिन विभिन्न प्रदेशों से मध्यप्रदेश की सीमा पर 20 से 25 हजार लोग पैदल आ रहे हैं। सभी को बसों के माध्यम से राज्य की सीमा पर भिजवाया जा रहा है।

पशुधन बीमे से नुकसान शून्य और मुनाफा है शत प्रतिशत

भोपाल, कृषक अब खेती पर ही निर्भर नहीं हैं, वे पशुपालन के माध्यम से भी अपनी आमदनी में अतिरिक्त वृद्धि कर सकते हैं। राज्य शासन की पशुधन बीमा योजना से दुग्ध उत्पादन, मुर्गी पालन, भेड़-बकरी जैसे अन्य दुधारू पशुओं के साथ अन्य पशुपालन अब आसान हो गया है। पशुधन बीमा योजना से पशुपालकों को अब नुकसान नहीं के बराबर और मुनाफा पूरा मिलता है।

पशुधन बीमा सभी श्रेणी के पशुओं के लिए

मध्यप्रदेश राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम के प्रबंध संचालक डॉ. एच.बी.एस. भदौरिया ने बताया कि पशुधन बीमा योजना प्रदेश के सभी जिलों में लागू है। इसमें दुधारू पशुओं के साथ ही सभी श्रेणी के पशुधन का भी बीमा कराया जा सकता है। योजना में एक हितग्राही के अधिकतम 5 पशुओं का बीमा किया जाता है। भेड़, बकरी, सुकर आदि 10 पशुओं की संख्या को एक पशु इकाई माना गया है। इससे आशय है कि भेड़, बकरी एवं सूकर के पालक एक बार में अपने 50 पालतू पशुओं का बीमा करा सकेंगे।

वीमा प्रीमियम पर अनुदान एपीएल श्रेणी के पशुपालकों के लिए 50 प्रतिशत तथा बीपीएल, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति श्रेणी के पशुपालकों के लिये 70 प्रतिशत एवं शेष राशि हितग्राही देय करेगा। वीमा प्रीमियम की अधिकतम दर एक वर्ष के लिये 3 प्रतिशत तथा तीन वर्ष के लिये 7.50 प्रतिशत देय होगी। प्रदेश में वर्तमान दरें 2.45 प्रतिशत तथा 5.95 प्रतिशत लागू हैं। पशुपालक अपने पशुओं का बीमा एक वर्ष तथा तीन वर्ष तक के लिये करा सकेंगे।

24 घंटे के भीतर देनी होगी सूचना

बीमित पशु-पालकों को बीमित पशु की मृत्यु की सूचना 24 घंटे के भीतर बीमा कंपनी को देनी होगी। पशुपालन विभाग के चिकित्सक शव का परीक्षण करेंगे एवं उसकी रिपोर्ट में मृत्यु के कारणों का उल्लेख करेंगे। बीमा कंपनी को अधिकारी दावे संबंधी प्रपत्र एक माह के अंदर प्रस्तुत करेंगे। कंपनी 15 दिवस के अंदर दावे का निराकरण करेगी।

मध्यप्रदेश में लक्ष्य से ज्यादा हुआ गेहूं का उपार्जन

भोपाल, मध्यप्रदेश में समर्थन मूल्य पर लक्ष्य से ज्यादा गेहूं उपार्जन हो चुका है। इस वर्ष 100 लाख मीट्रिक टन गेहूं उपार्जन के निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 104 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लक्ष्य भले ही पूरा हो गया हो, परन्तु किसानों का पूरा गेहूं खरीदा जायेगा। किसानों को चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है। आगे खरीदी की सभी व्यस्थाएं की जा रही हैं। किसान धैर्य रखें उनका पूरा गेहूं सरकार खरीदेगी।

21 मई तक समर्थन मूल्य पर लगभग 13 लाख किसानों से गेहूं खरीदा गया है। उपार्जित गेहूं का सुरक्षित भंडारण भी किया गया है। गेहूं खरीदी के विरुद्ध 10 लाख 32 हजार किसानों के खातों में 11 हजार 860 करोड़ रुपये की राशि ट्रांसफर की जा चुकी है। कोरोना संकट के होते हुए भी मध्यप्रदेश में गेहूं उपार्जन के लिए जो व्यवस्था की गई थी, उसी का सुफल है कि प्रदेश में लक्ष्य से अधिक गेहूं खरीदी की गई है। जितने किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए पंजीयन कराया है उनके गेहूं खरीदने की व्यवस्था की जायेगी। समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन के क्षेत्र में मध्यप्रदेश देश के प्रमुख राज्य के रूप में दूसरे नंबर पर पहुंच गया है। गेहूं उपार्जन के साथ त्वरित गति से भंडारण पर भी विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे बरसात के पूर्व उपार्जित गेहूं का सुरक्षित भंडारण हो सके। गेहूं का उपार्जन जब कोरोना के कारण देर से प्रारंभ हुआ था, तब ऐसी आशंका व्यक्त की गई थी कि शायद उपार्जन का लक्ष्य ही पूरा न हो सके। लेकिन मध्यप्रदेश सरकार की व्यवस्थाओं ने इन आशंकाओं को निर्मूल साबित करते हुए लक्ष्य से अधिक गेहूं उपार्जन का रिकॉर्ड बनाया है।

मध्यप्रदेश में 1 हजार 391 फीवर क्लीनिक कर रही हैं कार्य

भोपाल, मध्यप्रदेश के सभी जिलों में 1 हजार 391 फीवर क्लीनिक ने कार्य करना प्रारंभ कर दिया है, जिनमें अभी तक 42 हजार 151 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें से 30 हजार 555 व्यक्तियों को 'होम आइसोलेशन' में रहने की सलाह दी गई तथा 6 हजार 50 व्यक्तियों के कोरोना टेस्ट के लिए सैम्पल लिए गए। टेस्ट किए गए व्यक्तियों में से 2 हजार 959 व्यक्तियों को कोविड केयर सेंटर्स/अस्पताल में भिजवाया गया। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल स्थित मंत्रालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुये कहीं।

कोरोना का इलाज और आसान होगा

श्री चौहान ने बताया कि फीवर क्लीनिक के माध्यम से जनता के लिए स्वास्थ्य जांच एवं उपचार और आसान होगा। ये फीवर क्लीनिक धीरे-धीरे हर मोहल्ले, वार्ड, क्षेत्र में प्रारंभ की जाएंगी। ये शासकीय एवं निजी दोनों होंगी।

यहां कोई भी व्यक्ति जाकर आसानी से स्वास्थ्य जांच करवा सकेगा तथा चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त कर सकेगा। इसके अलावा सभी शासकीय एवं अनुबंधित चिकित्सालयों में कोरोना की निःशुल्क जांच व उपचार की सुविधा पूर्ववत् जारी रहेगी।

ग्वालियर जिले में टेस्ट के एक प्रतिशत से कम पॉजिटिव

ग्वालियर जिले की समीक्षा में बताया गया कि जिले में अभी तक 9 हजार 617 कोरोना टेस्ट किए गए, उनमें से 83 पॉजिटिव निकले जो एक प्रतिशत से भी कम हैं। सभी मरीज अच्छी हालत में हैं। गाइडलाइन अनुसार बाजार खोले जाने एवं रात्रिकालीन प्रतिबंध जारी रखने के निर्देश दिए गए।

मुरैना जिले की समीक्षा में बताया गया कि जिले के 58 कोरोना मरीजों में से 25 ठीक होकर घर चले गए हैं। कोई मृत्यु दर्ज नहीं है। मरीजों की हालत अच्छी है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि पूरी सावधानी रखें, संक्रमण फैलना नहीं चाहिए।

बरात नहीं निकाली जा सकती

मुख्यमंत्री ने कहा कि गाइडलाइन के नियम अनुसार संक्रमित क्षेत्रों के बाहर शादी में दोनों पक्षों से 25-25 अधिकतम 50 सदस्य शामिल होने की अनुमति दी गई है, परंतु विवाह समारोह नहीं किया जा सकता और न ही बरात निकाली जा सकती है। नियम तोड़ने पर एफआईआर दर्ज की जाए। बताया गया कि जाटखेड़ी भोपाल में एक बरात आई जिसमें दुल्हन संक्रमित हुई तथा 35 बरातियों को क्वारेंटाइन किया गया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

शहरी बस्तियों में कोविड-19 के नियंत्रण के लिये दिशा-निर्देश जारी

भोपाल, शहरी नई बस्तियों में कोविड-19 की रोकथाम तथा नियंत्रण के लिये आयुक्त स्वास्थ्य सेवाएं, श्री फैज अहमद किदवई ने प्रदेश के सभी कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन सह-मुख्य अस्पताल अधीक्षकों को दिशा-निर्देश जारी किये हैं।

जारी निर्देशों के अनुसार स्थानीय निकायों को आवश्यक नियोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। नई बस्तियों के भौगोलिक विस्तार एवं जनसंख्या के घनत्व को दृष्टिगत रखते हुए उपयुक्त एवं वरिष्ठ इन्सिडेन्ट कमांडर को चिन्हांकित कर कोविड-19 के प्रसार को रोकने के लिये आवश्यक नियोजन सामग्री/वित्तीय प्रबंधन के लिये व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाएंगी। इन्सिडेन्ट कमांडर द्वारा म्यूनीसिपल कमिश्नर को रिपोर्ट दी जाएगी। इन्सिडेंट कमांडर द्वारा स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, आवास एवं नगरीय विकास, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी आदि विभागों के अधिकारियों, स्वच्छ भारत मिशन के अधिकारी/कर्मचारियों जन प्रतिनिधियों तथा क्षेत्र में पूर्व से कार्यरत गैर शासकीय संस्थानों, स्थानीय नेताओं आदि से आवश्यक समन्वय स्थापित किया जाएगा।

कोविड-19 के कंटेनमेंट के लिये शहरी बस्तियों तथा नगरीय रहवासी बसाहटों में कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिये शहरी डिस्पेन्सरी/शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ स्वास्थ्यकर्मी, ए.एन.एम. शहरी आशा, शहरी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, म्युनिसिपल स्वास्थ्यकर्मी, सफाईकर्मी सामुदायिक स्वास्थ्य वॉलेन्टियर तथा अन्य स्वयंसेवक (NSS/NYK/NCC/NGO आदि) दलों का सहयोग प्राप्त करने के निर्देश दिये हैं। आवश्यकता अनुसार अन्य प्रशिक्षित मानव संसाधन की तर्कसंगत पदस्थी किये जाने तथा समस्त मानव संसाधन का कोविड नियंत्रण के संबंध में आवश्यक उन्मुखीकरण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सुनिश्चित करने को कहा गया है। मैदानी दलों को कोविड-19 के संदिग्धों की संक्रीय पहचान, नामजद लिस्टिंग, कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग के संबंध में ट्रेनिंग एवं आवश्यक प्रश्नावली प्रपत्र दिया जाएगा। दलों को नागरिकों के तापमान की जाँच के लिये नॉन टच थर्मामीटर तथा ऑक्सीजन सेचुरेशन परीक्षण के लिये दिया जाएगा।

स्थानीय जन-प्रतिनिधि, धर्म गुरु, गणमान्य नागरिक आदि का सहयोग कोविड-19 के सामुदायिक जागरूकता के लिये लिया जाएगा। रिस्क कम्युनिकेशन मनोसामाजिक मुद्दे एवं कोविड-19 से जुड़े कलंक, भ्रांतियों को दूर करने के लिये स्थानीय भाषा में सार्वजनिक स्थलों जैसे शौचालय, सामुदायिक भवन, जल संग्रहण स्थल आदि पर प्रसार सामग्री का प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही लोकल केबल टी.वी. चैनल्स का उपयोग तथा सोशल मीडिया के द्वारा उपयुक्त मैसेजिंग सुनिश्चित किया जाएगा। कोविड-19 के आम लक्षण तथा उच्च जोखिम संवर्ग विशेषकर वृद्ध जन, मधुमेह, हृदय रोग, फेफड़े-गुर्दे के रोगी को लक्षित कर व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है।

कंटेनमेंट क्षेत्र के रहवासियों के आगमन एवं निर्गमन को कड़ाई से नियंत्रित किए जाने और लोगों को घर के अंदर रखने के लिये दंड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग किया जाने को कहा गया है। स्थानीय प्रशासन द्वारा आवश्यक सेवायें जैसे भोजन, दूध, किराना, औषधियों एवं अन्य आवश्यक सेवाओं को जारी रखने के लिये आवश्यक कदम उठाये जाने तथा टीकाकरण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टी.बी. नियंत्रण, डायलिसिस तथा एन.सी.डी. जैसे आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं को जारी रखा जाएगा। यथासंभव राहत केंद्रों की जीओ टैगिंग सुनिश्चित किये जाने एवं मोबाइल एप्लीकेशन के द्वारा आवश्यक सूचना जन समुदाय तक पहुँचाने को कहा गया है।

जनसंख्या के घनत्व को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक स्वास्थ्यकर्मी को निश्चित संख्या में हाउसहोल्ड विजिट करने और बड़े क्षेत्रों के लिये आवश्यकतानुसार अधिक संख्या में अतिरिक्त वर्क फोर्स को तैनात करने तथा मैदानी सर्वेक्षण दलों को उपयुक्त PPE किट उपलब्ध कराने के निर्देश हैं।

मध्यप्रदेश से दिशा निकलेगी तो पूरे विश्व को लाभ होगा - बाबा रामदेव

रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिये किया जा रहा है आयुर्वेदिक दवाओं का उपयोग – मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल में बाबा रामदेव तथा स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये चर्चा करते हुये।

भोपाल, योगगुरु बाबा रामदेव ने कहा है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश में आयुर्वेदिक दवाओं के माध्यम से लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर कोरोना संक्रमण रोकने की दिशा में सराहनीय कार्य हुआ है। कोरोना मरीजों पर भी प्रदेश में आयुर्वेद दवा का उपयोग कारगर रहा है। कोरोना को नियंत्रित करने की मध्यप्रदेश से जो दिशा निकलेगी उससे पूरे विश्व को लाभ होगा। प्राणायाम एवं आयुर्वेदिक औषधियां कोरोना को रोकने एवं उसके इलाज में अत्यंत उपयोगी हैं।

योगगुरु बाबा रामदेव 20 मई को मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं मध्यप्रदेश के समस्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा कर रहे थे।

दो करोड़ लोगों को आयुर्वेदिक काढ़ा वितरित

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में कोरोना के इलाज एवं संक्रमण रोकने की श्रेष्ठतम व्यवस्था की गई है। साथ ही लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए आयुर्वेदिक दवाओं का प्रयोग किया जा रहा है। अभी तक लगभग 2 करोड़ लोगों को आयुष विभाग के सहयोग से त्रिकटु काढ़े के पैकेट्स वितरित किए गए हैं। कोरोना कार्य में लगे स्वास्थ्यकर्मी, पुलिसकर्मी आदि को भी काढ़ा पिलाया जा रहा है। श्री चौहान ने बाबा रामदेव को प्रदेश के चिकित्सा अधिकारियों को आयुर्वेदिक दवाओं के इस्तेमाल एवं प्राणायाम संबंधी मार्गदर्शन देने के लिए हार्दिक धन्यवाद दिया और आशा व्यक्त की कि आयुर्वेदिक दवाओं एवं प्राणायाम का उपयोग कोरोना के विरुद्ध जंग जीतने में अत्यधिक सहायक होंगे।

जिसकी इम्युनिटी अच्छी उसका कोरोना कुछ नहीं बिगाड़ सकता

बाबा रामदेव ने कहा कि जिस व्यक्ति की इम्युनिटी (रोग प्रतिरोधक क्षमता) अच्छी है उसका कोरोना कुछ नहीं बिगाड़ सकता। प्राणायाम एवं आयुर्वेदिक दवाओं के उपयोग से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बहुत अच्छी हो जाती है।

कोरोना के संक्रमण को तोड़ने में अश्वगंधा व गिलोय उपयोगी

बाबा रामदेव ने बताया कि कोरोना वायरस से होने वाले संक्रमण को तोड़ने में अश्वगंधा एवं गिलोय अत्यंत कारगर होते हैं। कोरोना मरीजों के उपचार में इनके उपयोग के अच्छे परिणाम सामने आए हैं।

प्राणायाम नियमित रूप से करें

बाबा रामदेव ने बताया कि कोरोना से बचाव के लिए 6 प्राणायाम भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी एवं उज्जयी प्राणायाम नियमित रूप से करें। कोरोना के मरीज भी ये प्राणायाम कर सकते हैं। प्राणायाम का तुरंत लाभ होता है।

गिलोय, तुलसी, काली मिर्च, हल्दी, अदरक का काढ़ा पिएं

बाबा रामदेव ने बताया कि कोरोना को रोकने के लिए गिलोय, तुलसी, काली मिर्च, हल्दी एवं अदरक का काढ़ा रोज पिएं। इससे रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी अच्छी हो जाती है। गिलोय, अश्वगंधा एवं अणुतेल भी काफी उपयोगी हैं।

आरोग्य कसायन-20 से कोरोना मरीजों को लाभ

सचिव आयुष श्री एम.के. अग्रवाल ने बताया कि मध्यप्रदेश में क्वारेंटाइन सेंटर्स में रहने वाले 4 हजार लोगों को तथा कोरोना के 532 मरीजों को आरोग्य कसायन-20 आयुर्वेदिक औषधि दी गई, जिसके काफी अच्छे परिणाम सामने आए हैं।

इन मरीजों में से 504 मरीज स्वस्थ होकर घर चले गए हैं। प्रदेश में 7 आयुर्वेद चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम निरंतर शोध कर रही है कि कोरोना के विरुद्ध कौन-कौन सी आयुर्वेद की दवाएं अत्यंत उपयोगी हैं।

प्रदेश के छोटे एवं मध्यम व्यवसायियों की सरकार करेगी मदद



खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कैट के पदाधिकारियों के साथ चर्चा करते हुये।

भोपाल, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, सहकारिता एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविन्द सिंह राजपूत ने कैट के पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा की। उन्होंने प्रदेश के व्यापारी संघ के पदाधिकारियों से कहा कि सरकार हर हाल में उनके साथ है। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं कि जहां लॉकडाउन के कारण आम जनता को परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं व्यापारी वर्ग को भी काफी नुकसान उठाना पड़ा है।

श्री राजपूत ने कहा कि छोटे एवं लघु व्यवसायियों को बिजली के बिल में छूट देने के संबंध में मुख्यमंत्री द्वारा कैबिनेट में चर्चा की गई। इस संबंध में कुछ ही दिनों में अच्छे परिणाम सामने आयेंगे। उन्होंने कहा कि स्ट्रीट वेंडर को दस-दस हजार आर्थिक सहायता दिए जाने के संबंध में मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार लिस्टिंग की जा रही है। शीघ्र ही योजना बनने वाली है जिसका लाभ उन्हें मिलेगा।

उन्होंने महिलाओं की सहभागिता के सुझाव पर कहा कि छोटे-छोटे व्यवसायों में छोटे-छोटे ऋण के माध्यम से महिलाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। समूह के माध्यम से महिलाओं को काम ही नहीं बल्कि उनके द्वारा तैयार माल की खपत की व्यवस्था की जायेगी। आत्मनिर्भर भारत योजना के माध्यम से जो पैकेज मिला है उसमें व्यापारियों के सुझाव भी रखे जायेंगे।

श्री राजपूत ने लोहिया बाजार में दुकानों के खुलने के समय के प्रस्ताव पर कहा कि गर्मी में लोहे का काम करने वाली दुकानों को सुबह और शाम के समय खोले जाने के प्रस्ताव पर जिला कलेक्टर से चर्चा करेंगे। लघु एवं छोटे व्यापारियों को भोजन सामग्री उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर उन्होंने कहा कि शासन द्वारा पहले से ही आटा, गेहूं, चावल आदि का वितरण किया जा रहा है। बुन्देलखंड में विशेषकर ओरछा में लॉकडाउन के कारण होटल, उद्योग एवं विशेषकर पर्यटन आधारित धंधे प्रभावित हुए हैं।

तीस जून तक पुरानी गाइडलाइन पर ही लगेगा पंजीयन शुल्क

भोपाल, राज्य शासन द्वारा आम जनता को राहत तथा रियल एस्टेट कारोबार को गति देने के लिये 30 जून, 2020 तक गाइडलाइन वर्ष 2019-20 को यथावत् जारी रखने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में 17 मई को अधिसूचना जारी की जा चुकी है। इससे समग्र रूप से जमीनों/भवनों के क्रय पर लगने वाली स्टाम्प और पंजीयन शुल्क में 5 प्रतिशत की कमी आयेगी।

रियल एस्टेट से संबंधित विभिन्न संगठनों द्वारा सम्पत्ति अंतरण पर स्टाम्प ड्यूटी तथा पंजीयन शुल्क कम करने की मांग पर मंत्रियों के समूह द्वारा आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये गाइडलाइन वर्ष 2019-20 एवं पंजीयन शुल्क 5 प्रतिशत कम करने की अनुशंसा की गई थी।

पंजीयन एवं मुद्रांक के महानिरीक्षक श्री सुखवीर सिंह ने बताया कि वर्ष 2020-21 की गाइडलाइन दिनांक 30 जून तक स्थापित रखी गई है, जिनमें निर्माण दरों में वृद्धि की गई है। इस प्रकार दिनांक 30 जून तक अचल सम्पत्ति के दस्तावेजों का पंजीयन कराने पर पक्षकारों को होने वाले व्यय में 5 से 15 प्रतिशत का लाभ मिलेगा।

दिव्यांग-वृद्धजन की घर वापसी के लिए सेल गठित

भोपाल, मध्यप्रदेश में कोरोना वायरस के संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए दिव्यांग एवं वृद्धजन की उनके अपने घर वापसी की व्यवस्था के लिए श्रीमती रेनू तिवारी आयुक्त सामाजिक न्याय एवं निःशक्तजन कल्याण ने संचालनालय स्तर पर आठ सदस्यीय अधिकारी एवं कर्मचारी का सेल गठित किया है। दिव्यांगजन-वृद्धजन अपनी समस्याओं के लिए संचालनालय में स्थापित कंट्रोल रूम में कार्यालयीन समय में फोन नं. 0755-2556916 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

आयुक्त ने बताया कि सेल के गठन के बाद से अब तक 6 दिव्यांगजन को उनके गृह नगर पहुंचाया गया है। श्री कमलेश कुमार नीमा को पत्नी-बच्चे सहित लालघाटी भोपाल से रीवा भिजवाया गया। श्री देवेश अहिरवार, अम्बेडकर नगर जिला इंदौर में फंसे हुए थे, जिन्हें इंदौर से उनके गृह जिला छतरपुर, जिला प्रशासन से समन्वय कर पहुंचाया गया।

श्री कमलेश कुमार जाटव (दृष्टिबाधित दिव्यांग) को श्री ज्ञानेन्द्र पुरोहित, समाज सेवी की मदद से जिला प्रशासन से समन्वय कर इंदौर से उनके गृह जिला शिवपुरी पहुंचाया गया। श्री संदीप कुमार (मूक-बधिर दिव्यांग) को जिला इंदौर से ग्वालियर प्रशासन से समन्वय कर एवं श्री हरि सिंह (मूकबधिर दिव्यांग) को जिला इंदौर से मुरैना जिला प्रशासन से समन्वय कर उनके गृह नगर पहुंचाया गया।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

चर्चा में

जेसिंडा अर्डर्न

सोशल डिस्टेंसिंग के चलते रेस्तरां में नहीं मिली एंट्री

न्यूजीलैंड में सामाजिक दूरी के नियम के साथ रेस्तरां और कैफे को खोलने की अनुमति मिल गई है, इसी के चलते प्रधानमंत्री जेसिंडा अर्डर्न अपने मंगेतर क्लार्क गेफोर्ड के साथ राजधानी वेलिंगटन स्थित रेस्तरां में गई थीं। सोशल डिस्टेंसिंग के चलते जगह न होने के कारण उन्हें रेस्तरां में एंट्री नहीं दी गई। रेस्तरां मालिक ने क्षमा मांगते हुए उन्हें रेस्तरां में आने से रोक दिया।

निओम सिटी प्रोजेक्ट में

कोरोना संक्रमण के कारण हो सकती है देरी

यूएई के फ्यूचर सिटी (NEOM City) को 2025 तक पूरा करने और 'टूरिस्ट हब' बनाने के सपने पर कोरोना संक्रमण काल की वजह से रोक लग गई है। यह सिटी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान का फ्लैगशिप प्रोजेक्ट है। 10 हजार 230 स्क्वायर मील में फैले इस प्रोजेक्ट में बेहद हाईटेक इमारतें, महलों में हेलिपेड, मरीना और गोल्फ कोर्स बनाये जा रहे हैं। निओम का ग्रीक में मतलब होता है 'नया' और 'अरबी' में भविष्य, इसलिए यह प्रोजेक्ट 'निओम सिटी' या फ्यूचर सिटी के नाम से भी मशहूर हुआ।

मनमीत कौर

'द सिख ग्रुप' द्वारा दिये जाने वाले अवॉर्ड के लिये नामित

पाकिस्तान की पहली सिख महिला पत्रकार मनमीत कौर को ब्रिटेन में एक प्रतिष्ठित अवॉर्ड के लिए नामांकित किया गया है। इसकी जानकारी 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यूनल' में प्रकाशित की गई है। जानकारी के अनुसार यह अवॉर्ड ब्रिटेन स्थित 'द सिख ग्रुप' द्वारा दुनियाभर में 30 साल से कम उम्र की 100 सबसे प्रभावशाली सिख हस्तियों को दिया जाता है। पुरस्कार अगले वर्ष ब्रिटेन में समारोहपूर्वक दिया जाएगा।

कम्प्रेस्ड अल्ट्राफास्ट स्पेक्ट्रल फोटोग्राफी डिवाइस

बना सकती है 70 खरब फ्रेम प्रति सेकंड

वैज्ञानिकों ने एक ऐसा कैमरा तैयार किया है, जो 70 खरब फ्रेम प्रति सेकंड बना सकता है। इस कैमरे का इस्तेमाल परमाणु संलयन, रेडियोधर्मी मौसम या खगोलीय घटनाओं को पकड़ने के लिए किया जा सकता है। कम्प्रेस्ड अल्ट्राफास्ट स्पेक्ट्रल फोटोग्राफी डिवाइस नामक यह कैमरा बहुत सूक्ष्म लेजर कंपन का उत्सर्जन करता है, जो प्रकाश तरंगों में बदलाव को कैप्चर कर सकता है।



अनुराग जैन

दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी के वाइस चेयरमैन बने

मध्यप्रदेश वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव और 1989 बैच के सीनियर आईएएस अधिकारी अनुराग जैन को दिल्ली डेवलपमेंट अथॉरिटी का वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया है। वे कुशल प्रशासनिक अधिकारी हैं। केन्द्र सरकार ने उनकी नियुक्ति पर मुहर लगा दी है।

मनोज आहूजा

सीबीएसई के नए प्रमुख नियुक्त

ओडिशा कैडर के आईएएस अफसर मनोज आहूजा सीबीएसई के प्रमुख नियुक्त किए गए हैं। उन्होंने अनीता कारवाल की जगह ली है। इससे पहले मनोज आहूजा कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के अधीन लाल बहादुर शास्त्री नेशनल अकादमी ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन के स्पेशल डायरेक्टर के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे थे।



राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद

नहीं खरीदेंगे लिमोजिन कार

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कोरोना के खिलाफ लड़ाई में सहयोग के लिए पूरे साल 30 प्रतिशत कम वेतन लेंगे। खर्च में कटौती के लिए राष्ट्रपति ने लिमोजिन कार खरीदने का प्रस्ताव भी स्थगित कर दिया है। उन्होंने समारोह, भोज, फूलों और कर्मचारियों पर खर्च कम करने का निर्णय लिया है। ऐसा करके राष्ट्रपति भवन सालभर में 50 करोड़ रुपये तक बचा सकेगा।



रायो मियाके

जापान के ओलिंपिक मेडलिस्ट फिट रहने के लिए बने फूड डिलिवरी बॉय

कोरोना संक्रमण के दौरान खुद को फिट रखने के लिए जापान के ओलिंपिक मेडलिस्ट फेंसर रायो मियाके ने अपना मेटल मास्क और फोइल (तलवार) की जगह साइकल और बैकपैक उठा लिया है। वे उबर-ईट्स के फूड डिलिवरी बॉय बन गए हैं और घर-घर जाकर फूड सप्लाय कर रहे हैं। 29 साल के मियाके ने लंदन ओलिंपिक में टीम फोइल इवेंट में सिल्वर मेडल जीता था।

डॉफिंग यूनिट

आईआईटी-एम और चेंगलपट्टू मेडिकल कॉलेज मिलकर बनायेंगे

इन दिनों दुनिया में फैल रहे कोरोना संक्रमण में इस्तेमाल होने वाली पीपीई किट को सुरक्षित तरीके से हटाने के लिए आईआईटी मद्रास के सिविल इंजीनियरिंग विभाग और चेंगलपट्टू मेडिकल कॉलेज के बीच डॉफिंग यूनिट की डिजाइन और विकास को लेकर नई साझेदारी हुई है। डॉफिंग यूनिट में मेडिकल पेशेवरों द्वारा इस्तेमाल में लाए गए पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्विपमेंट (पीपीई) को सुरक्षित तरीके से हटाया जा सकता है। इस प्रक्रिया में वायरस फैलने का खतरा नहीं रहता है।

जेफ बेजोस

2026 में दुनिया के पहले ट्रिलिनेयर होंगे

अमेजन के संस्थापक जेफ बेजोस 6 साल बाद 2026 में 62 वर्ष की उम्र में ट्रिलिनेयर हो जाएंगे। यह जानकारी सलाहकार फार्म 'कॉम्पेरिजन' की स्टडी रिपोर्ट में सामने आई है। रिपोर्ट के मुताबिक चीन के रियल एस्टेट कारोबारी शु जियामिन 2027 में जबकि मुकेश अंबानी 2033 में ट्रिलिनेयर बनेंगे।

स्लोवेनिया

कोरोना फ्री होने वाला पहला यूरोपीय देश बना

स्लोवेनिया वैश्विक महामारी कोरोना से मुक्त होने वाला पहला यूरोपीय देश बन गया है। उसने घोषणा करते हुए अपने देश की सीमाएं खोल दीं। सरकार ने कहा कि उपाय और सावधानी का बराबर उपयोग किया जायेगा। स्लोवेनिया की सीमा इटली, ऑस्ट्रिया, हंगरी और क्रोएशिया से लगी हुई है।

रॉबर्ट ऐजेवेदो

डब्ल्यूटीओ प्रमुख व्यक्तिगत कारणों से छोड़ेंगे पद

विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के प्रमुख रॉबर्ट एजेवेदो ने व्यक्तिगत कारणों से कार्यकाल समाप्त होने के एक साल पहले ही पद छोड़ने का निर्णय लिया है। ब्राजील के पूर्वराजनयिक ऐजेवेदो ने कहा कि वे 31 अगस्त को पद छोड़ देंगे। वे सितंबर 2013 से डब्ल्यूटीओ के प्रमुख थे। उनका दूसरा कार्यकाल अगस्त 2021 में समाप्त होना था।

लियोनल मेसी

5.40 लाख यूरो दान किए

अर्जेंटीना के सुपर स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी ने कोरोना संकट के समय में अपने देश के अस्पतालों की मदद के लिए 5 लाख 40 हजार यूरो दान किए। इस दान का इस्तेमाल स्वास्थ्य प्रोफेशनल के लिए सुरक्षा उपकरण खरीदने में किया जाएगा।

ऑस्कर अवॉर्ड्स

93 साल में पहली बार 4 माह आगे बढ़े

ऑस्कर अवॉर्ड्स कोरोना संक्रमण के कारण 93 साल में पहली बार अपने तय समय से 4 माह आगे बढ़े हैं, क्योंकि संक्रमण काल के कारण नॉमिनेशन एंट्रीज तय समय पर नहीं पहुंच सकीं। 1929 में हुई पहली सेरेमनी से अब तक यह तय समय पर ही होती थी। 28 फरवरी 2021 को होने वाला ऑस्कर पुरस्कार अब मई-जून 2021 तक के लिए बढ़ा दिया गया है।

बेनी गेंट्ज

इजरायली संसद के अध्यक्ष पद से दिया इस्तीफा

इजरायल की संसद के अध्यक्ष बेनी गेंट्ज ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इजरायल के पूर्व सैन्य प्रमुख गेंट्ज की ओर से जारी बयान में कहा गया कि उन्होंने औपचारिक रूप से केसेट (संसद) के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने गठबंधन सरकार बनने के दो दिन पहले इसकी घोषणा की है।

स्मृति शेष

कॉमेडियन जैरी स्टिलर का निधन

दिग्गज अभिनेता और कॉमेडियन जैरी स्टिलर का 92 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके बेटे बेन स्टिलर ने इस खबर के बारे में जानकारी दी। स्टिलर को ब्रॉडवे और यूएस के शो 'सीनफील्ड' से खासी लोकप्रियता मिली थी। स्टिलर और उनकी पत्नी एनीमेरा ने 1960 के दशक में ही रंगमंच और टेलीविजन कार्यक्रमों में काम करना शुरू किया था।

ऑस्ट्रिया की राजकुमारी मारिया का निधन

ऑस्ट्रिया की राजकुमारी मारिया गलिट्जाइन का 31 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने भारतीय मूल के शेफ ऋषिरूप सिंह से विवाह किया था। इसके बाद उन्होंने अपना नाम मारिया सिंह कर लिया था। वे अमेरिका में इंटीरियर डिजाइनर के तौर पर कार्य कर रही थीं। वे ऑस्ट्रिया के राजा चार्ल्स प्रथम की वंशज थीं।

पद्मभूषण से सम्मानित लेखक अनिसुज्जमां का निधन

पद्मभूषण से सम्मानित बांग्लादेश के मशहूर लेखक अनिसुज्जमां का सेना के अस्पताल में 83 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। बांग्ला साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए भारत सरकार ने उन्हें पद्मभूषण सम्मान प्रदान किया था।

अभिनेता साई गुंडेवर का निधन

'पीके' और 'रॉक ऑन' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय की छाप छोड़ने वाले अभिनेता साई गुंडेवर का 42 वर्ष की उम्र में कैंसर से निधन हो गया। वे 'फूडजिम' सर्विस के सह-संस्थापक भी थे। उन्होंने हॉलीवुड की लोकप्रिय सीरीज में भी काम किया था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

अपने भविष्य के सपने को वर्तमान में जीना शुरू कर दें, सपना सच हो जाएगा – मिकी रूनी

कार्यालय अधीक्षण यंत्री, राजधानी परियोजना मण्डल

राजधानी परियोजना प्रशासन, ई-5 अरेरा कोलोनी, भोपाल
दूरभाष : 0755-2463365

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन के तहत पंजीकृत निविदाकारों से ऑनलाइन निविदाएं निविदा पूर्व अर्हता सहित आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है :-

क्रमांक एवं कार्य का नाम :- 1. हबीबगंज, भोपाल में नेशनल डायरी डेवलपमेन्ट बोर्ड, भोपाल में प्रयोगशाला का निर्माण कार्य।

एन.आई.टी. क्र.	सिस्टम टेन्डर नं.	कार्य की अनु. लागत (रु. लाखों में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय
101/निविदा प्रकोष्ठ दिनांक 18.05.2020	2020_CPA_ 89831_1	रु. 176.51 लाख (रु. एक करोड़ छेहत्तर लाख इकावन हजार)	रु. 1,76,510/-	रु. 15,000/-	अधीक्षण यंत्री, राजधानी परियोजना प्रशासन, भोपाल

उपरोक्त वेबसाइट से ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेन्डर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड एवं ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 06.06.2020 सायं 5:30 बजे निर्धारित है। वांछित दस्तावेज दिनांक 08.06.2020 को उपरान्ह 5:00 बजे तक निर्धारित कार्यालय में प्राप्त की जायेगी। विस्तृत एनआईटी एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

अधीक्षण यंत्री
राजधानी परियोजना मण्डल,
राजधानी परियोजना प्रशासन
ई-5, अरेरा कालोनी, भोपाल
दूरभाष : 0755-2463365

जी-11419/43918/2020

कार्यालय अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा मण्डल ग्वालियर (म.प्र.) पिन : 474011

फोन नं. : 0751-2344420 (O), Email : seresgwalior@mp.gov.in

क्रमांक/318/ग्रा.यां.से./ई-निविदा/2020 ग्वालियर, दिनांक : 18.05.2020

संक्षिप्त ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक - 02/SERESGw/2020-21

निम्नलिखित कार्यों हेतु मध्यप्रदेश सरकार के केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत अथवा अन्य समकक्ष/समतुल्य श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्र.	टेण्डर आईडी क्र.	कार्य का नाम/स्थान	जिले का नाम	कार्य की अनु. लागत (रु. लाख में)	समयावधि (वर्षाकाल सहित)
1.	2020_RES_ 89761_1	खैरीखता से आटाखेड़ी रोड से कुशुम खो, वि.ख. बमोरी	गुना	120.47	180 दिन
2.	2020_RES_ 89762_1	विश्नवाड़ा डोंगरी रोड़ से गोपालपुरा, वि.ख. बमोरी	गुना	42.74	180 दिन
3.	2020_RES_ 89763_1	सबमर्सिबल ब्रिज निर्माण कार्य नीमखेड़ी नदी नीमखेड़ी से सालोटा रोड, वि.ख. राघौगढ़	गुना	63.72	180 दिन
4.	2020_RES_ 89764_1	सबमर्सिबल ब्रिज निर्माण कार्य कुमरिया नदी आरोन राघौगढ़ रोड से कुमरयाई वि.ख. राघौगढ़	गुना	96.22	180 दिन

1. विस्तृत निविद सूचना विवरण वेबसाइट **https://www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
2. निविदा प्रपत्र **दिनांक 30.06.2020 समय 09:00 AM से 08.06.2020 समय 05:30 PM तक** केवल ऑनलाइन क्रय एवं सबमिट किये जा सकेंगे।
3. यदि निविदा में कोई संशोधन किया जाता है तो सिर्फ **Web Portal https://www.mptenders.gov.in** पर ही Publish किया जावेगा, समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

अधीक्षण यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
मण्डल ग्वालियर

जी-11424/43921/2020

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग शिवपुरी (म.प्र.) पिन 473551

Email : eeresshivpuri@mp.gov.in

क्रमांक 1029/ग्रायांसे/ई-निविदा/2020 शिवपुरी, दिनांक : 18.05.2020

संक्षिप्त ई-निविदा आमंत्रण सूचना क्रमाक - 01/EERESSHIV/2020-21

निम्नलिखित कार्यों हेतु मध्यप्रदेश सरकार के केन्द्रीयकृत ई-पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत अथवा अन्य समकक्ष समतुल्य श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर पर ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्रमांक एवं कार्य का संक्षिप्त नाम/प्रकार :- मंदिर, रपटा, शौचालय, वाउण्ड्रीवॉल, सामुदायिक भवन व पवेलियन, छात्रावास आंगनवाड़ी

ग्रायांसेवा संभागीय कार्यालय	सिस्टम टेण्डर नंबर	कार्यों की अनुमानित लागत (रु. लाख में)
शिवपुरी	2020_RES_88405_1, 2020_RES_88406_1, 2020_RES_88409_1, 2020_RES_88414_1, 2020_RES_88415_1, 2020_RES_88418_1, 2020_RES_88420_1, 2020_RES_88423_1, 2020_RES_88426_1, 2020_RES_88428_1, 2020_RES_88429_1, 2020_RES_88432_1, 2020_RES_88436_1, 2020_RES_88437_1, 2020_RES_88438_1, 2020_RES_88440_1, 2020_RES_88442_1, 2020_RES_88444_1, 2020_RES_88449_1, 2020_RES_88451_1, 2020_RES_88452_1, 2020_RES_88458_1, 2020_RES_88459_1, 2020_RES_88464_1, 2020_RES_88470_1, 2020_RES_88471_1, 2020_RES_88473_1, 2020_RES_88793_1, 2020_RES_88794_1, 2020_RES_88795_1, 2020_RES_88796_1, 2020_RES_88797_1, 2020_RES_88798_1, 2020_RES_88800_1, 2020_RES_88801_1, 2020_RES_88802_1, 2020_RES_88803_1, 2020_RES_88804_1, 2020_RES_88805_1, 2020_RES_88807_1, 2020_RES_88808_1, 2020_RES_88810_1	369.87
टोक्यो वर्ष 1964 में ओलिंपिक खेलों की सफल मेजबानी कर चुका है। इसके अलावा टोक्यो वर्ष 1958 में एशियाई खेलों की भी मेजबानी कर चुका है। 7 सितम्बर 2013 को आईओसी की वार्षिक बैठक में टोक्यो ने इस्तांबुल (तुर्की) और मेड्रिड (स्पेन) को पछाड़कर ओलिंपिक की मेजबानी हासिल की। टोक्यो ओलिंपिक के आयोजन को सफल और भव्य बनाने के लिए जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे ने कई कदम उठाए, लेकिन वर्ष 2015 में ओलिंपिक खेलों के लिए बड़े और आलीशान स्टेडियम के निर्माण के लिए जापान सरकार को काफी आलोचना का सामना करना पड़ा।

इसके बाद शिंजो आबे ने राष्ट्रीय स्टेडियम के पुनर्निर्माण के प्रोजेक्ट को रद्द कर दिया। टोक्यो ओलिंपिक की आयोजन समिति ने सितम्बर 2015 को टोक्यो

ओलिंपिक खेलों के लिए प्रतीक चिन्ह (लोगो) जारी किया, लेकिन ये भी विवादित हो गया। बेल्जियम के डिजाइनर ओलिवियर डेबी ने आरोप लगाया कि टोक्यो ओलिंपिक का लोगो बेल्जियम के एक थिएटर के लोगो से मिलता-जुलता है। डेबी ने इस पर कानूनी कार्रवाई की धमकी दी, बाद में आयोजन समिति ने यह कहते हुए लोगो वापस ले लिया कि जनता ने इस लोगो का समर्थन नहीं किया। इसके बाद टोक्यो ओलिंपिक के लिए नया लोगो जारी किया गया।

पहले विश्वयुद्ध के कारण रद्द हुआ था बर्लिन ओलिंपिक

वर्ष 1896 में एथेंस से शुरू हुए ओलिंपिक खेलों का विश्व में अलग ही रुतबा रहा है। 4 जुलाई 1912 में आईओसी की बैठक में जर्मनी की राजधानी बर्लिन ने कई शहरों को पीछे छोड़कर ओलिंपिक खेलों की मेजबानी हासिल की। यह तय हो गया कि वर्ष 1916 में ओलिंपिक खेल बर्लिन में आयोजित होंगे। जर्मनी भी ओलिंपिक खेलों के आयोजन के लिए युद्धस्तर पर तैयारियां कर रहा था। जर्मनी ने बर्लिन स्टेडियम में ओलिंपिक की टेस्ट स्पार्धाएं आयोजित कीं, लेकिन इसी दौरान ऑस्ट्रिया के राजकुमार आर्क ड्यूक फर्डिनेंड और उनकी पत्नी की बोस्निया में हत्या हो गई। ये हत्याकांड आगे चलकर प्रथम विश्वयुद्ध का कारण बना। प्रथम विश्वयुद्ध वर्ष 1914 से 1918 तक चला। इस विश्वयुद्ध का प्रभाव पूरे विश्व पर पड़ा। जर्मनी ने भी प्रथम विश्वयुद्ध में हिस्सा लिया। इस विश्वयुद्ध के कारण बर्लिन ओलिंपिक को रद्द करना ही एकमात्र विकल्प था।

द्वितीय विश्वयुद्ध के कारण दो ओलिंपिक हुए स्थगित

प्रथम विश्वयुद्ध के कारण ओलिंपिक खेलों की मेजबानी से वंचित रहे बर्लिन को वर्ष 1936 में ओलिंपिक खेलों की मेजबानी करने का अवसर मिला। जापान के टोक्यो को वर्ष 1940 में ओलिंपिक खेलों का आयोजन करने का दायित्व मिला। लेकिन जुलाई 1937 में जापान और चीन के बीच जंग छिड़ने से ओलिंपिक के आयोजन के आसार कम हो गए, इसी बीच आईओसी ने वर्ष 1940 के ओलिंपिक खेलों की मेजबानी फिनलैंड की राजधानी हेलसिंकी को सौंपी। वर्ष 1939 में विश्व एक बार फिर विश्वयुद्ध की कगार पर आ गया। द्वितीय विश्वयुद्ध के कारण न सिर्फ हेलसिंकी ओलिंपिक (1940) रद्द हुआ, बल्कि इसका असर लंदन ओलिंपिक (1944) पर भी पड़ा। ये दोनों ओलिंपिक द्वितीय विश्वयुद्ध की भेंट चढ़ गए।

ओलिंपिक खेल सम्पूर्ण विश्व को सद्भावना और एकता के सूत्र में बांधते हैं। वर्ष 1944 के बाद विश्व में कई समस्याएं और महामारी आईं। कई युद्ध हुए, लेकिन ओलिंपिक खेलों के आयोजन नहीं रुके। टोक्यो ओलिंपिक टल जरूर गए हैं, लेकिन एक आशा अभी भी बनी हुई है कि इस साल नहीं तो अगले साल ओलिंपिक का रोमांच जरूर देखने को मिलेगा। उम्मीद है कि भारत ही नहीं पूरा विश्व जल्द से जल्द कोरोना महामारी के प्रभाव से उबर सके।

— ये ओलिंपिक भी रहे चर्चित —

- वर्ष 1972 के म्युनिख ओलिंपिक में पहली बार ओलिंपिक पर आतंकवाद का साया पड़ा।
- म्युनिख ओलिंपिक में फिलिस्तीन के आतंकी संगठन ने इजराइल के दल के 5 खिलाड़ी और 6 कोच को आगवा कर उनकी हत्या कर दी।
- वर्ष 1956 में 17 देशों ने अलग-अलग कारणों से मेलबर्न ओलिंपिक का बहिष्कार किया।
- वर्ष 1980 में अमेरिका और रूस के बीच चल रहे शीतयुद्ध के कारण अमेरिका और उसके 66 सहयोगी देशों ने मॉस्को ओलिंपिक का बहिष्कार किया।
- वर्ष 1984 में हुए लॉस एंजिल्स ओलिंपिक में रूस ने अमेरिका से बदला लेते हुए 14 देशों के साथ ओलिंपिक का बहिष्कार किया।

- मोहन सिंह पाल
(लेखक, खेल एवं सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. लुईस हैमिल्टन और सवेस्टियन वेटल का संबंध किस खेल से है?
(अ) फॉर्मूला-वन-रेसिंग
(ब) बाइक रेसिंग
(स) हॉर्स रेसिंग
(द) एथेलेटिक्स

2. जमैका के यूसेन बोल्ट ने ओलिंपिक में कितने स्वर्ण पदक जीते हैं?
(अ) 8 (ब) 9
(स) 7 (द) 10

3. बीजिंग ओलिंपिक (2008) में पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल करने वाला देश है?
(अ) चीन (ब) अमेरिका
(स) ब्रिटेन (द) जापान

4. वर्ष 2002 में फीफा फुटबॉल विश्वकप कहां आयोजित किया गया था?
(अ) रूस
(ब) जापान
(स) कतर
(द) दक्षिण कोरिया

5. टेस्ट क्रिकेट में एक पारी में सबसे बड़ा स्कोर बनाने का रिकॉर्ड किस देश के नाम है?
(अ) इंग्लैंड (ब) श्रीलंका
(स) ऑस्ट्रेलिया (द) वेस्टइंडीज

6. इनमें से किस खिलाड़ी ने ओलिंपिक में पदक जीता है?
(अ) मिल्खा सिंह
(ब) पी.टी. ऊषा
(स) लिएंडर पेस
(द) पुलेला गोपीचंद

7. वन-डे वर्ल्डकप-1992 में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान थे?
(अ) कपिल देव
(ब) मोहम्मद अजहरुद्दीन
(स) नवजोत सिंह सिद्धू
(द) मनोज प्रभाकर

8. पहले ओलिंपिक खेल किस शहर में आयोजित किए गए थे?
(अ) पेरिस
(ब) लिस्बन
(स) एथेंस
(द) इनमें से कोई नहीं

9. वर्ष 2017 में एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट किस देश में आयोजित किया गया था?
(अ) भारत
(ब) पाकिस्तान
(स) जापान
(द) बांग्लादेश

10. भारतीय बल्लेबाजों द्वारा वन-डे क्रिकेट में अब तक कितने दोहरे शतक बनाए गए हैं?
(अ) 5 (ब) 4
(स) 3 (द) 2

11. इनमें किस भारतीय खिलाड़ी ने अपने डेब्यू टी-20 मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार प्राप्त नहीं किया है?
(अ) दिनेश कार्तिक
(ब) नवदीप सैनी
(स) कुलदीप यादव
(द) बरिंदर सरां

12. अमेरिका के खिलाड़ी माइक टाइसन का संबंध किस खेल से है?
(अ) मुक्केबाजी
(ब) बास्केटबॉल
(स) बेसबॉल
(द) टेनिस

13. वन-डे वर्ल्डकप 2015 के फाइनल मैच में मैन ऑफ द मैच बने थे?
(अ) माइकल क्लार्क
(ब) जेम्स फॉकनर
(स) स्टीव स्मिथ
(द) मिशेल स्टार्क

14. वर्ष 2018 के एशियाई खेलों में किस देश ने कबड्डी में स्वर्ण पदक जीता था?
(अ) ईरान
(ब) भारत
(स) चीन
(द) कजाखिस्तान

15. इनमें से कौन-सा स्पेनिश खिलाड़ी फुटबॉलर नहीं है?
(अ) डेविड डी गिया
(ब) फर्नांडो अलोंसो
(स) सर्जियो रामोस
(द) इकार कैसिलास

16. वर्ष 2019 में एशिया कप फुटबॉल टूर्नामेंट किस देश ने जीता है?
(अ) कतर
(ब) दक्षिण कोरिया
(स) जापान
(द) सऊदी अरब

17. किस महिला क्रिकेटर के नाम वन-डे क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड है?
(अ) शार्लेट एडवर्ड्स
(ब) मिताली राज
(स) बेलिंडा क्लार्क
(द) सारा टेलर

18. फीफा द्वारा वर्ष 2016 के लिए किस खिलाड़ी को सर्वश्रेष्ठ प्लेयर चुना गया था?
(अ) मोहम्मद सालाह
(ब) लुका मोड्रिक
(स) एंटोनिए ग्रिजमैन
(द) क्रिस्टियानो रोनाल्डो

19. राइडर कप किस खेल की एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है?
(अ) गोल्फ
(ब) बेसबॉल
(स) घुड़दौड़
(द) आइस हॉकी

20. राइडर कप का आयोजन किस देश में किया जाता है?
(अ) दक्षिण अफ्रीका
(ब) स्पेन
(स) अमेरिका
(द) न्यूजीलैंड

21. टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले तेज गेंदबाज हैं?
(अ) शेन वॉर्न
(ब) जेम्स एंडरसन
(स) स्टुअर्ट ब्रॉड
(द) कर्टनी वॉल्श

22. अमेरिकी ओलिंपियन केटी लेडेकी का संबंध किस खेल से है?
(अ) तैराकी
(ब) वुशु
(स) निशानेबाजी
(द) तलवारबाजी

23. वर्ष 2018 में अमेरिका ओपन में पुरुष एकल वर्ग का खिताब किसने जीता था?
(अ) नोवाक जोकोविच
(ब) जुआन मार्टिन डेलपोत्रो
(स) एंडी रोडिक
(द) केई निशिकोरी

24. इनमें से किस देश ने अपनी मेजबानी में वन-डे विश्वकप नहीं जीता है?
(अ) इंग्लैंड
(ब) भारत
(स) ऑस्ट्रेलिया
(द) वेस्टइंडीज

25. न्यूजीलैंड के लिए वन-डे क्रिकेट में दोहरा शतक लगाने वाले बल्लेबाज हैं?
(अ) कोरी एंडरसन
(ब) ब्रैंडन मैक्कुलम
(स) मार्टिन गुप्टिल
(द) जेसी राइडर

उत्तरमाला

(1) अ (2) ब (3) अ (4) द
(5) ब (6) स (7) ब (8) स
(9) द (10) अ (11) स (12) अ
(13) ब (14) अ (15) ब (16) अ
(17) ब (18) द (19) अ (20) स
(21) ब (22) अ (23) स (24) द
(25) स।

- पुष्पेन्द्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए केंद्रीय बजट 2020-21 पर आधारित महत्वपूर्ण प्रश्न

अर्थशास्त्र

1. केन्द्रीय बजट 2020-21 के अनुसार केन्द्र सरकार की व्यय की सबसे बड़ी मद (प्रतिशत) कौन-सी है?
अ) ब्याज भुगतान
ब) रक्षा व्यय
स) करों और शुल्क में राज्यों का हिस्सा
द) वेतन एवं पेंशन
उत्तर- स) करों और शुल्क में राज्यों का हिस्सा

2. केन्द्रीय बजट 2020-21 में केन्द्र सरकार के लिये आय का सबसे बड़ा स्रोत कौन-सा है?
अ) आयकर
ब) माल एवं सेवा कर
स) उधार एवं अन्य देनदारियां
द) निगम कर
उत्तर- स) उधार एवं अन्य देनदारियां

3. केन्द्रीय बजट के अनुसार 2020-21 के लिये विनिवेश का क्या लक्ष्य रखा गया है?
अ) 1,73,000 करोड़ रुपये
ब) 80,000 करोड़ रुपये
स) 2,10,000 करोड़ रुपये
द) 1,00,000 करोड़ रुपये
उत्तर- स) 2,10,000 करोड़ रुपये
व्याख्या - वर्ष 2019-20 में यह 65,000 करोड़ रुपये था। अतः इस वर्ष यह 223 प्रतिशत अधिक है।

4. केन्द्रीय बजट 2020-21 में कितने किलोमीटर का आर्थिक कॉरीडोर (इकोनॉमिक कॉरिडोर) बनाने का लक्ष्य रखा गया है?
अ) 9000 कि.मी.
ब) 2000 कि.मी.
स) 600 कि.मी.
द) 1000 कि.मी.
उत्तर- अ) 9000 कि.मी.
व्याख्या - इसके अतिरिक्त 2000 कि.मी. कोस्टल कॉरिडोर बनाने का भी लक्ष्य है।

5. आयुष्मान भारत योजना के तहत् अब तक कितने अस्पतालों को जोड़ा जा चुका है?
अ) 10,000
ब) 20,000
स) 30,000
द) 40,000
उत्तर- ब) 20,000
व्याख्या - यह योजना 1 अप्रैल 2018 से लागू हो चुकी है। इस वर्ष इस योजना में 6400 करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं।

6. देश के हर जिले में किस वर्ष तक जन औषधि केन्द्र स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है?
अ) 2021
ब) 2022
स) 2024
द) 2025
उत्तर- स) 2024

7. बजट 2020-21 के अनुसार बैंक जमा गारंटी राशि एक लाख से बढ़ाकर कितनी हो गई है?
अ) 2 लाख
ब) 3 लाख
स) 5 लाख
द) 10 लाख
उत्तर- स) 5 लाख

8. ट्राइबल म्यूजियम कहां बनाने का प्रस्ताव है?
अ) रांची
ब) धार
स) झाबुआ
द) पटना
उत्तर- अ) रांची
व्याख्या - इसी तरह समुद्री संग्रहालय लोथल (गुजरात) में बनाना प्रस्तावित है।

9. कुसुम योजना किससे संबंधित है?
अ) सौर ऊर्जा
ब) परम्परागत ऊर्जा
स) बिजली
द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- अ) सौर ऊर्जा

10. केन्द्रीय बजट 2020-21 में प्रधानमंत्री कृषि ऊर्जा सुरक्षा उत्थान महाभियान (पी.एम. कुसुम) योजना के अंतर्गत कितने किसानों को सौर ऊर्जा पंप लगाने में मदद करना प्रस्तावित है?
अ) 25 लाख
ब) 20 लाख
स) 15 लाख
द) 10 लाख
उत्तर- स) 15 लाख

11. केन्द्रीय बजट 2020-21 के अनुसार किस वर्ष में कृषकों की आय दोगुनी होने की उम्मीद है?
अ) 2021
ब) 2022
स) 2025
द) 2030
उत्तर- ब) 2022

12. केन्द्रीय बजट 2020-21 में टीवी हारेगा देश जीतेगा योजना प्रारम्भ की गई है। इस योजना के तहत भारत को कौन-से वर्ष तक टी.बी. से मुक्त कराने की योजना है?
अ) 2020
ब) 2021
स) 2022
द) 2025
उत्तर- द) 2025

13. 'विवाद से विश्वास' योजना किससे संबंधित है?
अ) प्रत्यक्ष कर
ब) अप्रत्यक्ष कर
स) उपरोक्त दोनों
द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- अ) प्रत्यक्ष कर
व्याख्या - इस योजना का उद्देश्य आयकर में लंबित मुकदमेबाजी को समाप्त करना है।

14. वर्तमान बजट 2020-21 के अनुसार आयकर की उच्चतम दर कितनी है?
अ) 30 प्रतिशत
ब) 40 प्रतिशत
स) 50 प्रतिशत
द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- अ) 30 प्रतिशत
व्याख्या - वर्तमान में करों की दर है - 5, 10, 15, 20, 25, 30

15. देश में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये किस कार्यक्रम की घोषणा की गई है?
अ) स्टडी इन इंडिया
ब) स्टडी इन अब्रॉड
स) उपरोक्त दोनों
द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- अ) स्टडी इन इंडिया

16. बजट 2020-21 में सरकार ने किन संस्थाओं में से अपनी हिस्सेदारी बेचने का प्रस्ताव किया है?
अ) जीवन बीमा निगम (एलआईसी)
ब) भारतीय औद्योगिक विकास बैंक (आइडीबीआई)
स) उपरोक्त दोनों
द) केवल 'अ'
उत्तर- स) उपरोक्त दोनों

17. बजट 2020-21 के अनुसार भारत की अर्थव्यवस्था का विश्व में कौन-सा स्थान है?
अ) 2
ब) 3
स) 4
द) 5
उत्तर- द) 5वां
व्याख्या - पहला स्थान अमेरिका का है। भारत ने ब्रिटेन और फ्रांस को पीछे छोड़कर 5वां स्थान प्राप्त कर लिया है।

18. वर्ष 2024 तक कितने नये एयरपोर्ट बनाने का लक्ष्य बजट 2020-21 में रखा गया है?
अ) 50
ब) 100
स) 150
द) 200
उत्तर- ब) 100
व्याख्या - उड़ान योजना के अंतर्गत ये एयरपोर्ट बनाये जायेंगे।

19. बजट 2020-21 के अनुसार कितनी ग्राम पंचायतों को फाइबर कनेक्शन से जोड़ा जाना प्रस्तावित है?
अ) 1 लाख
ब) 2 लाख
स) 2.50 लाख
द) 3 लाख
उत्तर- अ) 1 लाख
व्याख्या - यह भारत नेट कार्यक्रम के तहत होगा, इसमें 6000 करोड़ रुपये का आवंटन है।

20. भारतीय अर्थव्यवस्था में सकल संवर्धन मूल्य एवं वृद्धि में सेवा क्षेत्र का कितना प्रतिशत है?
अ) 50 प्रतिशत
ब) 55 प्रतिशत
स) 60 प्रतिशत
द) 65 प्रतिशत
उत्तर- ब) 55 प्रतिशत
व्याख्या - 55% सेवा क्षेत्र का योगदान है। कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में इस क्षेत्र का योगदान है दो तिहाई अर्थात् 66 प्रतिशत तथा कुल निर्यात में इस क्षेत्र का योगदान है 38 प्रतिशत।

21. दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे का काम कब तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है?
अ) 2023
ब) 2025
स) 2027
द) 2030
उत्तर- अ) 2023
व्याख्या - साथ ही बेंगलुरु से चेन्नई तक एक्सप्रेस-वे बनाने की घोषणा भी की गई है।

22. अंतर्राष्ट्रीय सर्राफा एक्सचेंज की स्थापना किस राज्य में की जाना प्रस्तावित है?
अ) मध्यप्रदेश
ब) गुजरात
स) उत्तरप्रदेश
द) महाराष्ट्र
उत्तर- ब) गुजरात
व्याख्या - यह गिफ्ट सिटी में स्थापित होगा।

23. यात्रा एवं पर्यटन प्रतिस्पर्धा सूचकांक में भारत 2014 में 65वें स्थान पर था, 2019 में उसका स्थान हो गया है?
अ) 34
ब) 68
स) 39
द) 80
उत्तर- अ) 34
व्याख्या - पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये केन्द्रीय बजट में 2500 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है।

24. केंद्रीय बजट में किन स्थानों को आइकॉनिक स्थलों के रूप में विकसित करने का लक्ष्य है?
अ) धौलावीर (गुजरात) व अदिचनल्लुर (तमिलनाडु)
ब) हस्तिनापुर (उत्तरप्रदेश) व शिवसागर (असम)
स) राखीगढ़ी (हरियाणा)
द) उपरोक्त सभी।
उत्तर- द) उपरोक्त सभी।
व्याख्या - इसके अलावा भारतीय विरासत संरक्षण संस्थान भी स्थापित करना प्रस्तावित है।

25. बजट 2020-21 में किस कर को समाप्त कर दिया गया है?
अ) लाभांश वितरण कर (डीडीटी)
ब) आयकर
स) कॉर्पोरेट टैक्स
द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- अ) लाभांश वितरण कर (डीडीटी)
व्याख्या - यह कर लाभांश वितरण पर लगता था, जो कम्पनी सरकार को देती थी।

26. नौकरियों के लिये देश में कौन-सी एजेंसी की स्थापना की घोषणा की गई है?
अ) रोज़गार कार्यालय
ब) नेशनल रिक्रूटमेंट एजेंसी
स) नेशनल एम्प्लायमेंट सेंटर
द) उपरोक्त में से कोई नहीं
उत्तर- ब) नेशनल रिक्रूटमेंट एजेंसी
व्याख्या - इसका उद्देश्य होगा परीक्षा ढ़ाचे को व्यवस्थित करना, युवाओं की मेहनत व पैसों तथा समय की बचत करना।

27. इस वर्ष के केन्द्रीय बजट (2020-21) का समग्र विषय क्या है?
अ) नैतिक धन सृजन
ब) जीवन को सरल बनाना
स) एमएसएमई
द) उपरोक्त सभी
उत्तर- ब) जीवन को सरल बनाना
व्याख्या - जीवन को सरल बनाना बजट की थीम है, जबकि नैतिक धन सृजन आर्थिक सर्वेक्षण की थीम है।

28. निम्न में से कौन-सा बजट का प्रमुख विषय है?
अ) आकांक्षी भारत
ब) सभी के लिये आर्थिक विकास
स) जिम्मेदार समाज
द) उपरोक्त सभी
उत्तर- द) उपरोक्त सभी
व्याख्या - जीवन को सरल बनाने के लिये ये तीनों प्रमुख विषय बजट में लिये गये हैं।

29. 'आकांक्षी भारत' के अंग हैं?
अ) कृषि, सिंचाई और ग्रामीण विकास
ब) स्वास्थ्य, पानी और स्वच्छता
स) शिक्षा और कौशल
द) उपरोक्त सभी
उत्तर- द) उपरोक्त सभी
व्याख्या - सभी आकांक्षी भारत के अंग हैं। इन्हीं पर इस वर्ष का बजट आधारित है।

30. कृषि, सिंचाई और ग्रामीण विकास के लिये केन्द्रीय बजट में कितनी सूत्रीय कार्य योजना दी गई है?
अ) 15
ब) 16
स) 17
द) 18
उत्तर- ब) 16
व्याख्या - 16 सूत्रीय कार्य योजना तैयार की गई है और इसके लिये 2.83 लाख करोड़ रुपये आवंटित किये गये हैं।

31. केन्द्रीय बजट 2020-21 के अनुसार किन योजनाओं के लाभार्थियों को किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत लाने का प्रस्ताव है?
अ) पी.एम.जे.जे.बी.वाई. (प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना)
ब) पी.एम.वी.वी.वाई. (प्रधानमंत्री वय वंदना योजना)
स) पी.एम. किसान (प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना)
द) पी.एम.जे.डी.वाई. (प्रधानमंत्री जनधन योजना)
उत्तर- स) पी.एम. किसान (प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना)
व्याख्या - प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत लाया जावेगा।

32. बजट 2020-21 के अनुसार, 2024-25 तक कितने मत्स्य का निर्यात अनुमानित किया गया है?
अ) 2 लाख करोड़
ब) 1 लाख करोड़
स) 3 लाख करोड़
द) 5 लाख करोड़
उत्तर- ब) 1 लाख करोड़

33. केन्द्रीय बजट 2020-21 कितने सागर मित्रों और कितने मत्स्य पालन कृषक संगठनों के माध्यम से युवाओं को मत्स्य पालन से जोड़ने का प्रस्ताव रखता है?
अ) 3477, 500
ब) 3477, 400
स) 8478, 100
द) 3477, 300
उत्तर- अ) 3477, 500
व्याख्या - 3477 सागर मित्रों तथा 500 मत्स्य पालन कृषक संगठनों के माध्यम से युवाओं को मत्स्य पालन क्षेत्र में जोड़ने का प्रस्ताव है।

34. वर्ष 2019 में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश कितना हो गया था?
अ) 284 अरब डॉलर
ब) 190 अरब डॉलर
स) 280 अरब डॉलर
द) 200 अरब डॉलर
उत्तर- स) 280 अरब डॉलर
व्याख्या - वर्ष 2009-14 के बीच यह 190 अरब डॉलर था।

35. वर्ष 2014 से 2019 तक भारत की औसत जीडीपी (सकल घरेलू उत्पादन) की दर कितनी रही?
अ) 7.4 प्रतिशत
ब) 7 प्रतिशत
स) 5 प्रतिशत
द) 5.5 प्रतिशत
उत्तर- अ) 7.4 प्रतिशत

-डॉ. माया राठी
(लेखिका, अर्थशास्त्र की प्राध्यापिका हैं)

अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस 22 मई

मानव के अस्तित्व के लिये आवश्यक है जैवविविधता का संरक्षण

जैवविविधता सभी जीवों व पारिस्थितिकी, वनों की विभिन्नता एवं असमानता को कहा जाता है। हमारा जीवन प्रकृति की अनुपम देन है। हरे भरे पौधे, विभिन्न प्रकार के जीव-जंतु, मिट्टी, हवा-पानी, पठार, नदियां, समुद्र, महासागर आदि सब प्रकृति की देन हैं, जो हमारे अस्तित्व एवं विकास के लिये आवश्यक हैं। मरुस्थलों से लेकर महासागरों की गहराई तक विभिन्न आकार, प्रकार, रंग और रूपों में प्राणी जगत विद्यमान है, जिनमें काफी विविधता होती है, जिसे हम जैवविविधता के रूप में जानते हैं। वर्ष 1992 में ब्राजील के रियो दि जेनेरियो में हुये जैवविविधता अधिवेशन के अनुसार जैवविविधता की परिभाषा इस प्रकार है- धरातलीय महासागरीय एवं अन्य जलीय पारिस्थितिक तंत्रों में उपस्थित अथवा उससे संबंधित क्षेत्रों में पाये जाने वाले जीवों के बीच विभिन्नता जैवविविधता है।

जैवविविधता से प्रकृति में मौजूद जीवों और पारिस्थितिकी तंत्र के अंतर्संबंधों की जानकारी होती है। जैवविविधता से जीन प्रजाति एवं पारिस्थितिकीय तंत्र के बीच आपसी संबंध हमें कई महत्वपूर्ण एवं उपयोगी उत्पाद देते हैं, क्योंकि जीन, प्रजातियों के घटक हैं और प्रजातियां पारिस्थितिकीय तंत्र की। जैवविविधता तीन प्रकार की होती है- **पहली** एक ही प्रजाति के जीनोम में होने वाली विविधताओं को आनुवंशिक विविधता। **दूसरी** प्रजाति विविधता, जिसमें एक ही प्रजाति के जीव एक दूसरे से काफी समानता रखते हैं और **तीसरी** पारिस्थितिकीय विविधता जो आवास एवं जैव समुदायों के अंतर को प्रदर्शित करती है। इस तरह जैवविविधता की इकाइयां आनुवंशिक स्तर से किसी क्षेत्र विशेष के समुदाय और बायोम में पाई जाने वाली विविधता तक फैली हुई हैं। बायोम जीव मंडल की ऐसी सामुदायिक इकाई है, जो स्थलीय जलवायु द्वारा नियंत्रित होती है, तथा जिसमें निश्चित प्रकार के जंतुओं एवं वनस्पतियों की प्रधानता होती है।

जैवविविधता का हमारे जीवन में काफी महत्व है। विभिन्न प्रकार के जीवों की अपनी अलग-अलग भूमिका है, जो प्रकृति को संतुलित रखने तथा हमारे जीवन की मूलभूत आवश्यकताओं को पूर्ण करने, तथा सतत विकास के लिये संसाधन प्रदान करने में अपना योगदान करती है। जैवविविधता का वाणिज्यिक महत्व भोजन, औषधियों, ईंधन, औद्योगिक कच्चा माल, रेशम, चमड़ा आदि से हम सब परिचित हैं। इसके पारिस्थितिकी महत्व के रूप में खाद्य श्रृंखला, मुद्रा की उर्वरता को बनाये रखना, जैविक रूप से सड़े-गले क्षेत्रों का निपटान, भू-क्षरण को रोकने, रेगिस्तान का प्रसार रोकने, प्राकृतिक सौंदर्य को बढ़ाने एवं पारिस्थितिकी संतुलन बनाये रखने में इत्यादि के रूप में देखा जा सकता है। इसके अलावा जैवविविधता के सामाजिक, नैतिक तथा कई अन्य प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष महत्व हैं, जो हमारे लिये महत्वपूर्ण हैं।

जैवविविधता के हमारे जीवन में प्राकृतिक, पारिस्थितिकी तथा पर्यावरण संतुलन में महत्व को देखते हुये संयुक्त राष्ट्र ने 22 मई को हर साल अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। 29 दिसम्बर 1992 को नैरोबी में हुये जैवविविधता सम्मेलन में लिये निर्णयों पर विभिन्न देशों के बीच सहमति को लागू करने के अवसर पर यह भी निर्णय लिया गया कि प्रतिवर्ष, जैवविविधता के प्रति लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा जैवविविधता को बनाये रखने में सबकी सहभागिता तथा सामंजस्य बनाये रखने की दृष्टि से, एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में विश्वभर में मनाया जायेगा। हर वर्ष इस दिवस का विषय (थीम) अलग-अलग होता है, जो संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित किया जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय जैवविविधता दिवस 2020 का संयुक्त राष्ट्र द्वारा निर्धारित विषय है 'Our Solutions are in nature' यानी हमारी समस्याओं का निदान प्रकृति में निहित है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम प्रकृति के साथ अपने संबंधों को समझें और इन संबंधों को सुदृढ़ करें। विश्व में तकनीकी, आर्थिक प्रगति के बाद भी हम अपनी सभी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति प्रकृति से ही पूरी करते हैं। हमारे स्वास्थ्य, पानी, दवाइयां, कपड़े, ईंधन, आवास, ऊर्जा, इत्यादि सभी आवश्यकतायें हमें पर्यावरण से ही प्राप्त होती हैं। इस वर्ष का विषय हमें इसी संदर्भ को समझाने और प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर संरक्षण के लिये मिलकर काम करने को प्रेरित करता है। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से निपटने के लिये, यह जरूरी है कि प्रकृति की अमूल्य जैवविविधता को उस तरह से संरक्षित किया जाये कि वह संपूर्ण मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा कर सके। कोरोना वैश्विक महामारी के चलते इस वर्ष के जैवविविधता दिवस के कार्यक्रम सभी देशों द्वारा Online आयोजित किये जा रहे हैं।

विश्व के समृद्धतम जैवविविधता वाले 12 देशों में जिसमें विश्व की लगभग 70 प्रतिशत जैवविविधता विद्यमान है, भारत भी सम्मिलित है। अन्य देश हैं ब्राजील, कोलंबिया, इक्वाडोर, चीन, मैक्सिको, ऑस्ट्रेलिया, दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, वेनेजुएला, पेरु एवं मलेशिया। संपूर्ण विश्व का केवल 2.4 प्रतिशत भू-भाग ही भारत में है, लेकिन यहां विश्व के ज्ञात जीव-जंतुओं का 5 प्रतिशत भाग निवास करता है। भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण एवं भारतीय प्राणी सर्वेक्षण द्वारा किये गये सर्वेक्षणों के अनुसार भारत में लगभग 49000 वनस्पति प्रजातियां एवं 89000 प्राणी प्रजातियां पाई जाती हैं। भारत विश्व में वनस्पति-विविधता के आधार पर दसवें, क्षेत्र सीमित प्रजातियों के आधार पर ग्यारहवें और फसलों के उद्भव तथा विविधता के आधार पर छठवें स्थान पर है।

विश्व के कुल 25 जैवविविधता के सक्रिय केंद्रों (हॉट स्पाट) में से दो क्षेत्र, पूर्वी हिमालय और पश्चिमी घाट, भारत में हैं। जैवविविधता के सक्रिय क्षेत्र वह हैं, जहां विभिन्न प्रजातियों की समृद्धता है और ये प्रजातियां उस क्षेत्र तक सीमित हैं। भारत में 450 प्रजातियों को संकट ग्रस्त अथवा विलुप्त होने की कगार पर दर्ज किया गया है। लगभग 150 स्तनधारी व 150 पक्षियों का अस्तित्व खतरे में है और कीटों की अनेक प्रजातियां विलुप्त होने की कगार पर हैं।

ये आंकड़े जैवविविधता पर निरंतर बढ़ते खतरे की ओर संकेत करते हैं यदि यही दर बनी रहे तो वर्ष 2050 तक हम एक तिहाई से ज्यादा जैवविविधता को खो सकते हैं। जैवविविधता को कई कारणों से नुकसान हो रहा है। इसमें मुख्य हैं, आवास की कमी, आवास विखंडन एवं प्रदूषण, प्राकृतिक एवं मानव जनित आपदायें, जलवायु परिवर्तन, आधुनिक खेती जनसंख्या वृद्धि, शिकार और उद्योग एवं शहरों का फैलाव। अन्य कारणों में सामाजिक एवं आर्थिक बदलाव, भू-उपयोग परिवर्तन, खाद्य श्रृंखला में हो रहे परिवर्तन तथा जीवों की प्रजनन क्षमता में कमी इत्यादि है। जैवविविधता का संरक्षण करना मानव जीवन के अस्तित्व के लिये आवश्यक है। जैवविविधता के संरक्षण के दो उपाय हैं, पहला, अन्तः आवासीय संरक्षण (In situ conservation) जिसमें जीवों के प्राकृतिक आवास में ही संरक्षण पर बल दिया जाता है। जैव संरक्षित क्षेत्र, राष्ट्रीय उद्यान, वन्य जीव संरक्षण क्षेत्र कुछ ऐसे संरक्षण के उदाहरण हैं, दूसरा उपाय है बाह्य आवासीय संरक्षण (Ex situ conservation) जिसमें जीवों के आवास से दूर संरक्षण की विधि अपनाई जाती है, जैसे-चिड़ियाघर, वनस्पति उद्यान, बीज बैंक, जीव बैंक आदि।

अगर हमने समय रहते जैवविविधता का संरक्षण नहीं किया तो मानव जीवन का अस्तित्व ही धरती से खत्म हो जायेगा। इसके लिये जरूरी है कि हम सब साथ मिलकर, स्थानीय लोगों की सहायता से, जैवविधिधता का संरक्षण करें। हमारे ये प्रयास स्थानीय समुदायों, विशेषकर आदिवासियों, किसानों, पशु-पालकों व मछुआरों की सक्रिय भागीदारी से ही संभव हो सकेंगे। आइये, हम सब विश्व जैवविविधता दिवस के अवसर पर वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण तथा इसे नुकसान पहुंचाने वाले कारणों को दूर करने हेतु सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिये, लोगों में जन जागृति लायें तथा ऐसे प्रयास करें, जो जैवविविधता के संरक्षण के काम आयें।

- **अनिल कुमार शर्मा**
(लेखक, मध्यप्रदेश प्रदूषण निवारण मंडल के पूर्व मुख्य अभियंता हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय समसामयिक घटनाचक्र

1. संसद से पारित हो चुके 126वें संविधान संशोधन विधेयक का संबंध है?
अ. अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के कर्मचारियों की पदोन्नति जारी रखना
ब. विधायिका में अनुसूचित जाति एवं जनजाति आरक्षण को जारी रखना
स. 2021 की जनसंख्या को पारदर्शी एवं व्यावहारिक बनाना
द. इनमें से कोई नहीं।

2. दिसंबर-2019 में नाटो के 30वें शिखर सम्मेलन का आयोजन सम्पन्न हुआ है?
अ. एटलांटा में
ब. जोहान्सबर्ग में
स. लंदन में
द. ओटावा में।

3. किस विश्वविद्यालय द्वारा 'सूचना के अधिकार' विषय पर प्रमाण-पत्र एवं डिप्लोमा कोर्स प्रारंभ किया गया है?
अ. ए.एम.यू. अलीगढ़
ब. इग्नू, दिल्ली
स. बी.एच.यू. बनारस
द. डी.ए.यू. इन्दौर।

4. 'वीआर डिस्प्लेड' की लेखिका हैं?
अ. तस्लीमा नसरीन
ब. ममता बनर्जी
स. मलाला यूसुफजई
द. कोनेरू हम्पी।

5. मध्यप्रदेश के नेत्रहीन खिलाड़ी सोनू गोलकर कौन-सा खेल खेलते हैं?
अ. हॉकी
ब. क्रिकेट
स. शतरंज
द. कैरम।

6. वर्तमान में यूजीसी के चेयरमैन हैं?
अ. ओ.पी. नड्डा
ब. डी.पी. सिंह
स. वेद प्रकाश
द. ओ.पी. रावत।

7. भारत में इंटरपोल की नोडल एजेंसी के रूप में कार्यरत है?
अ. रॉ
ब. सीआईडी
स. सीबीआई
द. इनमें से कोई नहीं।

8. वर्ष 2019 में लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया है?
अ. संजय गुप्ता को
ब. विनोद विजयवर्गीय को
स. ओमदत्त यादव को
द. गुलाब कोठारी को।

9. यूएनडीपी की मानव विकास रैंकिंग में प्रथम स्थान पर कौन-सा देश है?
अ. फिनलैंड
ब. आइसलैंड
स. नॉर्वे
द. फ्रांस।

10. 'गूगल' के सीईओ का नाम है?
अ. नयन चंद्राकर
ब. अनंत देसाई
स. मार्क जुकरबर्ग
द. सुंदर पिचाई।

11. मध्यप्रदेश में इंटरनेशनल इंडियन फिल्म अकादमी अवॉर्ड कार्यक्रम का आयोजन कहां किया जाना था?
अ. भोपाल, इन्दौर
ब. भोपाल, ग्वालियर
स. भोपाल, सागर
द. इनमें से कोई नहीं।

12. 20वें विधि आयोग के अध्यक्ष हैं?
अ. हंसराज भारद्वाज
ब. बी.के. देसाई
स. सी.के. लाहौटी
द. डी.के. जैन।

13. दिसंबर-2019 एवं जनवरी-2020 में किस देश के जंगलों में लगी आग ने भीषण रूप धारण कर लिया था, जिसमें लाखों जीव-जंतुओं की आकस्मिक मौत हुई?
अ. चीन में
ब. ब्राजील में
स. आस्ट्रेलिया में
द. अफ्रीका में।

14. लोक लेखा समिति के नए अध्यक्ष बनाए गए हैं?
अ. गुलाम नबी आजाद
ब. नरेन्द्र सिंह तोमर
स. ओम बिडला
द. अधीर रंजन चौधरी।

15. मध्यप्रदेश के किस जिले में यूरेनियम के भंडार का पता चला है?
अ. खंडवा में
ब. सीधी में
स. उज्जैन में
द. अनूपपुर में।

16. भारत ने अपाचे नामक लड़ाकू हेलिकाप्टर किससे खरीदे हैं?
अ. रूस से
ब. अमेरिका से
स. इटली से
द. फ्रांस से।

17. वर्ल्ड फुटबॉल कप में सर्वाधिक 17 गोल लगाने का रिकॉर्ड बनाया है?
अ. मिरोस्लाव क्लोज ने
ब. लेडी मार्ता ने
स. सैम केर ने
द. एरोन फिंच ने।

18. वर्तमान में भारत के विदेश सचिव हैं?
अ. एस. जयशंकर
ब. गोपाल कृष्ण गांधी
स. विजय गोयल
द. हर्षवर्धन श्रंगला।

19. दिवंगत डॉ. श्रीराम लागू थे?
अ. फिल्म अभिनेता
ब. पार्श्व गायक
स. संगीतकार
द. फिल्म निर्देशक।

20. इनमें से कौन ब्रिक्स समूह का सदस्य नहीं है?
अ. चीन
ब. ब्रिटेन
स. ब्राजील
द. अफ्रीका।

21. इसरो द्वारा सूर्य के अध्ययन के लिए भेजे जाने वाले अंतरिक्ष यान का नाम है?
अ. आदित्य एल. वन
ब. सूर्यराज
स. भानुदया
द. सृष्टिपथ।

22. महापुष्करम मेला लगता है?
अ. तामिलनाडु में
ब. केरल में
स. कर्नाटक में
द. आंध्र प्रदेश में

23. राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद ने महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती के अवसर पर किसे सबसे प्रभावशाली स्वच्छता दूत पुरस्कार से सम्मानित किया है?
अ. अमिताभ बच्चन को
ब. कमल हसन को
स. शिल्पा शेट्टी को
द. सचिन तेंदुलकर को।

24. राष्ट्रीय गंगा परिषद् की पहली बैठक कहां पर हुई?
अ. पूर्णिया में
ब. चंदौली
स. कानपुर में
द. पटना में।

25. इनमें सही युग्म नहीं है?
अ. राष्ट्रीय युवा दिवस-12 जनवरी
ब. विश्व स्वास्थ्य दिवस-7 अप्रैल
स. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस-11 मई
द. हिन्दी पत्रकारिता दिवस-21 मई

26. संयुक्त राष्ट्र ने भारत से भूख मिटाने हेतु कौन-सा अभियान प्रारंभ किया है?
अ. फीड अवर फ्यूचर
ब. नव प्रसाद
स. यूनाइटेड अगेंस्ट हंगर
द. सच्चा साधक।

27. भारत में सिविल सर्विस डे मनाया जाता है?
अ. 14 अप्रैल को
ब. 21 अप्रैल को
स. 23 अप्रैल को
द. 30 अप्रैल को।

(शेष अगले पृष्ठ पर)

प्राथमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण प्रश्नोत्तर

हिन्दी

निर्देश :- 'अंश में' कारक का सही विकल्प चुनकर लिखिए।

1. श्याम *'पेंसिल से'* लिखता है।
A) कर्म कारक
B) करण कारक
C) अपादान कारक
D) सम्प्रदान कारक।

2. मैं *'प्रसाद को'* पत्र लिखूंगा।
A) कर्ता कारक
B) करण कारक
C) कर्म कारक
D) सम्प्रदान।

3. *'रोशनी ने'* खाना खाया।
A) कर्ता कारक
B) कर्म कारक
C) करण कारक
D) सम्प्रदान कारक।

4. *'गरीबों को'* दान दो।
A) अधिकरण कारक
B) करण कारक
C) सम्प्रदान कारक
D) अपादान कारक।

5. कपड़े *'बैग में'* रखे हैं।
A) अधिकरण कारक
B) अपादान कारक
C) करण कारक
D) संबोधन कारक।

6. *'निलेश का'* भाई चला गया।
A) अधिकरण कारक
B) संबंध कारक
C) करण कारक
D) अपादान कारक।

7. मैं *'दादा जी के लिए'* कपड़े लाया हूँ।
A) अपादान कारक
B) सम्प्रदान कारक
C) अधिकरण कारक
D) संबंध कारक।

8. मैं अतुल को *'समाचार पत्र'* दूँगा।
A) कर्ता कारक
B) करण कारक
C) कर्म कारक
D) अधिकरण कारक।

9. *'टेबल पर'* पंखा रखा है।
A) कर्म कारक
B) अधिकरण कारक
C) संबंध कारक
D) अपादान कारक।

10. *'वृक्ष से'* फल गिरता है।
A) अपादान कारक
B) करण कारक
C) अधिकरण कारक
D) संबंध कारक।

निर्देश :- यहां कुछ मुहावरे दिये गये हैं। प्रत्येक के चार वैकल्पिक अर्थ दिए गए हैं, सही का चयन करें।

11. अग्नि परीक्षा देना।
A) हथेली पर आग रखकर दिखाना
B) अग्नि में प्रवेश करना
C) कठिन परिस्थिति में पड़ना
D) अंगारों पर चलना।

12. अरमान निकालना।
A) इच्छा पूरी करना
B) मन की बात कह देना
C) जोरदार दावत करना
D) जी भरकर गाली देना।

13. आवाज उठाना।
A) जोर से बोलना
B) विरोध करना
C) अपनी बात कहना
D) संगीत में एक क्रिया

14. उल्टे छुरे से मुंड़ना।
A) धोखा देना
B) मूर्खता प्रगट करना
C) दिखावा करना
D) धोखे से अपना काम निकालना।

15. एक-एक की दस-दस करना।
A) जुआ में जीतना
B) जादू दिखाना
C) सफेद झूठ बोलना
D) बातें बनाना।

16. औघट घाट चलना।
A) मूर्खता की बातें करना
B) धोखा देना
C) गलत स्थान से नदी पार करना
D) सही रास्ता छोड़ कर ऊट-पटांग रास्ते से चलना।

17. कभी दिन बड़े कभी रात।
A) कभी सुख के दिन कभी दुःख के दिन
B) प्रकृति का एक नियम
C) कभी सोना कभी जागना
D) समय का अस्थिर होना।

18. कोढ़ में खाज होना।
A) बात का बतंगड़
B) हरफन मौला
C) दुख-दर्द का इलाज
D) दुःख के ऊपर दुःख

19. खरा खेल फर्रूखाबादी।
A) सच्चा काम
B) धोखाधड़ी
C) फर्रूखाबाद में खेला जाने वाला एक खेल
D) कथनी और करनी में अंतर।

20. गाँठ में पलोथन लगाना।
A) घाटे का व्यापार करना
B) मूर्ख बनाना
C) पास से खर्च कर दूसरे का काम करना
D) दूसरों की सहायता करना

निर्देश :- अधोलिखित शब्दों के भावार्थ रूप चार-चार विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प का चयन करें।

21. गन्तव्य
A) अस्थायी निवास करना
B) जीवन का अंतिम लक्ष्य
C) स्थान जहां स्थायी रूप से निवास करते हैं।
D) लक्ष्य जहां जाना है।

22. जलचर
A) आकाश में उड़ने वाला
B) पानी पर तैरने वाला
C) जल में रहने वाला प्राणी
D) जल में गोता लगाने वाला।

23. धरोहर
A) दूसरे को दी वस्तु
B) जमानती वस्तु
C) जो वस्तु दूसरे के यहां रक्षा के लिए रखी गई हो
D) गिरवी।

24. निष्प्रभ
A) प्रभाव हीन
B) प्रभाव रहित
C) अंधकार
D) जिसके अंदर तेल न हो।

25. पंचानन
A) पांच शरीर वाला
B) पंच भूत
C) पांच मुख वाला
D) रावण।

26. मनोवृत्ति
A) कनोकांक्षा
B) आकांक्षा
C) इच्छा
D) मन का रूझान

27. परमुखापेक्षी
A) परम मुख वाला
B) पांच मुख वाला
C) दूसरे का मुख देखने वाला
D) मुंह देखकर बात करने वाला।

28. संशयात्मक
A) जिसके मन में संदेह हो
B) जो शंकालु हो
C) जिसके मन में घृणा का भाव हो
D) जिसके मन में संशय हो।

29. वाग्दत्त
A) दान कर देना
B) वाणी द्वारा किसी को कुछ देने के लिए कह दिया हो
C) शिव जी
D) दृढ़ प्रतिज्ञा

30. हरा-भरा मैदान
A) शस्य श्यामल
B) चारागाह
C) शाद्वल
D) उपवन

निर्देश :- नीचे कुछ समूह के नाम दिए गए हैं। समूह को व्यक्त करने के लिए विकल्प दिए गए हैं। सही विकल्प का चयन करें।

31. धन रखने का स्थान?
A) आगार B) आलय
C) भण्डार D) ढेरी

32. समुद्र का अग्नि समूह?
A) दाव B) बाड़व
C) जठर D) ढेर

33. अन्न का ढेर?
A) गठरी B) पंक्ति
C) राशि D) ढेर

34. सभ्य जन का समूह?
A) अंश B) गिरोह
C) दल D) वृन्द

35. सौ की गिनती?
A) शतक B) शती
C) शताब्दी D) सैकड़ा।

36. साहित्यिक रचनाओं का प्रकाशित संकलन?
A) संग्रह B) समुदाय
C) गुच्छा D) समिति।

37. एकत्र गुण्डों के लिए प्रयुक्त शब्द?
A) गिरोह B) समूह
C) जत्था D) बैठक

38. बच्चों का पंक्तिवद्ध समूह?
A) टुकड़ी B) टोली
C) श्रृंखला D) जत्था।

39. जलपोतों का समूह?
A) जत्था B) बेड़ा
C) टुकड़ी D) टोली।

40. लता-गुल्म से घिरा हुआ स्थान?
A) कुंज B) पुंज
C) हरीतमा D) कतार

निर्देश :- नीचे दिए गए वाक्यों में शब्द शक्ति को लक्ष्य करके प्रत्येक के चार-चार विकल्प दिए हैं। सही का चयन करें।

41. गधा खेत में घास खा रहा है?
A) लक्षणा B) अमिधा
C) व्यंजना D) तात्पर्या।

42. इस बालक की खोपड़ी में गोबर भरा है?
A) लक्षणा B) तात्पर्या
C) लक्षणा D) व्यंजना

43. श्याम, तुम एक दम गधे हो।
A) व्यंजना B) लक्षणा
C) व्यंजना D) तात्पर्या

44. लोग विवाह क्यों करते हैं, गा-बजा कर काठ में पांव देते हैं?
A) व्यंजना B) तात्पर्या
C) अमिधा D) लक्षणा

45. राम और श्याम में दांत काटी दोस्ती है?
A) लक्षणा B) व्यंजना
C) अमिधा D) तात्पर्या

46. रात के एक बजे रमेश ने अपने साथी को जगाते हुए कहा "रात की रानी महक रही है"।
A) लक्षणा B) तात्पर्या
C) व्यंजना D) अमिधा

47. छात्र ने अध्यापक को सम्बोधित करते हुए कहा "सर, घण्टा बज गया"।
A) लक्षणा B) व्यंजना
C) तात्पर्या D) अमिधा

48. पुलिस को देखकर चोर नौ दो ग्यारह हो गया।
A) अमिधा B) व्यंजना
C) तात्पर्या D) लक्षणा

49. कहत नटत, रीझत खीझत, मिलतु खिलत, लजियात भरे भौन में करत है नैनहु ही सब बात?
A) व्यंजना B) तात्पर्या
C) लक्षणा D) अमिधा

50. उसके बोलने से फूल झड़ते हैं?
A) लक्षणा B) तात्पर्या
C) अमिधा D) व्यंजना

उत्तरमाला

1. B, 2. C, 3. A, 4. C, 5. A, 6. B, 7. B, 8. C, 9. B, 10. A, 11. C, 12. A, 13. B, 14. D, 15. C, 16. D, 17. D, 18. D, 19. A, 20. C, 21. B, 22. C, 23. C, 24. D, 25. C, 26. D, 27. C, 28. D, 29. B, 30. C, 31. A, 32. B, 33. C, 34. D, 35. A, 36. A, 37. A, 38. C, 39. B, 40. A, 41. B, 42. A, 43. B, 44. D, 45. A, 46. C, 47. B, 48. D, 49. A, 50. D

- डॉ. राम मनोहर उपाध्याय
(लेखक, माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय भोपाल के जनसंख्यार विभाग में अतिथि शिक्षक हैं)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

28. एशिया का नोबल पुरस्कार कहलाता है?
अ. भारत रत्न
ब. ज्ञानपीठ सम्मान
स. रेमन मैग्सेसे पुरस्कार
द. दादासाहेब फाल्के पुरस्कार।

29. जनवरी-2020 में 'राष्ट्रीय युवा महोत्सव' का आयोजन कहां हुआ है?
अ. पंजाब में
ब. कर्नाटक में
स. केरल में
द. उत्तर प्रदेश में ।

30. वर्ष 2020 में ओलिंपिक खेल का आयोजन होना था?
अ. इंडोनेशिया में
ब. फ्रांस में
स. भारत में
द. जापान में।

31. किसने 21वीं एशियाई तीरंदाजी चैम्पियनशिप में महिला एकल रिकर्व स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीता है?
अ. दीपिका कुमारी ने
ब. तरूणा राय ने
स. सीमा राजपूत ने
द. इनमें से कोई नहीं।

32. चीन की सीमा से सटी हुई नेलांग घाटी स्थित है?
अ. कश्मीर में
ब. उत्तराखंड में
स. सिक्किम में
द. अरुणाचल प्रदेश में।

33. किस क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए अभिजीत बनर्जी को नोबल पुरस्कार (2019) दिया गया है?
अ. रसायन शास्त्र
ब. भौतिकी
स. अर्थशास्त्र
द. इनमें से कोई नहीं।

34. मध्यप्रदेश में सुशीलचंद्र वर्मा पुरस्कार दिया जाता है?
अ. केवल शिक्षकों को
ब. शासकीय सेवकों को
स. समाज सेवकों को
द. विकलागों को ।

35. भारत ने 'शक्ति 2019' नामक सैन्य अभ्यास किसके साथ किया है?
अ. चीन ब. ब्रिटेन
स. फ्रांस द. अमेरिका।

36. रूस के किस समाचार पत्र ने अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण कर लिये हैं?
अ. द रशियन मेल ने
ब. प्रावदा ने
स. मास्को मार्च ने
द. ग्लासनोस्त ने।

उत्तरमाला

1. ब	2. स	3. ब
4. स	5. ब	6. ब
7. स	8. अ	9. स
10. द	11. अ	12. द
13. स	14. द	15. ब
16. ब	17. ब	18. द
19. अ	20. ब	21. अ
22. द	23. द	24. स
25. द	26. अ	27. ब
28. स	29. द	30. द
31. अ	32. ब	33. स
34. ब	35. स	36. ब

व्याख्यात्मक हल

3. ब. यह कोर्स इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) दिल्ली द्वारा 2016 से प्रारंभ किया है।
8. अ. वर्तमान में संजय गुप्ता दैनिक जागरण के प्रधान संपादक हैं।
9. स. यूएनडीपी की मानव विकास रैंकिंग में जहां नार्वे प्रथम, स्विटजरलैंड द्वितीय एवं आयरलैंड तृतीय स्थान पर है, भारत का 129 वां स्थान है।
15. सीधी जिले के अमझोर नामक क्षेत्र में यूरेनियम के भंडार का पता चला है।
20. ब. ब्राजील, रूस, इंडिया, चीन और दक्षिण अफ्रीका ब्रिक्स (BRICS) समूह के सदस्य हैं ।
22. द. आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में 144 सालों के अंतराल में महापुष्करम मेला लगता है।
25. द. 30 मई, 1826 को कलकत्ता से हिन्दी के पहले समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' का शुभारंभ होने की स्मृति में प्रतिवर्ष हिन्दी पत्रकारिता दिवस 30 मई को मनाया जाता है।
29. राष्ट्रीय युवा महोत्सव-2020 का आयोजन लखनऊ में हुआ। इसकी थीम 'फिट यूथ फिट इंडिया' थी।

- डॉ. नियाज अहमद अंसारी
(लेखक, शासकीय आदर्श महाविद्यालय, उमरिया में राजनीति शास्त्र एवं लोक प्रशासन के सहायक प्राध्यापक हैं।)

OBJECTIVE QUESTIONS FOR COMPETITIVE EXAMINATION

Subject : GENERAL ENGLISH

Fill in the blanks with suitable articles. (Question No. 1 to 5)

1. **Arvind scored ..... century in his debut match.**
   (a) an (b) the
   (c) a (d) no article
2. **The country is in ..... difficult situation.**
   (a) an (b) a
   (c) the (d) no article
3. **I hate to ..... say it.**
   (a) the (b)an
   (c) a (d) no article
4. **Shall we meet somewhere for ..... dinner?**
   (a) the (b) an
   (c) no article (d) a
5. **Anju was trying to teach her to play ..... guitar.**
   (a) an (b) a
   (c) the (d) no article

Fill in the blank spaces with suitable prepositions. (Question No. 6 to 12)

6. **I have some free advice ..... you.**
   (a) for (b) with
   (c) on (d) by
7. **There was a nervous smile ..... her face.**
   (a) to (b) at
   (c) by (d) on
8. **He cannot force you to participate..... this webinar.**
   (a) about (b) on
   (c) into (d) in
9. **I don't like being alone ..... home.**
   (a) of (b) at
   (c) to (d) by
10. **The city has been under attack ..... rebel group.**
    (a) by (b) against
    (c) on (d) of
11. **What is the focus area ..... the government in epidemic situation?**
    (a) with (b) of
    (c) in (d) by
12. **The villagers killed him ..... dagger and knife.**
    (a) in (b) by
    (c) on (d) with

Fill in the blanks with suitable form of the verb. (Question No. 13 to 18)

13. **She ..... your feelings.**
    (a) is understanding
    (b) understood
    (c) understands
    (d) understand
14. **This huge bungalow ..... to him.**
    (a) had belonged
    (b) has belonged
    (c) belongs
    (d) is belonging
15. **My brother ..... four tickets for this show yesterday.**
    (a) booked
    (b) is booking
    (c) has booked
    (d) had booked
16. **They ..... for this trip since January 2020.**
    (a) are planing
    (b) planed
    (c) have planed
    (d) have been planning
17. **We ..... a film in theatre during 6pm to 9pm yesterday.**
    (a) have watched
    (b) are watching
    (c) were watching
    (d) have been watching
18. **Scientists ..... an injection on Covid-19 soon.**
    (a) are discovering
    (b) discovered
    (c) had discovered
    (d) will discover

Change the Voice. (Question No. 19 to 25)

19. **Delete the paragraph.**
    (a) You are requested to delete the paragraph.
    (b) Let me delete the paragraph.
    (c) Let the paragraph be deleted.
    (d) The paragraph must be deleted.
20. **Anyone should not use filthy words.**
    (a) Should anyone used filthy words for others.
    (b) Filthy words not to be used by anyone.
    (c) Filthy words are not good to be used by anyone.
    (d) Filthy words should not be used by anyone.
21. **Lockdown rules must be obeyed by all people.**
    (a) All lockdown must be obeyed by all people.
    (b) Lockdown rules are to be followed by all.
    (c) All people must be obeyed lockdown rules.
    (d) All people must obey lockdown rules.
22. **The entire college building was painted by Das and sons agency.**
    (a) Das and sons agency involved in painting the entire college building.
    (b) Das and sons agency had painted the entire college building.
    (c) Das and sons agency painted the entire college building.
    (d) The entire college building paints with the help of Das and sons agency.
23. **People are cutting tress nowadays.**
    (a) Trees are being cutting by people nowadays.
    (b) Nowadays are cut in trees by people.
    (c) Trees are being cut by people nowadays.
    (d) Trees are nowadays cutting by people.
24. **Sofia assisted me in research paper writing.**
    (a) I was assisted in research paper writing by Sofia.
    (b) In research paper writing Sofia assisted me.
    (c) I was assisted Sofia in research paper writing.
    (d) He assisted Sofia in research paper writing.
25. **You can manage online classes.**
    (a) Online classes can be managed by him.
    (b) Online classes can managed by all.
    (c) Online classes can be managed by you.
    (d) Online classes can manage by you.

Do as directed. (Question No. 26 to 30)

26. **Please remember my birthday. (Make it negative without changing the meaning)**
    (a) You remember my birthday please.
    (b) Don't remember my birthday.
    (c) Please don't forget my birthday.
    (d) You should not forget my birthday please.
27. **He spoke too fast to be understood. (Use 'too')**
    (a) He spoke fast and hence he could not be understtod.
    (b) He is fast in speaking that could not be understood.
    (c) He spoke so fast that he could not be understood.
    (d) He spoke very fast that cannot be understood.
28. **My assistant clerk is very idiot. (Make it exclamatory)**
    (a) How idiot my assistant clerk is!
    (b) How idiot assistant clerk is!
    (c) Idiot clerk is my assistant!
    (d) How idiot clerk is my assistant!
29. **The film is not at all good. (Change into affirmative)**
    (a) The film is not at all bad.
    (b) The film is not bad at all.
    (c) The film is not good and not bad too.
    (d) The film is totally bad.
30. **There is nothing dreadful in it. (Make it interrogative)**
    (a) Is there anything dreadful?
    (b) What is not dreadful in it?
    (c) What is very dreadful it?
    (d) What is dreadful in it?

Choose the word opposite to the meaning of the given word. (Question No. 31 to 35)

31. **Acumen**
    (a) Insight
    (b) Sharpness
    (c) Ignorance
    (d) Brilliance
32. **Repulse**
    (a) Resist (b) Jarring
    (c) Repel (d) Allure
33. **Lustful**
    (a) Impious
    (b) Chaste
    (c) Immodest
    (d) Boastful
34. **Disdain**
    (a) Scorn
    (b) Contempt
    (c) Handy
    (d) Courtesy
35. **Efface**
    (a) Obliterate
    (b) Retain
    (c) Wipe out
    (d) Destroy

Synonyms (Question No. 36 to 40)

36. **Abjure**
    (a) Approve
    (b) Guide
    (c) Disclose
    (d) Renounce
37. **Pardon**
    (a) Culprit
    (b) Force
    (c) Absolve
    (d) Compel
38. **Baroque**
    (a) Decorative
    (b) Plain
    (c) Prohibit
    (d) Hopeless
39. **Benign**
    (a) Thirsty
    (b) Malignant
    (c) Gentle
    (d) Colossal
40. **Terminate**
    (a) Rejoining
    (b) Pits
    (c) Cease
    (d) Depth

One word substitutions. (Question No 41 to 45)

41. **Pathological fear of high places.**
    (a) Acrophobia
    (b) Pathology
    (c) Narcissism
    (d) Horror
42. **A list of books available in a library.**
    (a) Index
    (b) Catalogue
    (c) Access
    (d) Reference
43. **A part of a word that can be pronounced separately.**
    (a) Sound
    (b) Speech
    (c) Intonation
    (d) Syllable
44. **A notice of a person's death.**
    (a) Mortuary
    (b) Death Anniversary
    (c) Obituary
    (d) Corrigendum
45. **A mournful poem or a song.**
    (a) Ode (b) Ballad
    (c) Sonnet (d) Elegy

In each of the following questions, find out the correctly spelt word. (Questions 46 to 50)

46. (a) Diafaulter
    (b) Deefaulter
    (c) Difaulter
    (d) Defaulter
47. (a) Portfalio (b) Portfalio
    (c) Partfolio (d) Portfolio
48. (a) Inthology
    (b) Aenthology
    (c) Einthology
    (d) Anthology
49. (a) Saunet (b) Sonnet
    (c) Saunett (d) Sannet
50. (a) Climax (b) Kliamax
    (c) Klaymax (d) Cklimax

Answers

1. c, 2. b, 3. d, 4. c, 5. c, 6. a, 7. d, 8. d, 9. b, 10. a, 11. b, 12. d, 13. c, 14. c, 15. a, 16. d, 17. c, 18. d, 19. c, 20. d, 21. d, 22. c, 23. c, 24. a, 25. c, 26. c, 27. c, 28. a, 29. d, 30. d, 31. c, 32. d, 33. b, 34. d, 35. b, 36. d, 37. c, 38. a, 39. c, 40. c, 41. a, 42. b, 43. d, 44. c, 45. d, 46. d, 47. d, 48. d, 49. b, 50. a.

Explanation

4. No article is used for the names of breakfast, lunch, dinner.
48. Anthology is a collection of literary works chosen by the compiler.
50. Climax means a high point or culmination.

- Prafulkumar Prakash Vaidhya
(Assistant Professor in English Sardar Patel Mahavidyalaya, Chandrapur)

डीएलएड परीक्षा के लिये ऑनलाइन आवेदन 10 जून तक होंगे

भोपाल, माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा सत्र 2019-20 की प्रारंभिक शिक्षा को पत्रोपाधि पाठ्यक्रम (डीएलएड) नियमित प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षा के लिये आवेदन-पत्र एम.पी.ऑनलाइन के कियोस्क अथवा पोर्टल के माध्यम से 25 मई से 10 जून तक भरे जा सकेंगे।

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY
(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, BHOPAL M.P.–11

NOTICE INVITING TENDER No. 895 (PMGSY-III, Batch-I)

No. 5905/22/D-12/MPRRDA/2020 **Bhopal, Dated : 23.05.2020**

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below :

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Rewa	1	173066000.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **27.05.2020 17:30 hrs.** Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P.M./97410/43929/2020 **CHIEF GENERAL MANAGER (T & e-G)**

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

कर्नाटक राज्य का सामान्य भूगोल

1. मैसूर राज्य का नाम किस वर्ष परिवर्तित कर कर्नाटक किया गया?
   अ) 1960
   ब) 1973
   स) 1956
   द) 1970
2. हम्पी स्मारक कर्नाटक के किस जिले में है?
   अ) बेल्लारी
   ब) मैसूर
   स) उडुपी
   द) हसन
3. कर्नाटक की शरावती नदी पर कौन-सा प्रसिद्ध जलप्रपात है?
   अ) सहस्त्रधारा
   ब) चचाई जलप्रपात
   स) जोग जलप्रपात
   द) दुग्धधारा
4. हम्पी नगर किस नदी के किनारे स्थित है?
   अ) तुंगभद्रा
   ब) कावेरी
   स) काबिनी
   द) मालाप्रभा
5. कर्नाटक राज्य की स्थलीय सीमा कितने राज्यों से स्पर्श करती है?
   अ) पांच
   ब) छः
   स) सात
   द) चार
6. कौन-सी कृष्णा नदी की सहायक नदी नहीं है?
   अ) भीमा नदी
   ब) तुंगभद्रा नदी
   स) घटप्रभा नदी
   द) हेमावती नदी
7. कृष्णराजा सागर बांध किस नदी पर बना हुआ है?
   अ) कावेरी नदी
   ब) कृष्णा नदी
   स) गोदावरी नदी
   द) इनमें से कोई नहीं
8. कर्नाटक का क्षेत्रफल के अनुसार भारत में कौन-सा स्थान है?
   अ) द्वितीय
   ब) तृतीय
   स) पंचम
   द) षष्टम
9. गोल गुम्बज कर्नाटक के किस जिले में है?
   अ) बीजापुर
   ब) बेंगलुरु
   स) धारवाड़
   द) उडुपी
10. भारत का सबसे बड़ा कॉफी उत्पादक राज्य है?
    अ) केरल
    ब) तमिलनाडु
    स) कर्नाटक
    द) गोवा
11. कौन-सा राष्ट्रीय उद्यान कर्नाटक राज्य में नहीं है?
    अ) बान्दीपुर राष्ट्रीय उद्यान
    ब) नागरहोल राष्ट्रीय उद्यान
    स) बन्नेरघटटा राष्ट्रीय उद्यान
    द) संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान
12. निम्न में से कौन-सी कर्नाटक की प्रसिद्ध झील है?
    अ) बेलान्दुर झील
    ब) कोलेरु झील
    स) सुखना झील
    द) कोडेकनल झील
13. नीलगिरी की पहाड़ियों में कौन-सी जनजाति पाई जाती है?
    अ) टोडा जनजाति
    ब) मुण्डा जनजाति
    स) भूतिया जनजाति
    द) नागा जनजाति
14. बाबाबूदन की पहाड़ी किस राज्य में है?
    अ) तमिलनाडु
    ब) केरल
    स) गोवा
    द) कर्नाटक
15. कर्नाटक का कौन-सा क्षेत्र खनिज उत्पादन के लिए भारत में महत्वपूर्ण स्थान रखता है?
    अ) धारवाड़
    ब) कुडप्पा
    स) भण्डारा
    द) बादाम पहाड़
16. कर्नाटक के किस शहर में कॉफी बोर्ड का मुख्यालय है?
    अ) बेंगलुरु
    ब) बेल्लारी
    स) मैसूर
    द) हासन
17. कर्नाटक के किस शहर में कॉफी अनुसंधान केन्द्र स्थित है?
    अ) मैसूर
    ब) हसन
    स) चिकमंगलूर
    द) बेल्लारी
18. पश्चिमी घाट में स्थानांतरणशील कृषि को किस नाम से पुकारा जाता है?
    अ) दीपा
    ब) बरीगा
    स) कुमारी
    द) पामलु
19. देश में रेशम उद्योग का सर्वाधिक स्थानीयकरण किस राज्य में हुआ है?
    अ) कर्नाटक
    ब) तमिलनाडु
    स) केरल
    द) तेलंगाना
20. कोलार की खदान किसके लिए प्रसिद्ध है?
    अ) सोना
    ब) हीरा
    स) बॉक्साइट
    द) यूरेनियम
21. न्यू मंगलूर बंदरगाह से ईरान को क्या निर्यात किया जाता है?
    अ) कोयला
    ब) लौह अयस्क
    स) बॉक्साइट
    द) इनमें से कोई नहीं
22. सेण्ट्रल इन्स्टीट्यूट ऑफ लैंगुएजेज का मुख्यालय है -
    अ) मैसूर
    ब) बेंगलुरु
    स) बेल्लारी
    द) बीजापुर
23. नेशनल एरोनॉटिकल लेबोरेटरी का मुख्यालय है -
    अ) बेल्लारी
    ब) बेंगलुरु
    स) बीजापुर
    द) सलेम
24. कैगा एटॉमिक पॉवर प्लाण्ट किस प्रदेश में स्थित है?
    अ) तमिलनाडु
    ब) कर्नाटक
    स) गोवा
    द) केरल
25. इण्डियन टेलीफोन इण्डस्ट्रीज लिमिटेड का मुख्यालय किस शहर में है?
    अ) बेंगलुरु
    ब) हैदराबाद
    स) चेन्नई
    द) बीजापुर
26. केन्द्रीय खाद्य प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान का मुख्यालय है -
    अ) मैसूर
    ब) हैदराबाद
    स) बेल्लारी
    द) सलेम
27. निम्न में से कौन-सा बांध कर्नाटक में है?
    अ) हीराकुंड
    ब) अल्माट्टी
    स) मेट्टूर
    द) उकाई
28. अर्कावती, अमरावती, भवानी, हेमावती एवं काविनी किसकी सहायक नदियां हैं?
    अ) कावेरी
    ब) कृष्णा
    स) गोदावरी
    द) पेरियार
29. भारत में कच्चे नमक का सर्वाधिक उत्पादन किस राज्य द्वारा किया जाता है?
    अ) कर्नाटक
    ब) पश्चिम बंगाल
    स) असम
    द) मध्यप्रदेश
30. कावेरी नदी का उद्गम स्थान है -
    अ) त्रयंबकेश्वर पहाड़ी
    ब) ब्रह्मगिरी पहाड़ी
    स) सतपुड़ा पहाड़ी
    द) इनमें से कोई नहीं
31. दक्षिण पश्चिम रेलवे का मुख्यालय है -
    अ) मैसूर
    ब) हुबली
    स) सलेम
    द) बेंगलुरु
32. राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 07 किस प्रदेश से होकर नहीं गुजरता है?
    अ) कर्नाटक
    ब) तमिलनाडु
    स) महाराष्ट्र
    द) केरल
33. जनसंख्या के अनुसार कर्नाटक का भारत में स्थान है?
    अ) द्वितीय
    ब) अष्टम
    स) पंचम
    द) सप्तम
34. विश्वेश्वरैया आयरन और स्टील प्लांट कहां स्थित है?
    अ) भद्रावती
    ब) बेंगलुरु
    स) बेल्लारी
    द) न्यू मंगलौर
35. कुद्रेमुख खदान किस खनिज के लिए प्रसिद्ध है?
    अ) लोहा
    ब) हीरा
    स) बॉक्साइट
    द) सोना
36. बगीचों का शहर किसे कहा जाता है?
    अ) बेंगलुरु
    ब) मैसूर
    स) बेल्लारी
    द) सलेम
37. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का मुख्यालय कहां है?
    अ) बेंगलुरु
    ब) बेलगाम
    स) कोच्चि
    द) तिरुवनंतपुरम
38. कर्नाटक राज्य का राज्य पशु है?
    अ) बाघ
    ब) भारतीय हाथी
    स) बब्बर शेर
    द) हिरण
39. जैन तीर्थ श्रवणबेलगोला कर्नाटक के किस जिले में है?
    अ) हासन
    ब) बेंगलुरु
    स) बीजापुर
    द) बेल्लारी
40. एशिया का पहला जलविद्युत संयंत्र कहां पर स्थापित किया गया?
    अ) शिवसमुद्रम
    ब) कोयना
    स) भाखड़ा
    द) चचाई
41. निम्न में से कौन-सा बंदरगाह कर्नाटक में है?
    अ) न्यू मंगलौर
    ब) मालपे
    स) ताड़ी
    द) उपरोक्त सभी
42. एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम कहां है?
    अ) बेंगलुरु
    ब) बीजापुर
    स) मैसूर
    द) हैदराबाद
43. कर्नाटक के किस जिले की सीमा आंध्रप्रदेश तथा तेलंगाना से स्पर्श होती है?
    अ) बेल्लारी
    ब) रायचुर
    स) चित्रदुर्ग
    द) कोलार
44. गोकर्ण पर्यटन क्षेत्र किस राज्य में है?
    अ) कर्नाटक
    ब) केरल
    स) महाराष्ट्र
    द) गोवा
45. कर्नाटक के समुद्र तटीय भाग की लम्बाई है?
    अ) 400 कि.मी.
    ब) 280 कि.मी.
    स) 500 कि.मी.
    द) 200 कि.मी.

उत्तरमाला

1. ब, 2. अ, 3. स, 4. अ, 5. ब, 6. द, 7. अ, 8. द, 9. अ, 10. स, 11. द, 12. अ, 13. अ, 14. द, 15. अ, 16. अ, 17. स, 18. स, 19. अ, 20. अ, 21. ब, 22. अ, 23. ब, 24. ब, 25. अ, 26. अ, 27. ब, 28. अ, 29. अ, 30. ब, 31. ब, 32. द, 33. ब, 34. अ, 35. अ, 36. अ, 37. अ, 38. ब, 39. अ, 40. अ, 41. द, 42. अ, 43. ब, 44. अ, 45. ब।

-डॉ. संदीप सारवान
(लेखक, शासकीय महाविद्यालय टोंकखुर्द, देवास में भूगोल विषय के सहायक प्राध्यापक हैं।)

सड़क दुर्घटना में मृत श्रमिकों के परिवारों को एक-एक लाख रूपये की सहायता राशि

भोपाल, राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में सड़क दुर्घटना का शिकार हुए प्रवासी श्रमिक परिवारों को आर्थिक सहायता दी जाएगी। इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए गए हैं। छतरपुर जिले में हुई एक सड़क दुर्घटना में मृतक श्रमिकों के परिवार को एक-एक लाख रुपये और घायलों को 25-25 हजार रुपये की सहायता राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष से प्रदान की गई है।

मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश के अनुसार छतरपुर कलेक्टर ने सड़क दुर्घटना में मृत्यु पर प्रत्येक मृतक के परिवार को 15 हजार रुपये और घायलों को 7 हज़ार 500 रुपये की आर्थिक सहायता राशि अतिरिक्त रूप से स्वीकृत की है। इस तरह इस दुर्घटना में मृत्यु पर 1 लाख 15 हजार और घायल होने पर 32 हजार 500 रुपये की आर्थिक सहायता प्रभावित परिवारों को दी गई। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार कोविड-19 महामारी के दौरान अन्य राज्य से उनके मूल राज्यों की ओर प्रस्थान कर रहे प्रवासी श्रमिकों की यदि मध्यप्रदेश राज्य में किसी आकस्मिक दुर्घटना में मृत्यु हो जाती है तो उस स्थिति में राज्य शासन मृतक प्रवासी श्रमिक के परिवार को एक लाख रुपये एवं गंभीर रूप से घायल होने पर प्रवासी श्रमिक को 25 हजार रुपये की सहायता राशि मुख्यमंत्री सहायता कोष से स्वीकृत करेगा।

प्रदेश के सात शहर वन स्टार, दस शहर थ्री स्टार और इंदौर बना फाइव स्टार शहर

भोपाल, केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने देश के 4 हजार 374 शहरों में की गई स्टार रेटिंग प्रक्रिया के परिणामों की घोषणा की, जिसमें मध्यप्रदेश के 18 शहरों ने बेहतर प्रदर्शन किया, वहीं नगर निगम इंदौर ने अपने फाइव स्टार के मानक स्तर को बनाये रखा और यह देश के 6 फाइव स्टार शहरों में शामिल होने वाला प्रदेश का इकलौता शहर बनकर प्रदेश को गौरवान्वित किया है। इस प्रकार स्टार रेटिंग प्राप्त करने वाले 12 राज्यों में महाराष्ट्र प्रथम और मध्यप्रदेश द्वितीय स्थान पर रहा।

प्रदेश के शहरों की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने सराहना करते हुए प्रदेश के सभी शहरों में मानक और स्तरीय स्वच्छता सुविधायें विकसित करने के लिये प्रेरित किया है। भारत सरकार द्वारा जारी इन परिणामों में मध्यप्रदेश के कुल 18 शहरों को बेहतर रेटिंग प्राप्त हुई है, जिसमें सात शहरों को वन स्टार, दस शहरों को थ्री स्टार एवं प्रदेश के प्रमुख शहर इंदौर को फाइव स्टार शहरों की श्रेणी में रखा गया है। वन स्टार घोषित शहरों में ग्वालियर तथा खण्डवा नगर निगम के अलावा देश के छोटे नगरीय निकाय बदनावर, हाथोद, महेश्वर, सरदारपुर एवं शाहगंज भी शामिल है। थ्री स्टार शहरों में भोपाल, बुरहानपुर, छिंदवाड़ा, कटनी, सिंगरौली और उज्जैन नगर निगमों के साथ खरगौन, ओंकारेश्वर, पीथमपुर शहरों ने भी अपना स्थान सुरक्षित किया है।

भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष शहरों में सार्वजनिक शौच सुविधाओं और कचरा संग्रहण एवं निपटान व्यवस्थाओं का मूल्यांकन किया जाता है, जिसमें प्रमुख रूप से सार्वजनिक शौच सुविधाओं का मानक रख-रखाव के साथ ठोस अपशिष्ट की सम्पूर्ण वैल्यू चैन आदि का विभिन्न मानकों पर मूल्यांकन किया जाता है।

खेलचर्चा

भारत और दक्षिण अफ्रीका खेल सकते हैं ट्वेंटी-20 सीरीज

नई दिल्ली, भारत और दक्षिण अफ्रीका की क्रिकेट टीमें अगस्त माह के आखिर में तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज खेल सकती हैं।ो यह टूर्नामेंट पूर्व निर्धारित समझौते के तहत खेला जायेगा।

क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के कार्यवाहक मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉक फॉल ने कहा कि इस सीरीज का कार्यक्रम अगस्त माह में तय है। फॉल ने कहा कि यह सीरीज भारत और दक्षिण अफ्रीका सरकार की मंजूरी के बाद ही हो सकेगी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका इस सीरीज के लिए नई तारीखें तय करने में जुटा है। इस टूर से पहले दक्षिण अफ्रीका को वेस्टइंडीज का दौरा करना है। भारत से सीरीज के लिए उसे वेस्टइंडीज टूर की तारीखों से भी तालमेल बिठाना होगा।

फेरारी का साथ छोड़ेंगे सबेस्टियन वेटल

पेरिस, जर्मनी के फॉर्मूला-वन रेसर सबेस्टियन वेटल ने कहा है कि वे इस सत्र के बाद फेरारी का साथ छोड़ देंगे। यह दोनों पक्षों का संयुक्त फैसला है। वेटल ने कहा कि इस खेल में सर्वश्रेष्ठ परिणाम हासिल करने के लिए सभी पक्षों के लिए बेहतर तालमेल बिठाना जरूरी है। मुझे और फेरारी को लगा कि इससे आगे भी साथ बने रहने की अब इच्छा नहीं रह गई। वेटल, फेरारी के साथ वर्ष 2015 में जुड़े थे। वेटल ने फेरारी के लिए पिछले 5 सत्रों में 14 रेस जीती हैं। इससे पहले वेटल रेडबुल की तरफ से फॉर्मूला-वन रेसिंग करते थे। रेडबुल के साथ वेटल का सफर शानदार रहा है। वेटल ने रेडबुल की तरफ से वर्ष 2010 से 2013 तक लगातार चार बार फॉर्मूला वन चैम्पियनशिप जीती है।

आयरलैंड ने रद्द की ट्वेंटी-20 सीरीज

बेलफास्ट, कोरोना वायरस के कारण खेल प्रतियोगिताओं के रद्द होने का सिलसिला जारी है। कोरोना संकट को देखते हुए अब आयरलैंड ने भी पाकिस्तान के साथ जुलाई में आयोजित होने वाली दो मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज को रद्द कर दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वसीम खान ने कहा कि इंग्लैंड दौरे से पहले आयरलैंड दौरे के स्थगित होने से हम निराश हैं। हमें उम्मीद है कि हम जल्द मैदान पर वापसी करेंगे।

स्पेन के एरिट्ज अदुरिज ने लिया संन्यास

मेड्रिड, स्पेन के अनुभवी फुटबॉलर एरिट्ज अदुरिज ने तत्काल प्रभाव से फुटबॉल से संन्यास लेने की घोषणा की है। अदुरिज ने कहा कि फुटबॉल के साथ मेरा जुड़ाव काफी पुराना है। डॉक्टर ने मुझे हिप सर्जरी के लिए कहा है। अब फुटबॉल छोड़ने का समय आ गया है। अदुरिज ने सितम्बर 2019 को कहा था कि वे वर्ष 2020 में सीजन के अंत में संन्यास लेंगे, लेकिन अब वे सीजन के आखिरी 11 मैच नहीं खेल पाएंगे। अदुरिज ने स्पेन के लिए 13 मैच खेले हैं। स्पेनिश लीग में अदुरिज वर्ष 2012 से एथेलेटिक बिलबाओ क्लब के लिए खेल रहे हैं।

पदक विजेता खिलाड़ियों से खेलवृत्ति के लिये ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

भोपाल, मध्यप्रदेश के प्रतिभावान खिलाड़ियों को अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने पर राज्य शासन द्वारा खेलवृत्ति दिए जाने का प्रावधान है। खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2019-20 के राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में पदक अर्जित करने वाले खिलाड़ियों से खेलवृत्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विभाग द्वारा कोविड-19 संक्रमण के मद्देनजर इस वर्ष खिलाड़ियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मई, 2020 निर्धारित की गई है। इस सिलसिले में संचालक खेल और युवा कल्याण श्री व्ही के सिंह द्वारा प्रदेश के समस्त संभागीय तथा जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारियों को पत्र भेजकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। जारी दिशा निर्देशों में कहा गया है कि संचालनालय द्वारा खेलवृत्ति के आवेदन हेतु ऑनलाइन एम आई एस प्रोग्राम तैयार किया गया है इसकी लिंक http://mis.dsywmp.gov.in/sports_scholarship/default.aspx# है।

इस लिंक के माध्यम से खिलाड़ी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यदि किसी खिलाड़ी द्वारा संबंधित जिला कार्यालय में आवेदन जमा किया गया है तो उक्त आवेदन को कार्यालय स्तर से ऑनलाइन किया जाए। ऑनलाइन आवेदन में यदि खिलाड़ी को कोई दिक्कत आ रही है तो वह संबंधित जिला कार्यालय में आवेदन जमा कर सकता है। संभागीय/जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी आवेदन में संलग्न अभिलेखों का नियमानुसार मूल अभिलेख से परीक्षण कर पात्र खिलाड़ियों की सूची अनुसंशा सहित संचालनालय को प्रेषित करेंगे।

खेलवृत्ति पात्रता संबंधी दिशा-निर्देश

दिनांक 01 अप्रैल 2020 को खिलाड़ी की आयु 19 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। खिलाड़ी को मध्य प्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है। खेल वृत्ति हेतु आवेदन करने के लिए पूर्व के वित्तीय वर्ष में खिलाड़ी द्वारा अधिकृत राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में पदक प्राप्त किया हो। दिव्यांग वर्ग की अधिकृत राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में पदक अर्जित करने वाले खिलाड़ी को भी खेलवृति की पात्रता होगी। खेल संघों द्वारा आयोजित मान्यता प्राप्त राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक अर्जित करने वाले पात्र खिलाड़ियों को प्रति वर्ष क्रमशः 10 हजार रुपये, 8 हजार रुपये एवं छह हजार रुपये के मान से खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी। खिलाड़ियों को खेलवृति के लिए संचालनालय द्वारा निर्धारित प्रपत्र में संबंधित जिला खेल और युवा कल्याण कार्यालय में 31 मई, 2020 तक अपने आवेदन अनिवार्यतः जमा करना होगा।

इसी प्रकार समान प्रतियोगिता में पात्रता वाले खिलाड़ियों को वरीयता स्वर्ण, रजत, कांस्य पदक अनुसार दी जावेगी। उक्त दोनों परिस्थितियों में समान पात्रता रखने वाले खिलाड़ियों में अधिक आयु वाले खिलाड़ी को वरीयता दी जाएगी। एक खिलाड़ी द्वारा एक से अधिक प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त करने की स्थिति में भी एक ही खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी। अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में खेल वृत्ति हेतु स्वर्ण पदक हेतु 8 टीम, रजत हेतु 12 टीम एवं कांस्य पदक हेतु 16 टीम की भागीदारी होना अनिवार्य है। इससे कम टीम होने पर खेलवृत्ति की पात्रता नहीं होगी। वाटर-स्पोर्ट्स, घुड़सवारी एवं शूटिंग जैसे खेलों जिनकी कि प्रदेश में खेल अधोसंरचना सीमित है, पर यह नियम लागू नहीं होगा। खेल अकादमी, प्रशिक्षण केंद्र अथवा खेल छात्रावास में निवासरत खिलाड़ियों को खेलवृत्ति की पात्रता नहीं होगी। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) या अन्य किसी स्त्रोत से खेलवृत्ति प्राप्त कर रहे खिलाड़ी भी खेलवृति के लिए पात्र नहीं होंगे।

केंद्र सरकार ने खेल परिसर और स्टेडियम को खोलने की अनुमति दी

नई दिल्ली, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार देश में खेल परिसरों और स्टेडियमों को खोला जाएगा। हालांकि इन परिसरों में दर्शकों को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। सरकार के इस फैसले से देश में खिलाड़ियों के अभ्यास के रास्ते तो खुल ही जाएंगे, बल्कि खेल और टूर्नामेंट्स के आयोजन की तैयारी भी हो सकेगी। हालांकि बड़े टूर्नामेंट्स का आयोजन तभी हो सकेगा, जब विदेशी खिलाड़ियों को वीजा मिलना शुरू होगा।

खेल परिसर के खुलने से अब खिलाड़ी स्टेडियम में अभ्यास कर सकेंगे। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) भी देशभर के सेंटरों में खिलाड़ियों का अभ्यास सत्र आयोजित कर सकेगा। ओलिंपिक खेलों की तैयारी कर रहे खिलाड़ी काफी समय से अभ्यास की अनुमति भी मांग रहे थे। साई ने खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए गाइडलाइन भी तैयार कर ली है।

स्टेडियम खुल जाने के बाद अब बीसीसीआई के लिए घरेलू टूर्नामेंट आयोजित कराना आसान हो जाएगा। बीसीसीआई ईरानी ट्रॉफी जैसे टूर्नामेंट बिना दर्शकों के भी आयोजित कर सकता है। इसके अलावा घरेलू टूर्नामेंट भी तय समय पर हो सकेंगे।

पार्क ह्यून क्यूंग ने जीती कोरियन एलपीजीए चैम्पियनशिप

सियोल, दक्षिण कोरिया की युवा गोल्फर पार्क ह्यून क्यूंग ने प्रतिष्ठित कोरियन एलपीजीए चैम्पियनशिप का खिताब जीत लिया है। दक्षिण कोरिया में कोरोना वायरस के बाद खेला गया यह पहला टूर्नामेंट है। क्यूंग ने टूर्नामेंट के अंतिम दौर में पांच अंडर पार 67 स्कोर किया। इस टूर्नामेंट में बाए सियोन वू दूसरे और लिम ही जियांग तीसरे स्थान पर रहीं। इस टूर्नामेंट में विश्व की शीर्ष 10 महिला गोल्फरों में से 3 गोल्फर ने हिस्सा लिया। यह टूर्नामेंट बिना दर्शकों के खेला गया।

इंग्लैंड में फुटबॉल को शुरू करने के लिए बनाया गया प्रोजेक्ट रीस्टार्ट

लंदन, इंग्लैंड में कोरोना के कारण बंद फुटबॉल को दोबारा शुरू करने के लिए प्रोजेक्ट रीस्टार्ट बनाया गया है। इस प्रोजेक्ट का उद्देश्य इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) को दोबारा शुरू करना है। इस प्रोजेक्ट के तहत खिलाड़ियों के लिए नया ट्रेनिंग प्रोटोकॉल बनाया गया है। यह प्रोटोकॉल लीग के सभी 20 क्लबों को भेज दिया गया है। इस प्रोजेक्ट के तहत पहला चरण शुरू हो गया है। ईपीएल की टीमों के खिलाड़ियों ने छोटे-छोटे ग्रुप में ट्रेनिंग शुरू कर दी है।

इंग्लैंड के डायरेक्टर ऑफ फुटबॉल रिचर्ड गालिर्क ने कहा कि हम ईपीएल लीग शुरू करने की दिशा में प्रयासरत हैं। हमने मैदान पर निरीक्षक की नियुक्ति की है। यह निरीक्षक ट्रेनिंग के दौरान देखेगा कि क्लब सुरक्षा गाइडलाइन का पालन कर रहे हैं या नहीं।

- प्रोजेक्ट रीस्टार्ट में हर ट्रेनिंग सेशन के बाद कॉर्नर फ्लैग, बॉल, गोलपोस्ट और मैदार को सेनिटाइज किया जायेगा।
- हर दिन ट्रेनिंग से पहले खिलाड़ियों के शरीर का तापमान चेक किया जायेगा।
- ट्रेनिंग के दौरान एक ग्रुप में 5 से ज्यादा खिलाड़ी अभ्यास नहीं कर सकेंगे।
- ट्रेनिंग सेशन 75 मिनट से ज्यादा बड़ा नहीं होगा।
- सभी टीमों को सोशल डिस्टेंसिंग के नियमों का पालन करना होगा।
- सप्ताह में दो बार खिलाड़ियों की टेस्टिंग की जाएगी।

ओलिंपिक क्वॉलिफायर की तारीखें जल्द की जाएं घोषित

लुसाने, अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (आईओसी) ने सभी अंतर्राष्ट्रीय महासंघों से टोक्यो ओलिंपिक-2020 के क्वॉलिफायर टूर्नामेंट्स की तारीखों को जल्द तय करने को कहा है। साथ ही कोरोना वायरस के कारण टूर्नामेंट्स को रद्द करने सहित सभी तरह की संभावनाओं के लिए आपात योजना मसौदा बनाने में मदद करने को कहा है। आईओसी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय महासंघों के कैलेंडर में अनिश्चितता को देखते हुए कुछ प्रतियोगिताओं की तारीखों और स्थान पर अब भी फैसला किया जाना बाकी है। उल्लेखनीय है कि आईओसी ने पिछले महीने ओलिंपिक के क्वॉलिफिकेशन के लिए 29 जून 2021 तक की समय सीमा तय की है।

इंग्लैंड दौरे पर चार्टर्ड प्लेन से जाएंगे पाकिस्तानी खिलाड़ी

लाहौर, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने राष्ट्रीय टीम को जुलाई 2020 में इंग्लैंड दौरे पर जाने की मंजूरी प्रदान की है। पीसीबी ने बताया कि 25 पाकिस्तानी खिलाड़ी 4 चार्टर्ड विमान (प्लेन) से इंग्लैंड जाएंगे। इंग्लैंड में सभी खिलाड़ियों का कोरोना टेस्ट होगा और उसके बाद सभी खिलाड़ी 14 दिन क्वारेंटाइन में रहेंगे। पीसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वसीम खान ने बताया कि इंग्लैंड दौरे पर सभी मैच बगैर दर्शकों के खेले जाएंगे। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को इंग्लैंड दौरे पर जाने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा। पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच इस दौरे पर 3 टेस्ट और 3 वनडे मैचों की सीरीज 30 जुलाई से दो सितंबर के बीच खेली जाएगी। सीरीज का पहला टेस्ट लॉर्ड्स (लंदन), दूसरा टेस्ट मैनचेस्टर तथा तीसरा टेस्ट नॉटिंघम में खेला जाएगा।

कोरोना से निपटने के लिए आईओसी ने बनाया फंड

लुसाने, अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (आईओसी) ने कोरोना वायरस से हो रही वित्तीय परेशानियों से निपटने के लिए 80 करोड़ डॉलर का फंड बनाया है। आईओसी के अध्यक्ष थॉमस बाक ने बताया कि यह फंड कोरोना महामारी के आर्थिक दुष्परिणामों से निपटने के लिए बनाया गया है। इस फंड के दो हिस्से हैं। पहला 65 करोड़ डॉलर का है, जो ओलिंपिक स्थगित होने की लागत के रूप में तथा दूसरा हिस्सा 15 करोड़ डॉलर का है जो ओलिंपिक की सहायता पैकेज के रूप में होगा। बाक ने कहा कि आईओसी के पास लगभग एक अरब डॉलर का रिजर्व फंड है।

लार के उपयोग पर प्रतिबंध का प्रस्ताव

दुबई, अनिल कुंबले की अगुवाई वाली आईसीसी क्रिकेट समिति ने कोरोना वायरस के संक्रमण को देखते हुए गेंद को चमकाने के लिए लार के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की है। इसके अलावा समिति ने सभी अंतर्राष्ट्रीय मैचों के लिए दो गैर-तटस्थ अंपायरों को वापस लाने पर भी जोर दिया है। उल्लेखनीय है कि क्रिकेट में गेंद को स्विंग और रिवर्स स्विंग कराने के लिए लार तथा पसीने को गेंद के एक ही हिस्से पर लगाया जाता है; ताकि गेंद का वह हिस्सा चमकीला हो जाए। कोरोना के कारण अब गेंद पर लार या पसीने का उपयोग नहीं हो सकेगा।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

सामयिकी

एक्स-37 बी

अमेरिका ने अंतरिक्ष में भेजा

अमेरिका ने छठवीं बार एक्स-37 बी नाम के अंतरिक्ष यान को एक गोपनीय मिशन पर अंतरिक्ष में भेजा है।



इसे फ्लोरिडा के केप कार्निवल से एटलस-वी रॉकेट की मदद से लॉन्च किया गया। इस अंतरिक्ष यान को ऑर्बिटल टेस्ट व्हीकल के नाम से भी जाना जाता है। यह छोटे रिसर्च सैटेलाइट फाल्कन सैट 8 को भी वहाँ तैनात करेगा, ताकि कुछ और प्रयोग किए जा सकें।

कोविड-19 से मुकाबला करने

विश्व स्वास्थ्य संगठन की वर्चुअल बैठक हुई संपन्न

विश्व स्वास्थ्य संगठन की विश्व स्वास्थ्य असेम्बली का दो दिवसीय 73वां सत्र संपन्न हो गया है। कोविड-19 से निपटने के ऐहतियाती उपायों के मद्देनजर इस सत्र का दो सप्ताह के बजाय दो दिन का वर्चुअल आयोजन किया गया था। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने वर्चुअल असेम्बली में हिस्सा ले रहे सदस्य देशों से कहा कि यह समय एकता, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के साथ एकजुटता से काम करने और इस वायरस तथा उसके तबाही भरे नतीजों को रोकने का है। यूएन प्रमुख ने कहा कि इस संकट के दौरान महिलाओं, वृद्धजनों, बच्चों, कम आय वाले श्रमिकों पर ज्यादा असर हुआ है और इसलिए राहत प्रयासों में उनका विशेष ध्यान रखे जाने की जरूरत है। उनका मानना है कि विकसित देश ये प्रयास अपने बल पर कर सकते हैं, लेकिन विकासशील देशों को जरूरी संसाधन मुहैया कराए जाने होंगे। गुटेरेस ने उन सभी स्वास्थ्य व राहतकर्मियों का शुक्रिया अदा किया है जो इस महामारी के खिलाफ लड़ाई में अग्रिम मोर्चे पर डटे हैं।

वहीं विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक डॉक्टर टैड्रॉस एडहेनॉम घेबरेयेसस ने कहा है कि "इस बैठक में विश्व स्वास्थ्य संगठन और उसके सदस्य देशों की जिम्मेदारी निर्धारित की गई है और सरकार व समाज के स्तर पर पूर्ण व समन्वित प्रयासों की जरूरत को पहचाना गया है, जिसकी हम महामारी के शुरुआती दिनों से ही बात कर रहे हैं।"

World Health Organization

विश्व स्वास्थ्य असेम्बली में पारित प्रमुख प्रस्ताव :

- कोविड-19 महामारी से मुकाबला करने में सभी गुणवत्तापरक और जरूरी स्वास्थ्य टेक्नोलॉजी का न्यायसंगत रूप से वितरण वैश्विक प्राथमिकता होगा।
- कोविड-19 वैक्सीन को सार्वजनिक स्वास्थ्य की बेहतरी के लिए जरूरी घोषित किया जाएगा, ताकि महामारी के अन्त के लिए उसे सभी तक पहुँचाया जा सके।
- निजी क्षेत्र और सरकार द्वारा पोषित रिसर्च में पारस्परिक सहयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।

तटरक्षक बल के बेड़े में एक गश्ती पोत और दो नौकाएं शामिल

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने तटरक्षक बल के देश में बने एक गश्ती जहाज 'सचेत' और दो इंटरसेप्टर नौकाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंस से राष्ट्र को समर्पित किया। तटरक्षक बेड़े में अब 150 पोत और नौकाएं हो गई हैं। अत्याधुनिक नौवहन तथा संचार उपकरणों से लैस 'सचेत' गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा देश में डिजाइन व निर्मित किया गया है।

105 मीटर लंबे पोत 'सचेत' का वजन लगभग 2,350 टन है और यह 9,100 किलोवाट के दो डीजल इंजनों द्वारा संचालित होता है जिन्हें 6,000 नॉटिकल मील की सहनशक्ति के साथ 26 समुद्री मील (नॉट) की अधिकतम गति से चलने लायक डिजाइन किया गया है।

कोरोना वैक्सीन का अमेरिका में ह्यूमन ट्रायल सफल रहा

moderna

- कंपनी के अनुसार क्लीनिकल ट्रायल के पहले चरण में एलर्जी और संक्रामक रोगों के राष्ट्रीय संस्थान ने मार्च में चुने गए लोगों को वैक्सीन के डोज दिए थे।

अमेरिका ने घोषणा की है कि उनके देश में कोरोना वैक्सीन का ह्यूमन ट्रायल सफल रहा है। यह पहला ट्रायल था और इस ट्रायल में अमेरिका की कंपनी बायोटेक मॉडर्ना ने वैक्सीन के प्रभाव को सुरक्षित पाया है।

कंपनी बायोटेक मॉडर्ना के अनुसार वैक्सीन के डोज के बाद इन वॉलिंटियर्स में एंटीबॉडीज के स्तर उतने ही पाए गए जितने कोरोना से ठीक होने वाले मरीज में पाए जाते हैं। वैज्ञानिक अभी भी इस बात की खोज कर रहे हैं कि एंटीबॉडीज का कितना स्तर कोरोना से अंत के बचाव के लिए जरूरी है। माना जा रहा है कि जुलाई के अंत तक बड़े स्तर पर ट्रायल शुरू हो जाएगा।

अधिकतर देशों ने खोला लॉकडाउन

दुनिया के लगभग 80 देशों ने कोरोना से बचाव के लिए लॉकडाउन लगाया था। इनमें से कम से कम 40 देशों में लॉकडाउन खुल चुका है। यह दावा औरा विजन समेत अन्य रिसर्च एजेंसियों की रिपोर्ट में किया गया है। लॉकडाउन खोलने वाले देशों में फिर से कई उद्योग, दुकानें, बीच और अन्य स्थल खुल चुके हैं। लॉकडाउन खोलने वाले सबसे ज्यादा 26 देश यूरोप के हैं, जबकि कोरोना प्रभावित टॉप 10 देशों में 6 देश यूरोप के ही हैं। इनके अलावा अमेरिका और एशियाई देशों में लॉकडाउन खुला है। इन देशों की सरकारों का मानना है कि अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए लॉकडाउन खोलना जरूरी है।

कई देश अब सीमाएं खोलने पर भी जोर दे रहे हैं। कुछ ने इसकी तारीखों का ऐलान भी कर दिया है। जैसे - बेल्जियम, जर्मनी और स्विट्जरलैंड 15 जून से विदेशी पर्यटकों को आने देने की योजना बना रहे हैं।

इसकी घोषणा वे इस महीने के आखिरी में कर सकते हैं। ग्रीस। जुलाई से विदेशी पर्यटकों के लिए बॉर्डर खोलने जा रहा है। इटली 3 जून से सीमाएं खोलेगा। नीदरलैंड्स ने कुछ देशों के यात्रियों को आने की अनुमति दी है। पोलैंड 13 जून से सीमाएं खोल सकता है। दुनिया के लगभग सभी देश कोरोना से प्रभावित हैं। 21 मई दोपहर 3:24 बजे तक विश्व भर में कोरोना पीड़ितों की संख्या 51 लाख 5 हजार 897 हो गई है। जबकि 3,30,003 मौतें हुई हैं। चीन को छोड़ बाकी देशों ने मार्च या अप्रैल में लॉकडाउन लगाया था।

त्साई इंग-वेन

दोबारा बनीं ताइवान की राष्ट्रपति

ताइवान में हाल ही में दोबारा राष्ट्रपति चुनी गईं त्साई इंग-वेन अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत कर रही हैं।

- अपने दूसरे कार्यकाल में ताइवान की राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने चीन से रिश्ते सुधारने पर जोर दिया।
- उन्होंने कहा कि वे चीन के साथ एक देश-दो सिस्टम के मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं करेंगी।

इस दौरान उन्होंने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ सह अस्तित्व के आधार पर बातचीत की पेशकश भी की है।

ज्ञात रहे कि चीन हमेशा से ताइवान को अपना अभिन्न हिस्सा मानता है, जबकि ताइवान हमेशा से अपने आपको एक अलग देश बताता रहा है। हालांकि 63 वर्षीय त्साई इंग-वेन के पिछले कार्यकाल के दौरान चीन ने ताइवान से अपने सभी प्रकार के

संबंधों को खत्म कर दिया था।

उन्होंने कहा कि चीन और ताइवान के संबंध ऐतिहासिक मोड़ पर पहुंच गए हैं। दोनों पक्षों का कर्तव्य है कि वे दीर्घकालिक रूप से सह-अस्तित्व का रास्ता खोजें और दुश्मनी या मतभेदों को बढ़ने से रोकें। उन्होंने यह भी कहा कि मुझे उम्मीद है कि चीन का नेतृत्व जिम्मेदारी लेगा और साथ मिलकर दोनों देशों के संबंधों तथा दीर्घकालिक विकास के लिए काम करेगा।

ब्रिटेन में लॉकडाउन खुला

ब्रिटेन में लॉकडाउन खुल गया है और लोग अपने काम पर लौटने लगे हैं। इसी के साथ यूरोप के अन्य देशों में भी लॉकडाउन

- 25 मार्च से शुरू हुए लॉकडाउन को 18 मई को खोला गया है। लोग काम पर लौटने लगे हैं।
- इटली में चर्च खुले लेकिन सोशल डिस्टेंसिंग का पालन जरूरी है।
- स्पेन के कम संक्रमित क्षेत्रों में रेस्तरां, बार, सैलून खुले हैं।
- बेल्जियम, ग्रीस, पुर्तगाल में स्कूल शुरू कर दिए गए हैं।

खुलना शुरू हो गया है। लोगों के काम पर लौटने के लिए सरकार ने 3 हजार से अधिक ट्रेनें शुरू कर दी हैं। सारी ट्रेन खचाखच भरी हुई हैं। अधिकारियों के अनुसार तकरीबन 15 हजार ट्रेन रोज चल रही हैं। अखबार 'द ऑब्जर्वर' के सर्वे के मुताबिक ब्रिटेन में 42 फीसदी लोग मानते हैं कि सरकार कोरोना संकट का मुकाबला करने में विफल रही है। ब्रिटेन से जुड़े स्कॉटलैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड में सख्त लॉकडाउन जारी है।

एफ-22

अमेरिका का लड़ाकू विमान फ्लोरिडा में क्रैश

- यह दुनिया के सबसे उन्नत फाइटर जेट्स में से एक है।
- अमेरिका में सैन्य अभ्यास के दौरान यह घटना हुई।

अमेरिका का लड़ाकू विमान एफ-22 फ्लोरिडा में नियमित उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। अमेरिका ने हाल ही में अपनी थल, जल और वायुसेना को अलर्ट रहने के साथ नियमित प्रशिक्षण का आदेश दिया है।

यह विमान फ्लोरिडा में नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना बेस के उत्तर-पूर्व में 12 मील की दूरी पर एक प्रशिक्षण रेंज पर हुई। वायुसेना ने कहा कि दुर्घटना में किसी तरह की नागरिक संपत्ति का नुकसान नहीं हुआ है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

पाठकों के लिए 'हमसे पूछिये' स्तम्भ का प्रकाशन किया जा रहा है। इस स्तम्भ के लिये 'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों से कॅरियर संबंधी सवाल आमंत्रित किये जाते हैं।

इन सवालों के जवाब प्रोफेसर जयंतीलाल भंडारी देते हैं। पाठक अपने सवाल नीचे दिये गये पते पर भेजकर कॅरियर संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। पाठक पत्र लिखते समय पोस्टकार्ड या लिफाफे के ऊपर 'हमसे पूछिये' कॉलम जरूर लिखें।

रोज़गार और निर्माण
(हमसे पूछिये)
40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल, मध्यप्रदेश
पिनकोड-462 011

❍ मैं ई-कॉमर्स के क्षेत्र में कॅरियर बनाना चाहता हूँ। इस क्षेत्र में कॅरियर की क्या संभावनाएँ हैं ? क्या देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर में यह कोर्स उपलब्ध है ?

- गौतम सचदेव, इंदौर

● निश्चित रूप से ई-कॉमर्स में कॅरियर की अच्छी संभावनाएँ हैं। कोविड-19

ने देश और दुनिया में ई-कॉमर्स बाजार की डगर को आसान बना दिया है। डेलॉय इंडिया और रिटेल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की नई रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत का ई-कॉमर्स बाजार वर्ष 2021 तक 84 अरब डॉलर का हो जाएगा, जो कि 2017 में महज 24 अरब डॉलर था। लेकिन अब कोविड-19 के बाद जिस तरह ई-कॉमर्स बढ़ने की संभावना दिखाई दे रही है। उससे अनुमान किया गया है कि वर्ष 2028 तक यह कारोबार 200 अरब डॉलर तक पहुँच सकता है। निसंदेह ई-कॉमर्स ने देश में खुदरा कारोबार में क्रांति ला दी है। देश में इंटरनेट के उपयोगकर्ताओं की संख्या इस समय करीब 62 करोड़ से भी अधिक होने के कारण देश में ई-कॉमर्स की रफ्तार तेजी से बढ़ रही है। कोविड-19 के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था को ढहने से बचाने और दुनिया की सर्वाधिक करीब 1.9 प्रतिशत विकास दर के स्तर की संभावना के पीछे भी एक कारण भारत का ई-कॉमर्स बाजार भी है।

कोविड-19 के बाद आगामी वित्त वर्ष 2021-22 में भारतीय अर्थव्यवस्था के पटरी पर आने की जो संभावना वैश्विक संगठनों ने बताई है, उसके पीछे भी ई-कॉमर्स की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उल्लेखनीय है कि विश्व प्रसिद्ध ग्लोबल डेटा एजेंसी स्टेटिस्टा के द्वारा लॉकडाउन और कोविड-19 के बाद जिंदगी में आने वाले बदलाव के बारे में जारी की गई वैश्विक अध्ययन रिपोर्ट के मुताबिक 46 प्रतिशत लोगों का मानना है कि वे अब भीड़भाड़ में नहीं जाएंगे। ऐसे में भारत में भी उपभोक्ताओं की आदत और व्यवहार में भारी बदलाव के मद्देनजर ऑनलाइन खरीददारी छलांगे लगाकर बढ़ते हुए दिखाई दे रही है। स्थिति यह है कि कोविड-19 के बीच भारत में खुदरा कारोबार (रिटेल ट्रेड) के ई-कॉमर्स बाजार की संभावनाओं को मुट्ठियों में करने के लिए दुनियाभर की बड़ी-बड़ी ऑनलाइन कंपनियों के साथ-साथ भारत के व्यापारिक संगठनों के द्वारा भी स्थानीय किराना दुकानों व कारोबारियों को ऑनलाइन जोड़ने के प्रयास की नई रणनीति बनाई जा रही है। गौरतलब है कि लॉकडाउन के बीच रिलायंस जियो और फेसबुक में ई रिटेल शॉपिंग में उतरने के लिये बड़ी डील हुई है। फेसबुक ने जियो प्लेटफॉर्म्स में 5.7 अरब डॉलर लगाकर 9.9 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदने की घोषणा की है। अब रिलायंस का जियोमार्ट और फेसबुक का वाट्सएप प्लेटफॉर्म मिलकर भारत के करीब 3 करोड़ खुदरा कारोबारियों और किराना दुकानदारों को पड़ोस के ग्राहकों के साथ जोड़ने का काम करेंगे। इनके लेन-देन डिजिटल होने से पड़ोस की दुकानों से ग्राहकों को सामान जल्द मिलेगा और छोटे दुकानदारों का कारोबार भी बढ़ेगा। भारत में वाट्सएप के करीब 40 करोड़ यूजर्स हैं, जबकि जियो के 38 करोड़ ग्राहक हैं।

इसी तरह जहाँ एमेजॉन, फ्लिपकार्ट-वालमार्ट और स्नैपडील जैसी अधिकांश ई-कॉमर्स कंपनियों ने भारत में किराना और ऑफलाइन स्टोर को अपने साथ जोड़ने की नई पहल शुरू की है, वहीं ऑफलाइन रिटेल एसोसिएशन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) ने भी उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के साथ मिलकर देश के 7 करोड़ कारोबारियों के लिए राष्ट्रीय ई-कॉमर्स बाजार तैयार करने की रणनीति बनाने का संकेत दिया है। सीएआईटी का कहना है कि इस रणनीति के तहत एक ऐसी व्यवस्था विकसित की जाएगी, जहाँ स्थानीय किराना दुकानें ऑनलाइन ऑर्डर लेने में सक्षम हो सकेंगी और दूरदराज तक निर्बाध किफायती आपूर्ति और डिजिटल भुगतान दोनों ही सुनिश्चित हो सकेंगे। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर सहित मध्यप्रदेश के लगभग सभी विश्वविद्यालयों में ई-कॉमर्स के कोर्स उपलब्ध हैं।

❍ मैं बी.काम. कर रहा हूँ। कृपया मुझे वर्क फ्रॉम होम के बारे में जानकारी दें?

- आनंद धनवानी, शुजालपुर

● जब कभी किसी कंपनी या कारोबारी संस्थान के द्वारा कर्मचारियों को घर से

ही काम करने की सुविधा दी जाती है, तो इसे वर्क फ्रॉम होम कहा जाता है। वर्क फ्रॉम होम के लिए अच्छी कम्प्यूटर स्किल्स जरूरी है। कोविड-19 की वजह से लॉकडाउन ने यह साबित कर दिया है कि कई सेक्टर्स में वर्क फ्रॉम होम मुमकिन है। आने वाले समय में इसका चलन बढ़ सकता है। इसके साथ-साथ अब रिमोट वर्क भी हकीकत बन सकता है। रिमोर्ट वर्क का अर्थ है कि आप अपना काम दफ्तर के बजाय किसी दूसरी जगह से करें। यह आपका घर, मॉल, कैफे आदि हो सकता है। दफ्तर से बाहर काम करने के अपने फायदे और नुकसान हैं। इसके लिए कंपनी और कर्मचारी दोनों को विशेष ध्यान रखना होता है। वर्क फ्रॉम होम का अर्थ नहीं कि आप सारा समय काम करते रहें। कर्मचारी और कंपनियों, दोनों को ही यह समझना होता है कि निजी जीवन के लिए समय निकलना अहम है। इसलिए अपने काम के समय को निर्धारित रखना जरूरी है। साथ ही, कर्मचारियों को अपने काम के प्रति ईमानदार रहना चाहिए। वे दफ्तर की तरह घर में भी ब्रेक ले सकते हैं, मगर काम की प्राथमिकता को कम नहीं कर सकते। वस्तुतः जब दुनिया कोरोना वायरस जैसी महामारी के खिलाफ जंग लड़ रही है तो कंपनियों के लिए वर्क फ्रॉम होम पहले की तुलना में अधिक चलन में आ गया है। लॉकडाउन के बीच भारत की कई कंपनियों ने भी इसे अपनाया और कर्मचारियों से घर से ही काम करवाया गया है। कई कंपनियों का कहना है कि लॉकडाउन के बीच वर्क फ्रॉम होम के दौरान उनके कर्मचारी खुश हैं और उन्होंने बेहतर प्रोडक्टिविटी भी दी हैं।

❍ ओशियनोग्राफी के क्षेत्र में कॅरियर के कौन-कौन से अवसर हैं। ओशियनोग्राफी कोर्स से संबंधित प्रमुख इंस्टीट्यूशंस की जानकारी भी दें।

- जुगल कोठारी, सांवेर

● समुद्र विज्ञान अर्थात ओशियनोग्राफी के अंतर्गत समुद्र से संबंधित सभी

पहलुओं का गहन अध्ययन किया जाता है। गौरतलब है कि समुद्र विज्ञान एक अंतर्विषयक विज्ञान है जो कि जीव विज्ञान, भू-विज्ञान, मौसम विज्ञान, रसायन विज्ञान तथा भौतिक विज्ञान के सिद्धांतों को एकीकृत करता है। समुद्र विज्ञान के अंतर्गत नमूने एकत्र करना, सर्वेक्षण करना, सागर में अत्याधुनिक उपकरणों का इस्तेमाल करते हुए आंकड़ों का विश्लेषण करना जैसे अनेक कार्य सम्मिलित हैं। यह कॅरियर रिसर्च ओरिएंटेड है इसलिए आपको दीर्घावधियों के लिए समुद्र में रहना होता है तथा इस दौरान समुद्र की सभी चुनौतियों तथा जोखिमों का सामना भी करना पड़ता है। समुद्र विज्ञान का कोर्स करने के उपरांत विभिन्न सरकारी तथा निजी संस्थानों में वैज्ञानिक, इंजीनियर अथवा तकनीशियन के रूप में रोज़गार के अवसर हैं। सरकारी क्षेत्र के संगठनों में आप ऑयल इंडिया, भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण संगठन, भारतीय मौसम वैज्ञानिक सर्वेक्षण संगठन तथा समुद्र विज्ञान विभाग आदि में रोज़गार प्राप्त कर सकते हैं। समुद्री उद्योग, उत्पादों तथा अनुसंधान में रुचि रखने वाली निजी क्षेत्र की कई प्रतिष्ठित कंपनियाँ भी योग्य एवं प्रशिक्षित युवाओं को काफी अच्छे वेतनमान पर रोज़गार के विभिन्न अवसर प्रदान करती हैं। हमारे देश के कई विश्वविद्यालय समुद्र विज्ञान में स्नातक, स्नातकोत्तर तथा डॉक्टरेट उपाधि प्रदान करते हैं। ओशियनोग्राफी में स्नातक उपाधि प्राप्त करने के लिए 12वीं की परीक्षा न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषय से उत्तीर्ण होना आवश्यक है। इस कोर्स में प्रवेश एंट्रेंस एग्जाम के आधार पर दिया जाता है। स्नातकोत्तर स्तर पर मरीन बायोलॉजी, समुद्री भू- विज्ञान, समुद्री भू-भौतिकी, रसायन समुद्री विज्ञान, भौतिक समुद्र विज्ञान, मौसम विज्ञान तथा ओशन लाइफ साइंसेज में एमएससी की जा सकती है। इसके उपरांत एम.फिल तथा पीएचडी भी की जा सकती है। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ ओशनोग्राफी, गोआ, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ टॉपिकल मीटीरियोलॉजी, पुणे, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ फिशरीज एजुकेशन, मुंबई, कलकत्ता विश्वविद्यालय, कोलकाता आदि समुद्र विज्ञान से संबंधित कोर्स संचालित करते हैं।

❍ मैं सिविल इंजीनियरिंग की स्टूडेंट हूँ। मैं इंजीनियरिंग की डिग्री के बाद इंडियन इंजीनियरिंग सर्विस परीक्षा (आईईएस) देना चाहती हूँ। कृपया मार्गदर्शन दें?

- सुमाया सिंह, विदिशा

● निश्चित रूप से आप **इंडियन इंजीनियरिंग सर्विस परीक्षा**

(आईईएस) देकर अच्छे कॅरियर की डगर पर आगे बढ़ सकती हैं। वे छात्र जो इंजीनियर बनकर इंजीनियरी से संबंधित सर्वोच्च गवर्मेंट सर्विस में जाना चाहते हैं, उनके लिए इंडियन इंजीनियरिंग सर्विस परीक्षा सबसे अच्छा विकल्प है। यह परीक्षा यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन (यूपीएससी) द्वारा आयोजित की जाती है। इस परीक्षा के माध्यम से वर्ग-1 सिविल इंजीनियरी, वर्ग-2- मेकेनिकल इंजीनियरी, वर्ग-3- इलेक्ट्रिकल इंजीनियरी एवं वर्ग-4-इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरी जैसे प्रतिष्ठित वर्गों में सेवा का मौका मिलता है। आईईएस परीक्षा के लिए उम्मीदवार की आयु 21 वर्ष से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए। परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इंजीनियरी में स्नातक या समकक्ष है। इंजीनियरिंग सेवा परीक्षा तीन चरणों में होती है। प्रारंभिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा तथा इंटरव्यू। आईईएस की प्रारंभिक परीक्षा अब्जेक्टिव पैटर्न पर होती है। प्रारंभिक परीक्षा में दो प्रश्नपत्र होते हैं। पहला प्रश्नपत्र सामान्य अध्ययन तथा इंजीनियरिंग एप्टीट्यूट का होता है। यह 200 अंकों का होता है। इसे हल करने हेतु दो घंटे का समय दिया जाता है। इस प्रश्नपत्र में सामान्य ज्ञान तथा इंजीनियरिंग की आधारभूत जानकारी से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं।

दूसरा प्रश्नपत्र इंजीनियरिंग के चार वर्गों में से आपके द्वारा चुने गए इंजीनियरिंग विषय से संबंधित होता है। यह 300 अंकों का होता है। इसे हल करने हेतु तीन घंटे का समय दिया जाता है। इस प्रकार प्रारंभिक परीक्षा 500 अंकों की होती है। परीक्षा में नेगेटिव मार्किंग भी होती है। प्रारंभिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवार मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होते हैं। प्रारंभिक परीक्षा के अंक अंतिम मेरिट में नहीं जोड़े जाते हैं।

मुख्य परीक्षा वर्णात्मक प्रकार की होती है। इस परीक्षा में आपके विषय से संबंधित इंजीनियरिंग के दो प्रश्नपत्र होते हैं। दोनों प्रश्न पत्र 300-300 अंकों के होते हैं। प्रत्येक प्रश्नपत्र को हल करने हेतु तीन घंटे का समय दिया जाता है। मुख्य परीक्षा 600 अंकों की होती है।

इंटरव्यू (व्यक्तित्व परीक्षण)- मुख्य परीक्षा के आधार पर अर्हता प्राप्त करने वाले उम्मीदवार इंटरव्यू जो अधिकतम 200 अंकों का होता है, के लिए आमंत्रित किए जाते हैं। मुख्य परीक्षा के अंक तथा इंटरव्यू के अंकों को जोड़कर मेरिट बनाई जाती है। परीक्षा की तैयारी हेतु अच्छी रणनीति बनाइए।

इंजीनियरिंग प्रश्नपत्रों की तैयारी के लिए आपके द्वारा इंजीनियरिंग की डिग्री की पढ़ाई करते समय जो स्तरीय पुस्तकें पढ़ी गई हैं, उन्हें आधार बनाइए। सामान्य ज्ञान की तैयारी के लिए कक्षा 6 से 12वीं तक की NCERT की पुस्तकें, प्रतिष्ठित न्यूज पेपर एवं पत्रिका का अध्ययन करें। ऊर्जा एवं पर्यावरण, साइंस एंड इंजीनियरिंग, औद्योगिक विकास, इंजीनियरिंग एवं ई-गवर्नेंस तथा करेंट अफेयर्स से संबंधित प्रश्न इस परीक्षा में बड़ी संख्या में पूछे जाते हैं। यदि अच्छे अध्ययन संदर्भों से एवं पूरे समर्पण एवं मनोयोग से इंडियन इंजीनियरिंग सर्विस एग्जामिनेशन की तैयारी की जाए तो कॅरियर की ऊँचाइयाँ प्राप्त की जा सकती हैं।

❍ रेलवे में नॉन टेक्निकल पॉपुलर केटेगरी के विभिन्न पदों, उनकी आयु सीमा तथा सिलेक्शन प्रोसेस से संबंधित जानकारी दीजिए?

- राजेश ठाकुर, महू

● रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा नॉन टेक्निकल पॉपुलर केटेगरी के अंतर्गत दो प्रकार के रिक्त पदों हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। पहला, अंडर ग्रेजुएट पोस्ट्स तथा दूसरा, ग्रेजुएट पोस्ट्स। अंडर ग्रेजुएट्स पोस्ट के अंतर्गत जूनियर क्लर्क कम टाइपिस्ट, अकाउंट्स क्लर्क कम टाइपिस्ट, जूनियर टाइम कीपर, ट्रेन क्लर्क, कमर्शियल कम टिकट क्लर्क आदि कई पद आते हैं। इन पदों हेतु आयु सीमा 18 से 30 वर्ष के बीच है। शैक्षणिक योग्यता किसी भी विषय समूह से बारहवीं उत्तीर्ण है। ग्रेजुएट पोस्ट्स के अंतर्गत ट्रेफिक असिस्टेंट, गुड्स गार्ड, सीनियर कमर्शियल कम टिकिट क्लेक्टर, सीनियर क्लर्क कम टाइपिस्ट, जूनियर अकाउंट असिस्टेंट कम टाइपिस्ट, सीनियर टाइम कीपर, कमर्शियल अप्रेंटिस, स्टेशन मास्टर आदि पद आते हैं। इन पदों हेतु आयु सीमा 18 से 33 वर्ष के बीच होती है। इन पदों हेतु शैक्षणिक योग्यता किसी भी विषय समूह से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण होना है।

गौरतलब है कि नॉन टेक्निकल पॉपुलर कैटेगरी की सिलेक्शन प्रक्रिया में प्रथम स्टेज में कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट लिया जाता है जिसे पीटी-सीबीटी कहते हैं। यह टेस्ट 90 मिनट का होता है। इसमें जनरल अवेयरनेस, मैथ्स, जनरल इंटेलीजेंस तथा रीजनिंग के कुल 100 ऑब्जेक्टिव (वस्तुनिष्ठ) प्रश्न पूछे जाते हैं। यह परीक्षा ऑनलाइन कम्प्यूटर पर होती है। इस परीक्षा को क्वालिफाई करने वाले सेकंड स्टेज कम्प्यूटर बेस्ट टेस्ट जो कि 90 मिनट का होता है, उसमें सम्मिलित होते हैं। इस स्टेज में जनरल अवेयरनेस, मैथ्स, जनरल इंटेलिजेंस एंड रीजनिंग के प्रश्न पूछे जाते हैं। कुल 120 प्रश्न होते हैं। यह परीक्षा भी ऑनलाइन कम्प्यूटर पर होती है। स्टेशन मास्टर तथा ट्रेफिक असिस्टेंट के पदों हेतु कम्प्यूटर बेस्ड एप्टीट्यूट टेस्ट (सीबीएटी) होता है। इसके उपरांत डॉक्यूमेंट वेरीफिकेशन तथा मेडिकल एग्जामिनेशन होता है, जिसमें उपयुक्त पाए जाने पर नियुक्ति प्रदान की जाती है। गैर तकनीकी लोकप्रिय कोटियों के पदों हेतु पिछले वर्ष प्रकाशित केंद्रीयकृत रोज़गार सूचना की विस्तृत जानकारी आप वेबसाइट http://www.rrbahmedabad.gov.in या http://www.rrbahmedabad.gov.in/images/CEN_01_2019_NTPC_Hindi.pdf पर जाकर देख सकते हैं।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी
(स्तंभकार देश के सीनियर कॅरियर काउंसलर हैं)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं सांध्य प्रकाश लिमिटेड, एफ-14, गोविन्दपुरा, औद्योगिक क्षेत्र, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।